**सुविचार**

जिसने कभी कोई शत्रु नहीं बनाया, उसका कोई मित्र भी नहीं बनता है।

टेनिसन

Daily

सच के हक में...

# THE PHOTON NEWS

Published from Ranchi



12

बिग बॉस-17 से बाहर आते ही मनस्वी...

Ranchi ● Wednesday, 08 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 290 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,942.40 |
| निफ्टी | : | 19,406.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,785 |
| चांदी | : | 77.05 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### एसपी अभियान के खिलाफ हुई शिकायत

**RANCHI :** रांची के एसपी अभियान अमित रेणु की ओर से तीन घंटे तक बच्चे को कमरे में अवैध तरीके से घेर कर प्रताड़ित करने के मामले में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन ने इसे गंभीरता से लिया है । मंगलवार को चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष, झारखंड के डीजीपी और सीआईडी के डीजी को पत्र लिखकर एसपी अभियान अमित रेणु सहित इस घटना में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को लिखे पत्र में कहा है कि इस पूरे घटना की जांच कर एसपी अभियान अमित रेणु सहित अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

### पश्चिमी सिंहभूम में दो आईईडी बरामद

**CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के लेमसाडीह के समीप से सुरक्षाबलों ने दो आईईडी बम बरामद किया है। बरामद आईईडी बम में एक छह किलो और दूसरा एक किलो का बताया गया है। दोनों आईईडी बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने मंगलवार को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ सर्च के दौरान सुरक्षाबलों को लक्षित करने के लिए लगाये गये दो आईईडी बम को पुलिस ने बरामद किया। दोनों आईईडी बम को घटनास्थल पर ही सुरक्षाबलों ने डिफ्यूज कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों के सफाये तक इलाके में सर्च अभियान जारी रहेगा।


### चीन-पाक की सीमा पर तैनात होगी 'प्रलय' मिसाइल

**NEW DELHI :** भारत ने मंगलवार को सुबह 9:50 बजे ओडिशा के तट के पास अब्दुल कलाम द्वीप से प्रलय शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। इस मिसाइल की परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक थी। यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता 500 किमी. तक है। इसके अलावा इसकी मारक क्षमता वारहेड के वजन पर निर्भर करती है। रक्षा मंत्रालय ने प्रलय बैलिस्टिक मिसाइलों को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनाती को मंजूरी दी है। भारत इस मिसाइल को अपनी रॉकेट फोर्स में भी शामिल करने पर विचार कर रहा है। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल 'प्रलय' का उड़ान परीक्षण ओडिशा तट के कलाम द्वीप से किया। आज किये गए परीक्षण में मिसाइल की रेंज 475 किलोमीटर तक थी। मिशन ने अपने सभी उद्देश्यों को पूरा किया। इस दौरान निगरानी उपकरणों के जरिए तट रेखा से इसके प्रक्षेपण की निगरानी की गई।

# बम धमाकों-नक्सली मुठभेड़ के बीच छत्तीसगढ़ में 70.78% मतदान

## 20 विधानसभा सीटों पर हुई वोटिंग, चुनाव खत्म होने से पहले ही भाजपा-कांग्रेस के दावे शुरू

**विस चुनाव 2023**



**AGENCY RAIPUR :** बम धमाकों और नक्सली मुठभेड़ के बीच छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण का मतदान संपन्न हो गया। पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग की सभी 12 सीटों समेत कुल 20 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हुई। शाम पांच बजे तक 70.78 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। सबसे ज्यादा मतदान अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित भानुप्रतापपुर विधानसभा सीट पर हुआ। यहां 79.1 फीसदी लोगों ने मतदान किया। बीजापुर में सबसे कम 40.98 फीसदी वोट पड़े। वोटिंग खत्म होने से पहले ही कांग्रेस- बीजेपी ने अपने-अपने दावे करने शुरू कर दिए।



96 साल के नेत्रहीन पु जदावला आइजोल में वोट डालने पहुंचे।

### नारायणपुर में नक्सलियों की एसटीएफ से मुठभेड़

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों के जवानों की मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों ने नारायणपुर जिले में स्थित कोंटा (एसटी) विधानसभा सीट के एक बूथ के पास दहशत फैलाने के इरादे से ओरछा थाना क्षेत्र के तादुर के जंगल में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के जवानों पर फायरिंग कर दी। डीआरजी के जवानों ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ मिलकर जवाबी कार्रवाई की। 10 मिनट तक दोनों ओर से गोलीबारी होती रही। हालांकि, 10 मिनट के बाद नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। पुलिस का दावा है कि गोलीबारी में कई नक्सली या तो घायल हो गए हैं या मारे गए हैं। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक किसी नक्सली का शव बरामद नहीं हुआ था। घटनास्थल से पुलिस ने एक एके-47 राइफल बरामद किया। छत्तीसगढ़ पुलिस ने कहा कि नक्सलियों ने दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग की थी।

### मिजोरम में 77.04% वोटिंग

#### 101 साल के बुजुर्ग से लेकर नेत्रहीन ने डाला वोट

**AIZAWL :** मिजोरम की 40 विधानसभा सीटों पर मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू हुई वोटिंग शाम 4 बजे खत्म हो गई। अब वो ही लोग वोट डाल पा रहे हैं, जो पोलिंग बूथ के अंदर आ गए थे। राज्य में 77.04 प्रतिशत मतदान हुआ। सेरछिप में सबसे ज्यादा 77.78 प्रतिशत तो सियाहा में सबसे कम 52.02 प्रतिशत मतदान हुआ। आइजोल में 65.06 प्रतिशत वोटिंग हुई। मिजोरम में 2018 के विधानसभा चुनाव में 81.61 प्रतिशत वोट पड़े थे। गवर्नर हरि बाबू कंभमपति ने आइजोल साउथ में सुबह 8:15 बजे वोटिंग की। मुख्यमंत्री जोरमथंगा सुबह 7 बजे के करीब वोट डालने आए थे, लेकिन एशट मशीन में खराबी के चलते लौट गए। चार घंटे बाद वापस आकर उन्होंने वोट डाला। वहीं, मिजोरम कांग्रेस के अध्यक्ष लालसावता ने दावा किया कि मिजोरम में हम पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। हम 22 सीट जीतने जा रहे हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेपीएम) के कार्यकारी अध्यक्ष और आइजोल नॉर्थ-3 से पार्टी के उम्मीदवार के सपडांगा ने भी अपना वोट डाला। सत्ताधारी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेपीएम और कांग्रेस ने सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ा।

# धारा 498-ए को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहीं महिलाएं : HC

## मामूली विवाद पर आवेश में आकर मामले किए जा रहे दायर

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आईपीसी की धारा 498ए (महिला पर उसके पति या ससुराल वालों के द्वारा की गई क्रूरता) के दुरुपयोग पर चिंता जाहिर की है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अपने ससुराल वालों से असंतुष्ट पत्नियां कानून के इस प्रावधान का हथियार के रूप में दुरुपयोग कर रही हैं। न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने कहा कि पत्नी द्वारा बिना उचित विचार-विमर्श के मामूली विवाद पर आवेश में आकर ऐसे मामले दायर किए जा रहे हैं। अदालत ने एक महिला द्वारा उसके जेठ और जेठानी के खिलाफ दर्ज करवाई गई प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बातें कही हैं।

- एक महिला द्वारा उसके जेठ और जेठानी के खिलाफ दर्ज करवाई गई प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए दायर याचिका पर हुई सुनवाई
- कोर्ट ने चिंता जाहिर की, कहा- ससुराल वालों से असंतुष्ट पत्नियां कानून के इस प्रावधान का कर रहीं दुरुपयोग




**आपराधिक कार्यवाही को कोर्ट ने किया रद्द**

धनबाद की रहने वाली एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ यातना का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई थी, जिसे रद्द करने के लिए राकेश राजपूत और उनकी पत्नी रीना राजपूत ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरोपितों की ओर से पक्ष रख रही अधिवक्ता आशमा खानम ने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि उनके खिलाफ लगाए गए सभी आरोप झूठे हैं। क्योंकि, कथित घटना के दिन वे ट्रेन से सफर कर रहे थे। बहस सुनने के बाद अदालत ने राकेश राजपूत और उनकी पत्नी के खिलाफ धनबाद सिविल कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान के आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया।

### ईडी अफसरों के खिलाफ साजिश रचने के मामले में मांगी रिपोर्ट

**RANCHI :** बिरसा मुंडा जेल में ईडी की छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा ईडी के अधिकारियों को परेशान करने की साजिश रचने और जेल में ईडी की छापेमारी मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने ईडी से रिपोर्ट मांगी है। दरअसल मंगलवार को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष बर्खास्त आईपीएस पीएस नटराजन यौन शोषण मामले में सुषमा बड़ाईक की अपनी ही सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के खिलाफ की गई शिकायत मामले की सुनवाई की। उसकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसे सुरक्षा में मिले कांस्टेबल उसे धमका रहे हैं। इस पर कोर्ट ने सुषमा बड़ाइक से कहा कि यह बातें आप अपने क्रिमिनल अपील में सुनवाई के दौरान रख सकती है। इसी दौरान कोर्ट के समक्ष मनी लांड्रिंग के आरोपियों द्वारा जेल से ही ईडी के अधिकारियों को परेशान करने और महिला के द्वारा फंसाए जाने की साजिश रचे जाने की बात उठी। इस संबंध में कोर्ट को बताया गया कि शिकायत मिलने पर ईडी के अधिकारियों ने बीते शुक्रवार बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में छापेमारी की थी। इस पर कोर्ट ने ईडी द्वारा की गई छापेमारी एवं मनी लांड्रिंग के आरोपियों अमित अग्रवाल एवं प्रेम प्रकाश के द्वारा तथाकथित ईडी के अधिकारियों के खिलाफ साजिश रचने के मामले में ईडी से सील बंद रिपोर्ट मांगी।

### जेएमएम कार्यालय के समक्ष नंग-धड़ंग प्रदर्शन



पदर्शन करते पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के कर्मचारी।

- 123 दिनों से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के कर्मचारी

**PHOTON NEWS RANCHI :** पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सैंकड़ों कर्मचारियों ने आज नंग धड़ंग प्रदर्शन किया। संघ के कर्मचारी हरमू मैदान से नंग धड़ंग अवस्था में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय घेरने पहुंचे। वहां नारेबाजी की। जेएमएम कार्यालय के सामने भारी संख्या में पुलिस की तैनाती कर कार्यालय के सामने बेरिकेडिंग की गयी थी। बता दें कि राजभवन के समक्ष पिछले 123 दिनों से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। संघ के कर्मचारियों ने कहा कि उनलागों ने दुर्गा पूजा जैसा पर्व भी बिना पैसे के मनाया। राजभवन के समक्ष धरने पर डटे रहे। संघ के अनुसार मंत्री आलमगीर आलम ने वादा किया था कि दुर्गा पूजा के बाद उन्हें खुशखबरी मिलेगी। लेकिन अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है। संघ के कर्मचारियों ने कहा कि अब को दीवाली भी राजभवन के समक्ष ही मनानी पडेगी। सरकार तो हमें कपड़े खरीदने के लिए भी पैसे नहीं दे सकती है, इसलिए हम नंग धड़ंग प्रदर्शन करने को विवश हो गये हैं।

# सूबे में अब बीमारियों का पूर्वानुमान भी होगा जारी

## मौसम विज्ञान केंद्र तैयार कर रही डेटाबेस

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड में अब मौसमी बीमारियों का पूर्वानुमान जारी होगा। यहां के लोगों को अब एक हफ्ते पहले ही बीमारियों से जुड़ी कई तरह की जानकारी मिलेगी। इससे लोगों को कई तरह के लाभ भी मिलेंगे। आम लोगों को इससे कई तरह के फायदे होने वाले हैं। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य के विभिन्न इलाकों में होने वाली बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के बारे में बताया कि किस मौसम में जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां अधिक गंभीर हो जाती हैं। उस समय किसी क्षेत्र विशेष की जलवायु परिस्थितियां क्या हैं। इसका डेटाबेस तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने राज्य के विभिन्न इलाकों में होने वाली बीमारियों की पूरी जानकारी लेने के लिए स्वास्थ्य विभाग से मदद लेने की बात कही है।

### आईआईटी कानपुर दिल्ली में कराएगा कृत्रिम बारिश

**NEW DELHI :** यूपी के 9 शहर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा और नोएडा की एयर क्वालिटी डेंजर जोन में है। हालांकि, इससे अगले 48 घंटों में थोड़ी राहत मिलने वाली है। उत्तर-पश्चिम हवाएं प्रदूषण अपने साथ उड़ा ले जाएंगी। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि 10 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। ये हवाएं लगातार 5 से 7 दिनों तक चल सकती हैं। इससे करीब 50 प्रतिशत प्रदूषण कम होगा। इससे अलावा दिल्ली में प्रदूषण से आईआईटी कानपुर की मदद से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश करवाई जाएगी। इसको लेकर दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री गोपाल राय के कार्यालय ने आईआईटी कानपुर के प्रो. मणींद्र अग्रवाल से संपर्क किया है और कृत्रिम वर्षा करवाने के लिए कहा है।

# हमारा बुलडोजर चला तो रुकेगा नहीं : SC

## कहा- सब्र खत्म हो रहा, राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा पराली जलाना बंद करें

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकारों को पराली जलाने पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण को देखते हुए हमारा सब्र खत्म हो रहा है, अगर हमने एक्शन लिया तो हमारा बुलडोजर रुकेगा नहीं। कोर्ट ने पराली जलाने की घटनाओं पर सख्ती बरतते हुए कहा है कि राज्य सरकारें पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाएं। हम नहीं जानते कि आप कैसे करेंगे, पर इसे तत्काल रोकिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण का तत्काल समाधान होना चाहिए, इस मामले में हमारा जीरो टॉलरेंस है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने की घटना के लिए स्थानीय एसएचओ जिम्मेदार होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि प्रदूषण पर राजनीतिक लड़ाई नहीं होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाना प्रदूषण की मुख्य वजह है, दूसरा वाहनों की वजह से होने वाला प्रदूषण है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पूछा कि गाड़ियों के प्रदूषण को कम करने के लिए आपने क्या कदम उठाया। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली में स्मॉग टावर के बंद पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताते हुए दिल्ली सरकार से पूछा कि स्मॉग टावर कब काम करेंगे। कोर्ट ने कहा कि स्मॉग टावर तुरंत शुरू होना चाहिए, हम नहीं जानते सरकार कैसे स्मॉग टावर शुरू करेगी। कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी कहा कि आपको कोई ऐसा उपाय करना चाहिए कि किसान दूसरी फसलों की खेती की तरफ रुख करें। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने कोर्ट में कहा कि पराली की समस्या का समाधान न्यूनतम समर्थन मूल्य भी हो सकता है।

- कोर्ट ने कहा, हम नहीं जानते कि आप कैसे करेंगे, पर इसे तत्काल रोकिए
- पराली जलाने की घटना के लिए स्थानीय पुलिस के एसएचओ जिम्मेदार होंगे



## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव-प्रचार के दौरान मोदी ने सीधी में जनसभा को किया संबोधित

# सत्ता में रहकर कांग्रेस ने जनता को सिर्फ लूटा : PM

**AGENCY SIDHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश के लोगों के दिलों में रहते हैं, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र में अपने 10 साल के शासन में जनता को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी ने गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों से सब कुछ छीन लिया है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सीधी में एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत मध्य प्रदेश के लोगों को भगवान के रूप में स्नेहपूर्वक संदर्भित करके की।



सीधी में जनसभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद रोकने में कांग्रेस विफल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जहां भी सत्ता में आती है, वहां अपराध बढ़ जाता है। प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के बिश्रामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

### मोदी की पक्की गारंटी, देश में कोई भी गरीब परिवार भूखा नहीं सोएगा

प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, 10 साल के दौरान जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता में थी, तो उसका मुख्य ध्यान गरीबों और मध्यम वर्ग को लूटने पर था। टेलीकॉम घोटाले, कोयला घोटाले करके कांग्रेस ने आपके सैकड़ों करोड़ रुपये लूटे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हजारों करोड़ के घोटाले रुके हैं और इन घोटालों से जो पैसा हम बचा रहे हैं, उसे हम गरीबों और मध्यम वर्ग के लाभ के लिए निवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पक्की गारंटी दी कि देश में कोई भी गरीब परिवार भूखा नहीं सोएगा और इस प्रतिबद्धता को बनाए रखने के लिए उन्होंने मुफ्त राशन योजना को अगले 5 वर्षों के लिए बढ़ा दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, भले ही हम एक परिवार में 4-5 लोगों पर विचार करें, हर परिवार मुफ्त राशन योजना के कारण प्रति माह लगभग 700 से 800 रुपये बचा रहा है। आयुष्मान कार्ड के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा, अगर आयुष्मान कार्ड नहीं होता तो गरीबों की जेब से 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करने पड़ते।

### सोम ग्रुप के 50 ठिकानों पर आईटी की RAID

**BHOPAL :** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले भोपाल के सोम ग्रुप के मालिक जगदीश अरोड़ा के यहां आईटी ने छापा मारा है। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत पांच राज्यों में सोम ग्रुप के करीब 50 ठिकानों पर टीम पहुंची है। भोपाल शाहपुरा थाना क्षेत्र सहित कई जगह टैक्स चोरी के आरोप में एक साथ कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार आईटी टीम में इंदौर और मुंबई के अधिकारी शामिल हैं। भोपाल के अलावा जबलपुर, इंदौर और रायसेन में आज सुबह से कार्रवाई शुरू हुई है। टीम रायसेन के सेहतगंज सुबह 6 बजे पहुंची। भोपाल के एमपी नगर जोन- 2 स्थित कार्यालय पर सुबह 7 बजे दबिश दी। अफसर यहां एक कार और एक ट्रेवलर से पहुंचे। टीम में रायपुर, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली के अफसर और पुलिस कर्मचारी हैं। ग्रुप के मुख्य कार्यालय पर दबिश के कुछ ही मिनट बाद कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के घर और ऑफिस पर अफसरों की दूसरी टीमों ने छापा मारा।

# गाजा की सिक्योरिटी अपने हाथ में ले सकता है इजराइल

## नेतन्याहू ने गाजा में शासन के सवाल पर चुप्पी साधी

**AGENCY TEL AVIV :** इजराइल-हमास जंग को एक महीना पूरा हो चुका है। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संकेत दिया है कि इजराइल का इरादा गाजा से हमास के खात्मे के बाद उस इलाके की सिक्योरिटी अपने हाथ में लेने का है। सोमवार को एबीसी न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में नेतन्याहू ने यह तो नहीं बताया कि हमास के खात्मे के बाद हमास पर किसका शासन होगा, लेकिन इतना जरूर कहा कि लंबे समय तक इस इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी इजराइल की होगी। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इस इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे पास नहीं रहती है, तो हमास के आतंकी हमले उस लेवल तक पहुंच सकते हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल का मकसद हमास को खत्म करना है, ताकि 7 अक्टूबर जैसे हमले को दोहराने की संभावना खत्म की जा सके। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इस इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे पास नहीं रहती है, तो हमास के आतंकी हमले उस लेवल तक पहुंच सकते हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इस इलाके की सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारे पास नहीं रहती है, तो हमास के आतंकी हमले उस लेवल तक पहुंच सकते हैं, जिसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते।

BRIEF NEWS

### पुलिस जवान की ब्रेन हेमरेज से मौत, आवास पर दी गई सलामी

**PALAMU :** पाकुड़ जिला पुलिस में कार्यरत डालटनगंज निवासी पुलिस जवान रणविजय सिंह (40) की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। डालटनगंज के साहित्य समाज चौक स्थित आवास पर मंगलवार को शव पहुंचने के बाद पलामू के पुलिसकर्मियों ने सलामी दी। इसके बाद दाह संस्कार किया गया। पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे ने रणविजय सिंह की ब्रेन हेमरेज से पाकुड़ में मौत की जिले के पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन को जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक पलामू के आदेश पर सार्जेंट विमल कुमार एवं पुलिस मेंस एसोसिएशन के सचिव नीलांबर गोप, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, केंद्रीय सदस्य संदीप राम, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अ.नी.श. नागेंद्र चौधरी एवं अन्य पुलिस के जवानों एवं पदाधिकारियों के साथ मिलकर को मृत जवान को सलामी दी गई एवं फूलमाला अर्पित कर अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित किया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 से रणविजय सिंह पाकुड़ जिला पुलिस में कार्यरत थे। उनकी बहाली वर्ष 2005 में पलामू में ही हुई थी।

### हजारीबाग में 60 लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच

**HAZARIBAGH :** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने मंगलवार को बड़कागांव स्थित डैप परिसर में गोंदलपुरा, गाली और बलोदर समेत विभिन्न गांव के 60 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। सभी ग्रामीणों को डॉक्टर ने आवश्यक परामर्श और उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाईयां दी। हजारीबाग के डॉक्टर विजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखंड के अधिकतर ग्रामीणों में एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गठिया, पॉलीआर्थराइटिस, एक्जिमा, बुखार, सामान्य दर्द, सरदर्द, सर्दी और अन्य पोषण संबंधी कमियां लगातार मिल रही हैं।

### गिरिडीह में साइबर ठगी के दो आरोपी गिरफ्तार

**GIRIDIH :** पुलिस ने मंगलवार को पचंबा थाना क्षेत्र में स्थित यामाहा शोरूम में स्कूटी खरीद रहे साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर एक अन्य साइबर ठग को पकड़ा गया जबकि अन्य तीन साइबर ठग भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गिरिडीह के गपैय निवासी महेंद्र मंडल (23) और जमुआ के चुंगलो निवासी हरीश कुमार (27) के रूप में की गई है। इन शातिर साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने एक आईफोन समेत सात महंगे मोबाइल फोन, अलग-अलग बैंक के 33 एटीएम कार्ड, 13 सिमकार्ड, 56 हजार रुपये नकदी समेत एक डायरी बरामद की है, जिसमें साइबर अपराध के जरिये ठगी किये गए रुपये का लेखा-जोखा है। इस बाबत गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी पचंबा थाना क्षेत्र के यामाहा शोरूम में एक साइबर अपराधी स्कूटी खरीदने आया है। सूचना पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी करते हुए साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

## नौकरी और मुआवजा के आश्वासन के बाद हटा जाम

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी-तोरपा मुख्य पथ पर बाबा आमरेश्वर धाम के पास अंगराबारी गांव में मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में पप्पू कुमार कर (35) की मौत हो गई। वह मुरहू थाना के घाघरा गांव निवासी केदारनाथ कर का पुत्र था। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक के आश्रितों को नौकरी और मुआवजा देने की मांग को लेकर अंगरबारी में खूंटी तोरपा रोड को जाम कर दिया।



सड़क जाम कर हंगामा करते ग्रामीण। • फोटोन न्यूज

जानकारी के अनुसार पप्पू अपने एक टीवीएस लूना में घूम घूम कर ब्रेड और चॉकलेट बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। मंगलवार को भी पप्पू अपने टीवीएस लूना से हर दिन की तरह ब्रेड और चॉकलेट बेचने के लिए घर से निकला था। अंगराबारी में मुख्य सड़क के पड़ाउ अस्पताल के पास तेज रफ्तार से आा रहे नयी चेचिस ने लूना सवार पप्पू को पीछे से टक्कर मार दी। वाहन की गति इतनी तेज थी कि वह बाइक को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया। यह देख मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन को खड़ा कर भाग निकला।

पप्पू की मौत से आक्रोशित लोगों ने मृतक के आश्रित को स्थायी नौकरी, 20 लाख रुपये का मुआवजा कृतक के दोनों बच्चों को किसी अच्छे स्कूल में पढ़ाई कराने की मांग पर अड़े थे। सूचना मिलते विधायक कोचे मुंडा, भाजपा नेता काशी नाथ महतो, उप प्रमुख संतोष कर, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बीडीओ कुमुद कुमार झा, थाना प्रभारी मनीष कुमार, एसआई विवेक प्रशांत ने मौके पर पहुंच कर सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा कर शांत कराया। मौके पर आश्रित को प्रधानमंत्री आवास, मृतक की पत्नी को किसी गैर सरकारी संस्था में नौकरी और व 12 वर्षीय बेटा सौरभ कुमार और सात वर्षीय बेटी अंतरा कुमारी को कस्तूरबा गांधी स्कूल में पढ़ाई और सरकारीप्रावधन के अनुरूप मुआवजा देने का आश्वासन के बाद सड़क जाम खत्म हआ। पुलिस ने सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

# लातेहार में चौकीदार की गोली मार कर हत्या

**PHOTON NEWS LATEHAR :** चंदवा थाना क्षेत्र के महुआमिलान पथ पर दुबी गांव के पास अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार के शाम चंदवा के थाना में कार्यरत चौकीदार सदिक अंसारी की गोली मार कर हत्या कर दी।



जानकारी के अनुसार सदिक अंसारी चंदवा से लोहरसी साप्ताहिक बाजार गए थे। शाम को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान दुबी गांव के अपराधियों ने सदिक को गोली मार दी जिससे सदिक अंसारी सड़क पर खून से लथपथ अवस्था में गिर पड़ा। थोड़ी देर बाद रास्ते से गुजर रहे कुछ लोगों ने जब सदिक अंसारी को घायल अवस्था में पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी और तत्काल सादिक अंसारी को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने सदिक अंसारी को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि घटनास्थल पर एक पिस्टल भी बरामद हुआ है। परिजनों का कहना है कि मृतक के शरीर पर दो गोली लगने के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे हैं।

इस संबंध में पूछने पर लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। चौकीदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की छानबिन आरंभ कर दी है।

# खूंटी आगमन पर लाखों ग्रामीण करेंगे प्रधानमंत्री का स्वागतः नीलकंठ सिंह मुंडा

**PHOTON NEWS KHUNTI :** खूंटी के विधायक और भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा ने ग्रामीणों का आह्वान किया कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 15 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खूंटी आगमन पर लाखों लोग उनका भव्य स्वागत करें।



। • फोटोन न्यूज

विधायक खूंटी के लोबिन बगान रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में मंगलवार को प्रधानमंत्री के 15 नवंबर को उलिहतू और खूंटी आगमन को लेकर भाजपा खूंटी ग्रामीण मंडल के कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि नरेंद्र मोदी भारत के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि उलिहातू आ रहे हैं। उलिहातू के बाद प्रधानमंत्री खूंटी के बिरसा मुंडा स्टेडियम में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि हम प्रधानमंत्री के खूंटी दौरे को ऐतिहासिक बनाना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण मंडल अध्यख मदन मोहन गोप ने की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष कैलाश रमा, जिला के महामंत्री बिनोद नाग, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जेवरात चोरी मामले का उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**KODERMA :** जयनगर थाना अंतर्गत एक जेवर दुकान में चोरी की वारदात की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। मंगलवार को कोडरमा एसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। गोविंद प्रसाद बिहारी कटिया ने मामले में लिखित आवेदन दिया था। इस कांड के उद्भेदन को लेकर थाना प्रभारी जयनगर उमानाथ सिंह एवं अनुसंधानकर्ता पंचम तिग्गा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने अनुसंधान के क्रम में सूचना संकलन एवं तकनिकी साक्ष्य के आधार पर छापेमारी करते हुए सोनु सिन्हा उर्फ सोनु कुमार सिन्हा एवं चांदनी देवी को उनके वर्तमान पता चुनाभट्ठा, थाना सुखदेव नगर, रांची से गिरफ्तार करते हुए इनके निशानदेही पर कांड में चोरी गए जेवरात एवं कांड में प्रयुक्त कार व मोबाईल बरामद किए गये है।

# हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 2024 में लाल परचम फहराएंगेः भुवनेश्वर

**PHOTON NEWS HAZARIBAGH :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने परिवर्तन रैली में कहा कि 2004 की तरह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में 2024 में लाल परचम फहराएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार विपक्षी नेताओं पर हमला कर रही है। ईडी सीबीआई का दुरुपयोग कर फंसाया जा रहा है। धर्म के नाम पर नफरत की राजनीति फैलाई जा रही है। भाजपा ने लोगों को धोखा दिया है। अच्छे दिन के नाम पर लोगों को ठगा है। इसीलिए पूरे देश में परिवर्तन की लहर है।




परिवर्तन रैली में शामिल भाकपा कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर जल जंगल जमीन की लूट हो रही है। खनिज संपदाओं की लूट चरम पर है। अफसरशाही हावी है। हजारीबाग की वर्तमान सांसद और भाजपा के कद्दावर नेताओं की बोलती बंद है। सिर्फ मंदिर मस्जिद के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। जनता के असली मुद्दे महंगाई और बेरोजगारी पर सांसद चुप हैं। केवल मंदिर मस्जिद ही दिखाई पड़ रहा है।

# जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, डीसी ने दिए कई निर्देश

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अंचलवार और थानावार अवैध बालू उठाव/परिवहन, बॉक्साईट खनन/परिवहन, पत्थर का खनन/परिवहन, कोयला का अवैध परिवहन से संबंधित पृच्छा की गई। इसमें अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों ने छापेमारी, एफआईआर, दण्ड आदि के संबंध में जानकारी दी।



उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को औचक निरीक्षण की संख्या बढ़ाने, बालू के साथ-साथ बॉक्साईट/कोयला/पत्थर के अवैध खनन व परिवहन की जांच करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के चेकनाका में जांच करने का निर्देश दिया गया। जिन अंचलों की उपलब्धि शून्य है, वैसे अंचल अधिकारियों व थाना को छापेमारी की संख्या व की गई कार्रवाई की संख्या में सुधार लाने का निर्देश दिया गया।

जूम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणा में मिली पलामू की लापता छात्रा, भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS PALAMU :** मेदिनीनगर शहर थाना पुलिस ने 27 दिन पूर्व घर से स्कूल जाने के लिए निकली 17 वर्ष की 12वीं की लापता छात्रा को हरियाणा से बरामद कर लिया है। साथ ही छात्रा को भगा ले जाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया।

आरोपी युवक हरियाणा के यमुनानगर का रहने वाला सुबोध कुमार रावत है। उसने ऑनलाइन गेम खेलते हुए मनातू की छात्रा को प्रेम जाल में फंसा लिया था। गत 12 अक्टूबर को छात्रा युवक के बहकावे में आकर हरियाणा चली गयी थी। इस संबंध में छात्रा की मां ने शहर थाना में मामला दर्ज कराया था।

शहर थाना पुलिस की छानबीन में एक मोबाइल नंबर सामने आया। संबंधित मोबाइल नंबर पुलिस को देते हुए छात्रा की मां ने कहा था कि मोबाइल फोन धारक द्वारा ही बहला-फुसला कर उसकी बेटी को गायब किया गया है। यह भी कहा था कि पूर्व में उस नंबर से छात्रा बात करती थी। हालांकि, बाद में सूचना मिलने पर उससे मोबाइल ले लिया गया था। संबंधित मोबाइल नंबर पर अनुसंधान के दौरान पुलिस को सफलता मिली।

# तुष्टिकरण के नाम पर ध्रुवीकरण नहीं होता तो डुमरी के नतीजे हमारे पक्ष में होते : सुदेश महतो

**PHOTON NEWS GIRIDIH :** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि डुमरी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के नतीजों से स्पष्ट होता है कि तुष्टिकरण के नाम पर ध्रुवीकरण नहीं होता तो परिणाम हमारे पक्ष में होता। इस उपचुनाव में अनुकूल वातावरण नहीं था। विपरीत परिस्थिति में इतना जनादेश मिलना साधारण नहीं, डुमरी उपचुनाव में हमने डुमरी की जनता का दिल जीता है।



समीक्षा बैठक में शामिल सुदेश महतो व अन्य कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

सुदेश कुमार महतो मंगलवार को डुमरी इसरी बाजार स्थित तेरापंथी कोठी में आयोजित डुमरी उपचुनाव समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में डुमरी उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में वोट करने के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि डुमरी की जनता ने अपने कदम हमारे गठबंधन की ओर बढ़ा दिए हैं। इसका सकारात्मक परिणाम आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा। डुमरी उपचुनाव के माध्यम से पार्टी ने अपनी सोच और स्थिति को स्थापित किया है।

इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक लंबोदर महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमा कांत रजक, डॉ देवशरण भगत, यशोदा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में खूंटी के बच्चों का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन

## अंडर-19 बालिका वर्ग में शिवानी कुमारी ने प्राप्त किया पहला स्थान

**PHOTON NEWS KHUNTI :** हैदराबाद में आयोजित 52वे केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 2023 में केंद्रीय विद्यालय खूंटी के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता के अंदर-19 बालिका वर्ग में खूंटी की शिवानी कुमारी ने 50 मीटर डिस्टेंस में स्वर्ण पदक और 30 मीटर डिस्टेंस में रजत पदक प्राप्त कर ओवरऑल पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालक वर्ग में श्रीकांत महतो ने 50 मीटर में स्वर्ण पदक और 30 मीटर डिस्टेंस में कांस्य पदक प्राप्त कर ओवर ऑल दूसरा स्थान हासिल किया।



इसी आयु वर्ग में रितेश नाग ओवर ऑल तीसरे स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त अंडर 14 बालक वर्ग में रुद्र प्रताप सिंह तीन कांस्य पदक हासिल कर ओवरऑल तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले केंद्रीय विद्यालय खूंटी के सभी बच्चे वीर बिरसा तीरंदाजी अकादमी खूंटी में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह जानकारी एनआईएस कोच बसंत कुमार ने दी। तीरंदाजी में खूंटी के बच्चों की इस सफलता पर केंद्रीय विद्यालय खूंटी के प्रिंसिपल फागु मुंडा, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, राहुल कुमार, क्रिकेट कोच देवा हस्सा, राइफल कोच अनुज कुमार आदि ने बधाई दी है।

## खूंटी की महिलाएं वैज्ञानिक तरीके से रेशम की खेती कर अपनी विकास यात्रा की रख रही नींव

# गांवों में लौटी खुशहाली, आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे ग्रामीण परिवार

**PHOTON NEWS KHUNTI :** झारखंड की जमीन और मौसम ऐसा है ही यहां पर लगभग हर चीज की खेती की जा सकती है। यहां घने जंगल भी है जिसका भी लाभ राज्य के किसानों को मिलता है। खूंटी जिले में कई महिलाएं इस खेती से जुड़कर अच्छे पैसे कमा रही है और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

घने जंगलों, हरे-भरे पेड़ों और वनोत्पाद के लिए प्रसिद्ध खूंटी जिले का जनजातीय समुदाय शुरू से ही वनों पर आधारित उत्पादों से अपनी आजीविका चलाता रहा है। जनजातीय बहुल खूंटी जिला वन संपदा और वनोत्पाद के लिए प्रसिद्धहै। इस इलाके में लाह की खेती काफी पहले से ही होती आई है, लेकिन खूंटी जिले की महिलाएं वैज्ञानिक तरीके से तसर (रेशम) की खेती कर अपनी विकास यात्रा की नींव रख रही हैं। इससे गांवों में खुशहाली लौट आई है और ग्रामीण परिवार भी आर्थिक रूप से सशक्त होते जा रहे हैं।



तसर उत्पाद में आत्मनिर्भर बनी खूंटी की महिलाएं। • फोटोन न्यूज

कल तक मजदूरी और परंपरागत खेती के जरिए जीवन यापन करने वाली आदिवासी महिलाएं आज रेशम कीट पालन से अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही हैं। वैसे तो खूंटी जिले में काफी पहले से तसर की खेती होती आ रही है, क्योंकि यहां प्रकृति ने वरदान स्वरूप हरे-भरे पेड़ के अलावा उचित जलवायु प्रदान की है। प्राचीन सेयम से ही इस जिले के लोग जंगलों में तसर के बीज खोजते थे, लेकिन इनमें अधिकतर कीड़े बीमारी या अन्य कारणों से मर जाते थे। अधिकतर अंडों के खराब होने और उत्पादन की सही तकनीक की जानकारी नहीं होने से उत्पादन काफी कम होता था और मेहनत के अनुरूप कमाई नहीं होने से लोगों की रूचि इस ओर कम होती जा रही थी, लेकिन वैज्ञानिक तरीके जेएसएलपीएस के सहयोग से एक बार फिर से खूंटी जिले में तसर की अच्छी खेती होने लगी है।

मुरहू प्रखंड के रूमुतकेलकेल गांव की ओलिप बादू एक गरीब परिवार में रहकर भी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिला हैं। उनके जीवन यापन का मुख्य स्त्रोत धान ,मडुवा, मक्का आदि की परंपरागत खेती और पशु पालन था। महिला समूह में जुड़ने से पहले उनके घर की स्थिति ठीक नही थीं। समूह में जुड़ने के बाद ऋण और अन्य विकास योजनाओं से लाभ लेकर उन्होंने रोजगार की गतिविधियों की जानकारी ली। जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना और रेशम परियोजना से जुड़ी जानकारियां प्रशिक्षण के माध्यम से उपलब्ध कराई गई। बाद में उन्होंने समूह की 35 दीदियों के साथ गांव में तसर उत्पादक समूह का गठन किया।

गांव में ही उन्हें रेशम खेती का प्रशिक्षण भी मिला। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए समूह की दीदियों को तसर खेती की पूर्ण जानकारी मिली। दीदियों ने 100 डीएफएल लेकर सीएसआर खेती शुरू की और उन्हें जेएसएलपीएस महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना की ओर से चुना गया और ब्लीचिंग, जीवन सुधा, सोडियम हाइपोक्लोराइड और सिकेचेर, स्प्रे मशीन मिली। इसके बाद उन्होंने पहली बार महिलाओं ने तसर की खेती की।

ओलिप बादू बताती है कि पहली बार उन्हें करीब 4530 रुपये का मुनाफा हुआ। इस खेती में हुए मुनाफे को देख कर 2020 में बीएसर और सीएसआर दोनों की खेती की, जिससे उनकी आय वृद्धि हुई। इसमें उत्पादक समूह से भी उत्पादन की मार्केटिंग में भी सहयोग किया जाता है। दीदी बताती हैं कि वे लगातार तसर खेती कर रही है। ओलिप ने कहा कि जेएसएलपीए के माध्यम से रेशम परियोजना से जुड़कर हमारी आय वृद्धि हो रही है और परिवार की आर्थिक स्थिति में भी धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

# दुमका में युवती की हत्या का आरोपी प्रेमी गिरफ्तार




गिरफ्तार आरोपी एगरीपस टुडू। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS DUMKA :** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रघुनाथपुर चेक डैम के समीप पांच दिन पूर्व दो नवंबर को बालू में मिले युवती के शव मामले का खुलासा करते हुए आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

शव की शिनाख्त 19 वर्षीय युवती मेदी टुडू के रूप में हुई। उसकी हत्या उसके ही प्रेमी एगरीपस टुडू ने इसलिए कर दी थी कि मृतका उस पर शादी करने का दबाव दे रही थी। दरअसल, जिले के रानीश्वर प्रखंड के पाकुड़िया गांव की मेदी टुडू और शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के धनबाद गांव में रहने वाला 20 वर्षीय युवक एगरीपस टुडू के बीच काफी दिनों से प्रेम संबंध चल रहा था।

पिछले महीने दुगार्पूजा के दौरान 26 अक्टूबर को एगरीपस युवती को उसके घर से अपने गांव ले आया और गांव के बाहर एक घर में उसे चार दिनों तक रखा। मेदी उसपर शादी का दबाव बनाने लगी लेकिन यह बात एगरीपस को पसंद नहीं आई और 29 अक्टूबर की रात उसने गला दबाकर मेदी की हत्या कर दी। साथ ही शव को चेक डैम के किनारे एक गड्ढा खोदकर उसमें डाल दिया।

BRIEF NEWS

## बदले गए रांची के डीपीएम समरेश, प्रवीण कुमार को मिली जिम्मेदारी

**RANCHI :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में रांची जिला में कार्यक्रम प्रबंधक( डीपीएम) के पद पर कार्यरत समरेश कुमार को स्थानांतरित करते हुए गढ़वा का डीपीएम बनाया गया है। वहीं गढ़वा के डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए रांची का डीपीएम बनाया गया है। इस बाबत अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने अधिसूचना जारी की है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह का अनुमोदन प्राप्त है।

## कोर्ट के आदेश पर मिला 3 एकड़ 26 डिसमिल जमीन

**RANCHI :** बुंडू इलाके में कोर्ट के आदेश पर मनोज कुमार जयसवाल को तीन एकड़ 26 डिसमिल जमीन मिला। स्थानीय प्रशासन के द्वारा जमीन पर काम को बंद करा दिया गया था। मनोज ने इसकी जानकारी उपायुक्त और ग्रामीण एसपी को दिया। उपायुक्त के आदेश के बाद मनोज जयसवाल ने जमीन पर गेट लगाने का काम पूरा किया। मनोज जससवाल का कहा है है कि इसकी सूचना बुंडू थाना को दे दी गई है। इस जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा था। पूरे मामले की सुनवाई होने के बाद कोर्ट के आदेश पर दखल दहानी कब्जा दिलाया गया। मनोज का कहना है कि 19 साल तक यह मामला कोर्ट में चला।

## हर पंचायत में स्थापित होगा कल्याण मंच

**RANCHI :** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 15 नवंबर से शुरू होगी। इसके तहत प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित होगा, जिसके जरिए लाभुकों के बीच विभिन्न लाभों व परिसंपत्तियों का वितरण होगा। जाति प्रमाण पत्रों का वितरण, साइकिल के लिए राशि देना, कंबल वितरण करना आदि सभी लाभ ऑन द स्पॉट दिए जाएंगे। शिविरों में ऑन द स्पॉट शिकायतों का निष्पादन किया जायेगा। प्रत्येक शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर पंजीकृत किया जायेगा। आवेदनों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ऑन द स्पॉट निवारण करते हुए समाधान, निष्पादन कागजात के साथ आवेदक की तस्वीर पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा। आवेदनों की प्राप्ति तथा ऑन द स्पॉट लाभों के वितरण की जानकारी भी पोर्टल में अपडेट करना अनिवार्य होगा।

## झारखंड ने केंद्र से की पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की शिकायत

**RANCHI :** झारखंड ने केंद्र से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के संबंध में शिकायत दर्ज करायी है। भारत मंडपम, नयी दिल्ली में चल रहे राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्र के विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राज कुमार सिंह से इस संबंध में बात रखी। कहा कि उनके स्तर से पावर ग्रिड कॉरपोरेशन को निर्देश देने की आवश्यकता है। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन झारखंड राज्य में वर्ष-2012 से ट्रांसमिशन लाईन बनाने का काम कर रही है, परंतु काम अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड एंड इन्वेस्टमेंट स्कैम पर एक दिवसीय कार्यशाला

# कार्यशाला से साइबर ठगों को पकड़ने में मिलेगी मदद : DGP

**CRIME REPORTER RANCHI :** रांची के डोरंडा स्थित जैप-वन ऑडिटोरियम में मंगलवार को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड एंड इन्वेस्टमेंट स्कैम पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने सहयोग किया। इसका उद्घाटन राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने किया।

डीजीपी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें साइबर क्राइम के नए-नए आयामों को लेकर जानकारी दी जा रही है। लॉक चेंज, डार्क वेब जैसे साइबर फ्रॉड को लेकर अलग-अलग टेक्निकल सेशन है। इसमें पदाधिकारियों और दूसरे राज्यों से आए लगभग 250 पुलिस पदाधिकारी को जानकारी दी जा रही है। इसमें बाहर से आए ट्रेनर टेक्निकल जानकारी दे रहे है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यशाला से पुलिस पदाधिकारी साइबर अपराध के मामले का बेहतर तरीके से अनुसंधान कर सकेंगे। साथ ही कार्यशाला से साइबर अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को मदद मिलेगी।



क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड एंड इन्वेस्टमेंट स्कैम पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शामिल अधिकारी।

अनुराग गुप्ता ने बताया कि क्रिप्टो और चीनी लोन ऐप के जरिए बड़े पैमाने पर ठगी की जा रही है। सबसे अहम बात यह है कि ठगी के पैसे देश से बाहर जा रहे हैं। करोड़ों रुपये के फ्रॉड देश भर में क्रिप्टो और चाइनीज ऐप के जरिये किए जा रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि पुलिस अफसर भी ऐसे मामलों में जांच में दक्ष हों। पुलिस अफसरों को ट्रेंड करने के लिए इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अधिकारियों और बेंगलुरु की दो आईटी कंपनी से एक्सपर्ट्स को रांची बुलाया गया है। बेंगलुरु की कंपनी की ओर से क्रिप्टो के लिए साइबर टूल्स डेवलप किया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस अफसरों को क्रिप्टो में कैसे मनी मूव करता है, क्रिप्टो का ईको सिस्टम कैसे काम करता है, क्रिप्टो का डिजिटल फुटप्रिंट कैसे निकालें, इन मामलों की जानकारी दी जा रही है। सबसे खास बात यह है कि इस बार की ट्रेनिंग में 47 असिस्टेंट पब्लिक प्रॉसिक्यूटर भी भाग ले रहे हैं। सीआईडी डीजी ने बताया कि क्रिप्टो एक तरह का डिजिटल शेयर है लेकिन इसे रिजर्व बैंक की मान्यता नहीं है। केंद्र सरकार ने क्रिप्टो पर टैक्स लगा दिया है तो यह भी ग्रे एरिया में आ गया है। इसको आप लीगल भी नहीं कह सकते और न ही अवैध है । लेकिन अभी तक क्रिप्टो का ईको सिस्टम चालू नहीं हुआ है। इसलिए इसमें ठगी हो रही है। अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीआईडी की टीम को मंगलवार को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। झारखंड में क्रिप्टो के जरिये एक करोड़ को ठगी करने वाले शख्स को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया गया है। इसके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया, आरोपी ताइवान में छुपा हुआ था।

इस मौके पर गृह मंत्रालय के एसीपी जितेन्द्र सिंह एडीजी संजय आनंद लाटकर, आईजी एवी होमकर, असीम विक्रांत मिंज, एसपी एस कार्तिक, अनुरंजन किस्पोट्टा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ठगी से निपटने के लिए 5 राज्यों के पुलिस अफसरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता ने कहा कि क्रिप्टो और चाइनीज लोन ऐप जरिए ठगी के मामले देशभर से सामने आ रहे हैं। विडंबना ये है कि आज भी 95 प्रतिशत लोग क्रिप्टो क्या है, इसमें निवेश कैसे किया जाता है यह जानते ही नहीं हैं लेकिन वे लालच में आकर निवेश कर देते हैं और कभी-कभी बड़ी ठगी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे शातिर साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस भी खुद को अपग्रेड कर रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड सीआईडी के की ओर से क्रिप्टो और चाइनीज ऐप के जरिए ठगी के मामलों से निपटने के लिए पांच राज्यों के पुलिस अफसरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### वन भूमि खरीद-बिक्री का मामला

# सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को प्रतिवादी बनाने पर केंद्र ने मांगा समय

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** जंगल की जमीन एवं सरकारी जमीन की खरीद बिक्री की जांच कराने को लेकर कृषि ज्ञान संस्था के डॉक्टर लाल राजीव रंजन नाथ शहदेव कि जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से सीबीआई और निजी स्टील कंपनी को प्रतिवादी बनाने को लेकर हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल की गई। जिस पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से समय की मांग की गई।



मामले में प्रार्थी द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर जवाब के लिए भी केंद्र सरकार ने जवाब के लिए समय मांगा है। मामले में जीवीके पावर की ओर से भी जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से ज्ञानरंजन नाथ शहदेव ने पैरवी की। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने में की सुनवाई की। पूर्व में कोर्ट ने सचिव, मिनिस्ट्री ऑफ एनवायरमेंट एंड क्लाइमेट चेंज और नेशनल मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड को मामले में प्रतिवादी बनाया था।

### कंपनियों ने की वन और सरकारी भूमि की खरीद बिक्री

कोर्ट को बताया गया था कि कुछ प्राइवेट कंपनियों और कुछ व्यक्तियों के द्वारा राज्य में जंगल एवं सरकारी भूमि को खरीद बिक्री की गई है और जमीन का अतिक्रमण किया गया है, जो नियम विरुद्ध है,जिसकी जांच कराई जानी चाहिए। जिसके बाद कोर्ट ने उक्त प्राइवेट कंपनियो को नोटिस जारी किया था। प्रार्थी की ओर से कोर्ट के समक्ष राज्य के फॉरेस्ट का ऑडिट रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई थी। इसमें बताया गया था कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य को 30 सितंबर 2002 तक के तय समय सीमा में जंगल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। परंतु 20 वर्ष होने के बाद भी जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया गया और राज्य में 62952 एकड़ जंगल में निजी कंपनी और अतिक्रमणकारियों के द्वारा रजिस्ट्री के माध्यम से जमीन को खरीद लिया है।

# भगवान बिरसा जैविक उद्यान में बने देश के सबसे बड़े तितली पार्क का हुआ उद्घाटन

### 80 से अधिक प्रजातियों की तितलियां देख सकेंगे लोग



तितली पार्क में पुस्तक का विमोचन करते अधिकारी।

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड चिड़ियाघर प्राधिकरण, रांची के तत्वावधान में भगवान बिरसा जैविक उद्यान में भारत के सबसे बड़े तितली पार्क का उद्घाटन मंगलवार को वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव एल ख्यांगते ने किया। मौके पर एल ख्यांगते ने तितली पार्क से संबंधित पुस्तक का विमोचन भी किया। इसके बाद उन्होंने 20 एकड़ में दो करोड़ की लागत से नवनिर्मित तितली पार्क का प्रवेश टिकट ऑनलाइन लिया और पार्क में प्रवेश कर तितलियों की विभिन्न प्रजातियों के होस्ट व नेक्टर प्लांट का अवलोकन किया। तितलियों के रहने व खाने के लिए किए गए प्रबंध की भी जानकारी ली। एल ख्यांगते ने स्कूली बच्चों को अपने संबोधन में कहा कि देश का सबसे बड़ा तितली पार्क आपके नजदीक जैविक उद्यान में खोला गया है। इसका पूरा लाभ उठाना चाहिए। अब आप सभी गर्व के साथ कह सकते हैं कि मेरे घर के नजदीक ही मछली घर व तितली पार्क है। मंगलवार से आम लोगों की एंट्री शुरू हो गयी है।

### रांची उपायुक्त और एसएसपी ने छठ महापर्व के मद्देनजर दिए निर्देश

# भक्तों को किसी प्रकार की समस्या ना हो : डीसी

**PHOTON NEWS RANCHI :** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को समाहरणालय में एक बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी महापर्व छठ और काली पूजा को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को महापर्व छठ और काली पूजा को लेकर कई दिशा-निर्देश दिये।

उपायुक्त ने कहा कि रांची शहर और आस-पास क्षेत्रों में 72 जगहों से अधिक जगहों में छठ महापर्व होता है। उन्होंने इन छठ घाटों और इनके सम्पर्क पथों एवं उसके आसपास क्षेत्रों की साफ-सफाई नियमित करने, नालियों की सफाई, खुले नालियों पर स्लैब कवर करना, ब्लीचिंग पावडर का छिड़काव, खराब एलईडी स्ट्रीट लाईट की मरम्मत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा से पहले ये सभी कार्य पूरा कराये।



अधिकारियों के साथ बैठक करते रांची डीसी व एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा।

उपायुक्त ने काली पूजा के प्रमुख पंडालों सहित अन्य पंडालों में सभी आवश्यक व्यवस्था करने, दर्शन करने आए भक्तों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका ख्याल रखने, पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। उन्होंने सम्बंधित थाना प्रभारी को इसपर विशेष नजर बना कर रखने को कहा। साथ ही विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो। इसे लेकर सम्बंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

एसएसपी ने सभी सम्बंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी छठ और काली पूजा में विधि-व्यवस्थ, चोरी, छिनतई और लूट की घटना पर सभी सम्बंधित थाना प्रभारी विशेष नजर रखें, ताकि इस तरह की घटना को रोका जा सकें। ऐसी घटना होने पर सम्बंधित थाना प्रभारी त्वरित गति से कार्रवाई करें।

# बदलते मौसम का असर : अस्पतालों में बढ़ी सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में मौसम का मिजाज बदल गया है। सुबह और शाम में लोगों को ठंड की एहसास हो रहा है। तापमान में गिरावट होने के कारण वायरल बुखार और जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी है। राज्य के कुछ हिस्सों की न्यूनतम तापमान 15 डिग्री हो गई है। मौसम परिवर्तन के साथ ही सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार, मलेरिया के मरीजों की संख्या में तो इजाफा हुआ ही है। इस वर्ष पिछले साल की तुलना में गले में इंफेक्शन के मरीज भी ज्यादा संख्या में सामने आ रहे हैं। गले में हल्के दर्द और खराश के बाद तेज असहनीय दर्द लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। यह दर्द बढ़ते-बढ़ते बुखार में तब्दील हो जा रहा है। सात से आठ दिन तक लगातार इलाज के बावजूद गले में खराश,दर्द और बुखार ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। रिम्स के फिजिशियन डॉ। बिंदे कुमार और शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ। राजीव मिश्रा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से रिम्स के ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी है। करीब 30 से प्रतिशत तक मरीजों में इजाफा हुआ है। दोनों ही विभागों में मरीज 7-10 दिन बाद भी बुखार ठीक नहीं होने का लक्षण लेकर पहुंच रहे हैं। मरीज की इम्यूनिटी इतनी टूट जा रही है कि उनमें चलने की हिम्मत तक नही बच रही। कुछ मरीजों में बुखार व बदन दर्द-सर्दी को ठीक करने वाली दवा भी काम नहीं कर रही है। डॉ। बिंदे ने कहा कि मरीज को ओपीडी में जांच कराने की सलाह दी जा रही है। जांच कराने के बाद मरीजों में डेंगू के अलावा इंफेक्शन और टाइफाइड की पुष्टि हो रही है। टाइफाइड में लोगों को बुखार, सिरदर्द, गले में खराश, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, पेट दर्द और सूखी खांसी होती है।

**ऐसे करें उपचार**

- पानी को गर्म करके पीएं
- ठंडा पेय पदार्थों का त्याग करें।
- रात्रि में मास्क का उपयोग करें।
- चेहरे पर मास्क का उपयोग करें
- गर्म पानी में थोड़ी हल्दी और नमक डालकर गरारे करें।
- चेहरे को धूल से बचाएं।

**एक सप्ताह में इतने मरीज पहुंचे अस्पताल**

| दिनांक | रिम्स | सदर |
|---|---|---|
| 31 अक्टूबर | 210 | 95 |
| 1 नवंबर | 229 | 121 |
| 2 नवंबर | 197 | 106 |
| 3 नवंबर | 224 | 99 |
| 4 नवंबर | 212 | 86 |
| 6 नवंबर | 189 | 90 |

## रांची सिटी एसपी पर दबाव बना रहे कुछ अफसर : मरांडी

**RANCHI :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि सीएमओ के इशारे पर रांची सिटी एसपी पर ईडी अफसरों को फंसाने का दबाव बनाया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने ट्विट करते हुए कहा कि अति विश्वस्त जानकारी के अनुसार, झारखंड सीएमओ के इशारे पर पुलिस के कुछ आला अधिकारी रांची सिटी एसपी पर काफी दबाव बना रहे हैं। उनसे कहा जा रहा कि किसी भी तरह कुछ दर्ज मामलों में ईडी के कुछ चुनिंदा अधिकारियों को आदिवासी उत्पीड़न मामलों में अभियुक्त बनाया जाये। यहां तक कि ये भी निर्देश दिये जा रहे हैं कि अगर पुलिस नाम डालने में असमर्थ है तो कम से कम केस में यह डाल दिया जाये कि ईडी के अधिकारियों द्वारा आदिवासी उत्पीड़न किया गया है। बाबूलाल ने कहा कि पता नहीं ये सब बबार्दी के रास्ते वाले खुराफाती आईडिया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कौन देता है।

# चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पुलिस ने दबोचा

**PHOTON NEWS PITHORIYA :** पिठोरिया पुलिस ने चोरी की बाइक अपाची जेएच-01-ई डी-2044 के साथ दो चोर को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में अभय सिंह पिता शिवजी सिंह और वसीम ओहदार पिता साविद ओहदार शामिल हैं। पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि चुटिया थाना में दुर्गा पूजा के दौरान अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। इसी कड़ी में गुप्त सूचना मिली कि पिठोरिया थाना क्षेत्र में दो संदिग्ध लोग किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में पहुंचे हुए है। सूचना की पुष्टि के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों को हिरासत में ले कर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। दोनों ने बताया कि चुटिया थाना क्षेत्र से दुर्गा पूजा के दौरान अपाची बाइक चोरी कर फर्जी नम्बर प्लेट लगा घूमते थे। गिरफ्तार दानों आरोपी पूर्व में भी अलग अलग थाना क्षेत्र से बाइक चोरी मामले में जेल जा चुके है। पिठोरिया थाना क्षेत्र में भी बाइक चुराने के नियत से पहुंचे थे।



गिरफ्तार आरोपी।

# मीट शॉप विक्रेताओं से जुड़े मामले में जवाब दाखिल करने का अंतिम मौका

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** राजधानी रांची में मीट शॉप विक्रेताओं द्वारा दुकान के बाहर कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को खुले में प्रदर्शित किए जाने के खिलाफ श्यामानंद पांडे की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम से जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 जनवरी 2024 को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शुभम कटारुका ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मीट्स शॉप विक्रेताओं के संबंध में रूल एवं रेगुलेशन के संबंध में सरकार एवं निगम से जानकारी मांगी थी। मंगलवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार एवं नगर निगम के अधिवक्ता से पूछा कि क्या प्रार्थी द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर अपने इंस्ट्रक्शन लिया है। जिस पर सरकार और निगम की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। प्रार्थी ने याचिका में कहा है की रांची शहर में मीट विक्रेता बाहर खुले में कटे हुए बकरा एवं मुर्गियों को प्रदर्शित करते हैं, यह एफसीसीआई के रूल एंड रेगुलेशन के खिलाफ है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट एवं विभिन्न हाई कोर्ट के गाइडलाइन के विपरीत है।

## अमर कुमार बाउरी एक तेज तर्रार नेता : स्पीकर

**RANCHI :** झारखंड के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो से झारखंड विधानसभा में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने एक-दूसरे को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अमर कुमार बाउरी एक तेज तर्रार नेता हैं। उनके नेतृत्व में राज्य के मुद्दों को विधानसभा के पटेल प्रमुखता से रखा जाएगा। आने वाले समय में राज्य की जनता के लिए नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में अमर कुमार बाउरी जनता की आवाज बनकर सदन में अपनी बात को रखेंगे। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में जो दायित्व उन्हें सौंपा गया है, उसके लिए राज्य की सेवा तीन करोड़ जनता की उम्मीद पर खड़ा उतारने का वे प्रयास करेंगे।

### सरकार के उन सभी कार्यों के खिलाफ आवाज बुलंद करूंगा जिससे युवा, महिला, गरीब और दलित को हुआ नुकसान

# जनता की आवाज सदन पटल पर होगी : अमर बाउरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा विधायक दल के नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी का पार्टी कार्यालय में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जहां संगठन महामंत्री झारखंड कर्मवीर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को जोड़ने का काम कर रही है। यही कारण है कि आज पूरा विश्व भारत को सम्मान की नजर से देख रहा है। पार्टी का उद्देश्य सत्ता पाना नहीं बल्कि सत्ता के माध्यम से देश का विकास करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ देश का विकास कर रहे हैं। देश का विकास कोई एक व्यक्ति नहीं कर सकता इसके लिए सभी को प्रयास करने की जरुरत है। झारखंड और छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया है और इन राज्यों को भाजपा ही संवारेगी। भाजपा किसी जाति धर्म के आधार पर देश का निर्माण नहीं कर रही है बल्कि सभी को साथ लेकर देश को विश्व गुरु बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा 18 करोड़ से अधिक की सदस्यों वाली पार्टी है और सभी शीर्ष के नेता नहीं बन सकते। इसलिए पार्टी ने जो दायित्व कार्यकताओं को दिया है उसे ईमानदारी के साथ पूरा करें। उन्होंने कहा कि अब जब पार्टी के शीर्ष ने मुझे नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी है तो मैं राज्य की सवा तीन करोड़ जनता को यह आश्वस्त करता हूं कि उनकी आवाज और उनके अधिकार को संवैधानिक रुप से सदन के पटल पर रखूंगा।




नेता प्रतिपक्ष का पार्टी कार्यालय में किया गयास्वागत एवं अभिनंदन।

### परिवारवाद को बढ़ा रही सरकार

अमर कुमार बाउरी ने कहा झारखंड की वर्तमान सरकार ने जब से राज्य की बागडोर संभाली है तब से लेकर अब तक पहले तो नेता प्रतिपक्ष के मामले को लटकाए रखा। वहीं दूसरी तरफ राज्य के युवा, महिला, खिलाड़ी, दलित, वंचित, शोशल सभी के साथ छल किया है। राज्य सरकार ने पूर्व के भाजपा सरकार की जितनी भी लोककल्याणकारी योजनाएं थी उसे बंद कर दिया। वहीं परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए अपने ही लोगों के नाम पर योजनाओं की शुरूआत कर राज्य की जनता को छलने का काम कर रही है। उन्होंने अपने इस नये दायित्व के लिए मंच से केन्द्र एवं प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद दिया और पार्टी एवं जनता को आश्वस्त किया कि वर्तमान सरकार के उन सभी कार्यों के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करुंगा, जिस कारण राज्य के युवा, महिला, गरीब, दलित को नुकसान हुआ है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Wednesday, 08 November 2023

BRIEF NEWS

### राउरकेला नगर निगम ने स्ट्रीट वेंडरों को बांटे स्टॉल



**ROURKELA :** राउरकेला के कोयल नगर में एनएसी मार्केट में फूड कोर्ट स्टॉल आवंटित करने के लिए उपायुक्त सुधांशु भोई और गौरबामाया प्रधान की उपस्थिति में लॉटरी ड्रा निकाला गया। इस दौरान लॉटरी के मुताबिक स्टॉल बाटे गए। रास्ते में लगाए जाने वाले ठेला, फूट में बेचने वाले खाने के समान अभी इसी फूड कोर्ट में मिल पाएगी। स्मार्ट सिटी की सौंदरिकरण के लिए उठाए जाने वाले कार्य में से एक है।

### स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त, व्यापारी हुआ घायल



**ROURKELA :** शहर में सोमवार रात करीब 11:30 बजे बसंती फ्लावर ब्रिज में एक स्कूटी दुर्घटनाग्रस्त हुई। बसंती से डेली मार्केट जनता निवास जाने के क्रम में 58 साल के नरेश चौधरी अपना गाड़ी लेकर गिर गए। वही से जाते वक्त नाला रोड के एमडी खालिद अजीज, अफरोज अहमद और उनके सभी साथी युवा इस व्यक्ति को गिरे हुए देख कर उसे अपने कार में लेकर राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। नरेश के परिजनों को कॉल कर-के इस घटना की जानकारी दी। नरेश चौधरी जनता निवास गली के निवासी आमबागान पूजा सामग्री के दुकान किए है। रात को दुकान बंद कर घर जाने के क्रम में उसके गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गई। गंभीर चोट के वजह से नरेश चौधरी को जेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चार दुकानों का ताला तोड़ कर चोरी गया माल बरामद



**ROURKELA :** शहर में रविवार की रात सेक्टर 19 स्थित लक्ष्मी मार्केट की चार दुकानों का ताला तोड़ कर दो लाख रुपये नकद, विभिन्न प्रकार के किराना सामान, पान मसाले आदि की चोरी कर ली गयी थी। सीसीटीवी जांच के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और 1 लाख 6 हजार रुपये नकद और चोरी का अन्य सामान जब्त कर लिया।

### लिफ्ट देकर लूटने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के गोलमुरी थाना अंतर्गत नामदा बस्ती के पास बिरसानगर जोन नंबर 8 सुगना कॉलोनी निवासी विनय टोडी को लिफ्ट देकर मोबाइल लूट करने के मामले में पुलिस ने गोलमुरी नामदा बस्ती निवासी गुरविंदर सिंह उर्फ बोबू को गिरफ्तार किया है। वहीं लूट का मोबाइल खरीदने वाले शिवम कुमार को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना 4 नवंबर की है। घटना की रात विनय टाटानगर स्टेशन से होते हुए पैदल ही अपने घर की ओर जा रहा था। रास्ते में ट्यूब कंपनी के पास बाइक सवार दो युवकों ने उसे लिफ्ट देने के बहाने अपनी बाइक पर बैठा लिया। थोड़ी दूर जाने के बाद मारपीट कर मोबाइल छीन ली और फरार हो गया। इस संबंध में एक अन्य युवक कैशी की तलाश जारी है।

### विधायक ने किया चाईबासा-भरभरिया सड़क का शिलान्यास

# बेहतर सड़क होने से जनता को होगी सुविधा : निरल पूर्ति

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** चाईबासा-भरभरिया सड़क मरम्मती हो जाने से मझगांव विधानसभा के चारों प्रखंड के जनता को जिला मुख्यालय आने-जाने में आसानी होगी। यह बातें भरभरिया में चाईबासा-भरभरिया पीडब्ल्यूडी मुख्य सड़क का शिलान्यास करते हुए मझगांव विधानसभा के विधायक निरल पूर्ति ने कही। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय से मझगांव विधानसभा के चारों प्रखंड का यह एकमात्र सड़क है। जिसमें मात्र 34 किलोमीटर मरम्मती की जरूरत है। सड़क के बन जाने से मझगांव, कुमारदुंगी, मंझारी और तांतनगर प्रखंड यानी मझगांव विधानसभा के जनता को काफी आसानी होगी। साथ ही चाईबासा से उड़ीसा जोड़ने वाले सड़क में भी आने जाने की सुविधा बढ़ेगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे राज्य का विकास काफी तेजी के साथ कर रहे हैं। जिससे आम जनता को योजना का लाभ समय के साथ मिल सके। लेकिन विपक्ष और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार जनता का विश्वास नहीं जीत कर सीबीआई ईडी के सहारे राज्य को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। उसके इस खेल को जनता भी खुली आंखों से देख रही है। उसका खामियांजा चुनाव में भाजपा को भुगतना पड़ेगा।



नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक। ● फोटोन न्यूज

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी वनाधिकार को लेकर बड़ा कदम उठाया है। जिससे वन क्षेत्र में रहने वाले लोगों को आबुआ वीर योजना के तहत वन अधिकार पट्टा का लाभ दिया जा रहा। इससे वन क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी भाइयों को उनका हक पूरा मिलेगा। यह विश्वास एक आदिवासी का बेटा ही पैदा कर सकता है।

इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सुशीला बारी, जिला परिषद सदस्य जवाहर बोईपाई, मुखिया सनातन बिरुआ, मंगल सिंह बिरुआ, हरिण तमसोय, श्रीराम सोरेन, भुवनेश्वर बिरुआ, श्रीकांत बारीक, दीप नारायण कुंकल, नटवरलाल बिरुआ, दीपक बिरुआ, विजय बिरुआ, श्याम बिरुआ, अनिल बिरुआ, कानूराम टुडू, वीर सिंह, संजय हांसदा, सोनाराम कुंकल, अनिल बिरुआ, मुकेश बिरुआ, शैलेंद्र पूर्ति, दशरथ समेत अन्य मौजूद थे।

### करीम सिटी कॉलेज के वीमेंस सेल ने किया कंवर्सेशन ऑन एंपावरमेंट का आयोजन



**JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने मंगलवार को वीमेन इंस्पायरिंग वीमेन : कंवर्सेशन ऑन एंपावरमेंटड्ढ विषयक एक सत्र का आयोजन किया। सत्र की वक्ता विज्ञापन उद्योग की कॉपीराइटर सृष्टि कुमारी थीं। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ बसुंधरा रॉय ने वक्ता और छात्रों के स्वागत के साथ किया। सृष्टि कुमारी करीम सिटी कॉलेज की पूर्व छात्रा रही हैं। इस दौरान उन्होंने विज्ञापन उद्योग में अपना अनुभव साझा किया और बताया कि कैसे विद्यार्थी एडवर्टाइजिंग इंडस्ट्री में प्रवेश कर सकते हैं। सत्र में कॉलेज के अनेक छात्र-छात्राओं शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ कौसर तसनीम, डॉ फरजाना अंजुम, डॉ नेहा तिवारी, डॉ अनुपमा मिश्रा, साजिद परवेज समेत अन्य उपस्थित थे।


## ओड़िशा विधानसभा के पूर्व स्पीकर महेश्वर मोहंती का हुआ निधन

### पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से थे बीमार

**PHOTON NEWS ROURKELA :** ओड़िशा के वरिष्ठ राजनेता और विधानसभा के पूर्व स्पीकर महेश्वर मोहंती का निधन मंगलवार को हो गया है। महेश्वर मोहंती पिछले कुछ दिनों से गंभीर रूप से बीमार थे। चिकित्सा के दौरान उनका निधन भुवनेश्वर के केयर अस्पताल में सुबह 3.25 बजे हुआ।

स्वर्गीय महेश्वर मोहंती का पार्थिव शरीर निजी अस्पताल से लाकर बीजेडी प्रदेश कार्यालय शंख भवन में रखा गया है। वहां पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने उनके अंतिम दर्शन किये। मुख्यमंत्री और बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक वहां पहुंचे और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।

बीजेडी प्रणब प्रकाश दास, विधायक देवी प्रसाद मिश्रा, मंत्री रणेंद्र प्रताप स्वामी, अशोक चंद्र पांडा, तुसरकांति



महेश्वर मोहंती की फाइल फोटो।

बेहरा, पूर्व मंत्री समीर रंजन दास, विधायक रुद्र महारथी, प्रणब बलबंताराय, सुशांत राउत और अनंत नारायण जेना प्रमुख ने महेश्वर मोहंती अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि दी। शंख भवन से विधानसभा परिसर ले जाया जाएगा। फिर उनके पार्थिव शरीर को पुरी ले जाया जाएगा। पूर्व स्पीकर महेश्वर मोहंती का अंतिम संस्कार पुरी में स्वर्ग द्वार पर किया जाएगा।

## रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में ऑनलाइन इंटर कॉलेज प्रतियोगिता 'आरंभ 4.0' शुरू

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो दिवसीय ऑनलाइन इंटर कॉलेज प्रतियोगिता 'आरंभ 4.0' की मंगलवार को समारोहपूर्वक शुरूआत हुई। कॉलेज की ओर से प्रतिवर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसमें शहर के विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थी ऑनलाइन हिस्सा लेते हैं। आज प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रागिनी भूषण थीं। साहित्य और सांस्कृतिक क्षेत्र में उनकी एक विशिष्ट पहचान है। सभी से इनका परिचय व्याख्याता जय श्री पंडा ने कराया। आज वाद्य यंत्र वादन, न्यूज रीडिंग, भारतीय वेशभूषा प्रस्तुति और फेसबुक टैगिंग ये चार प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के आरंभ में कॉलेज की प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर ने स्वागत भाषण करते हुए शुभकामना दी। कॉलेज के सचिव गौरव बचन ने कहा कि आरंभ 4.0 हमारे कॉलेज का एक अद्वितीय और अभिनव प्रयोग है। प्रति वर्ष इसका आयोजन किया जाता है।

उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि डॉ रागिनी भूषण ने कहा कि आरंभ 4.0 एक तकनीकी उत्सव है। इस तरह के नवीन प्रयोग कर रम्भा कॉलेज ऑफ एजुकेशन निरंतर उन्नति पथ पर अग्रसर है। यह प्रतियोगिता अपने आप में अद्भुत है। वाद्ययंत्र वादन प्रतियोगिता की जज साहित्यकार एवं संगीतकार उपासना सिन्हा थीं। इनका परिचय व्याख्याता रश्मि लुगून ने प्रस्तुत किया।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय का किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** कोल्हान प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने मंगलवार को प्रमंडल मुख्यालय चाईबासा अवस्थित मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में प्रमंडलीय आयुक्त ने पुस्तकालय के अवलोकन के दौरान संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में प्रतिदिन समाचार पत्र, रोजगार समाचार एवं अन्य मैगजीन आवश्यक रूप से



पुस्तकालय का निरिक्षण करते मनोज कुमार। ● फोटोन न्यूज

उपलब्ध होना चाहिए। पुस्तकालय का सीसीटीवी कैमरा बिजली गिरने के कारण विगत कुछ दिनों से खराब पड़ा है, जिसे अविलंब दुरुस्त करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। पुस्तकालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए जिला के वरीय पदाधिकारी के द्वारा व्याख्यान का रोस्टर रखने का भी निर्देश दिया। साथ ही पुस्तकालय में वाई-फाई की व्यवस्था और दुरुस्त करने का संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में आयुक्त के सचिव प्रेम प्रकाश तिवारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर शशींद्र कुमार बड़ाईक, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार शील सहित अन्य मौजूद रहे।

## करीम सिटी कॉलेज के 15 छात्रों का 4.65 लाख के पैकेज पर वेदांता, ईएसएल स्टील में चयन

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के साकची स्थित करीम सिटी कॉलेज के रसायन विज्ञान और भौतिकी विषय से बीएससी (ऑनर्स) के 15 छात्रों का वेदांता, ईएसएल स्टील लिमिटेड में ग्रेजुएट ट्रेनी के रूप में चयन हुआ है। इन छात्रों को कंपनी की ओर से फिलहाल 4.65 लाख रुपये प्रतिवर्ष के सीटीसी पैकेज पर लॉक किया गया है। कॉलेज की ओर से बताया गया है कि पिछले अक्तूबर



ईएसएल स्टील लिमिटेड में चयनित छात्र-छात्राएं व अन्य। ● फोटोन न्यूज

महीने में कंपनी की ओर से ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया था।

चयनित छात्रों में अनुज कुमार, राहुल डे, आकाश दास, वियाहल प्रधान, रितिक ठाकुर, अरूप मुखर्जी, सागर मैती, अभिषेक घोष, श्रीति मुखर्जी, प्रकाश मंडल, प्रेरणा कुमारी, सौरभ सिंह, पूजा चौधरी, शुभरंजन डांडिया और गौरव दास शामिल हैं। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ मोहम्मद रेयाज ने शॉर्टलिस्टेड छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान कॉलेज के रोजगार संवर्धन इकाई के मुख्य समन्वयक डॉ अनवर शहाब, प्लेसमेंट सेल की समन्वयक डॉ जी विजयलक्ष्मी, सेल की सदस्य डॉ रश्मि अख्तर और डॉ आफताब आलम की सरहानीय भूमिका रही।

## आरवीएस एकेडमी के छात्रों ने किया एमजीएम मेडिकल कॉलेज का दौरा

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर के सिरोमन नगर स्थित आरवीएस एकेडमी स्कूल के 12वीं कक्षा के जीव-विज्ञान के छात्रों को ने मंगलवार को मानगो स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कॉलेज में विभिन्न विभागों, शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, सूक्ष्म जीव विज्ञान, फामाकोलॉजी और वायरोलॉजी के क्षेत्रों की खोज आदि से छात्र-छात्राएं अवगत हुए। उन्होंने हृदय, यकृत और गुर्दे जैसे आवश्यक अंगों को देखा और यहां तक कि दिलचस्प शरीर रचना संग्रहालय में संरक्षित रोगग्रस्त अंगों का से भी रू-ब-रू हुए। जैव रसायन विभाग में, छात्रों ने मूत्र में शर्करा की उपस्थिति के परीक्षण में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की। साथ ही रोग विज्ञान परीक्षण में उपयोग किए जाने वाले विभिन्न उपकरणों की को देखा। फामाकोलॉजी विभाग छात्र-छात्राओं के लिए प्रश्न मंच की तरह रहा, जिन्हें वहां के डॉक्टरों आवश्यक जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर), एंजाइम-लिंक्ड इम्युनोसॉरबेंट परख (एलिसा) परीक्षण, इनक्यूबेटर, लैमिनर एयरफ्लो उपकरण, डीप फ्रीजर और सूक्ष्मजीवों का पता लगाने के लिए धुंधला होने की पद्धति के अलावा कई अन्य जानकारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## विद्यालय की प्रधान शिक्षिका कविता पति को दी गई विदाई

**PHOTON NEWS ROURKELA :** शहर के सेक्टर 16 सरकारी प्राथमिक विद्यालय की प्रधान शिक्षिका कविता पति को रिटायरमेंट पर विदाई दी गई।

राउरकेला प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से सेक्टर 15 सामुदायिक केंद्र में आयोजित विशेष कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक भास्कर नंदा ने किया। बिसरा ब्लॉक बीईओ बेनुधर स्वाई, कुतरा बीईओ शरत कुमार पति, शिक्षक संघ के अध्यक्ष गोबिंद चंद्र प्रक्तान बीईओ प्रदीप रथ, प्रक्तान एबीईओ प्रशांत बेहरा, सत्यभामा बेहरा, प्रफुल्ल कुमार जेना, प्रधान शिक्षक रश्मित साहनी, रमेश चंद्र राउल, सची स्वाई उपस्थित थे।

इस दौरान अतिथियों ने कविता पति के कार्य एवं शिक्षण



पर चर्चा की। अतिथियों ने अपने भाषण में कहा कि कर्म से हमेशा सम्मान मिलता है। उन्होंने समाज निर्माण में शिक्षकों की भूमिका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व और आत्म-मूल्यांकन पर भी चर्चा की। इस दौरान सत्यभामा बेहरा, कृपासिन्धु पति, आरती प्रधान, विभिन्न स्कूलों के प्रधानाध्यापक रश्मित साहनी, रमेश राउल, सुष्मिता महापात्र, तृप्तिमयी द्विवेदी, भास्कर नंद भी उपस्थित थे।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

# छठ घाट में वोट के साथ-साथ गोताखोर रहेंगे मौजूद लाइट की समुचित व्यवस्था, ड्रोन से होगी निगरानी

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र अवस्थित विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस, अनुमंडल पदाधिकारी चक्रधरपुर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद चक्रधरपुर, अंचल अधिकारी चक्रधरपुर, सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने छठ पूजा के दौरान छठ व्रतियों को दिए जाने वाले मौलिक मूल-भूत सुविधाओं



। ● फोटोन न्यूज

का निरीक्षण किया। साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा गया सीढ़ी घाट पर अपूर्ण शौचालय को पूर्णता क्रियान्वित किया गया है। ताकि छठ पूजा के दौरान नागरिक शौचालय का इस्तेमाल कर सके। घाटों पर सुरक्षा के मद्देनजर बास की बैरिकेडिंग करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। नदी में वोट के साथ-साथ गोताखोर भी मौजूद रहेंगे, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। सभी घाटों में लाइट की समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है। सभी घाटों में ड्रोन कैमरे की मदद से भी निगरानी रखी जाएगी।

### रोमन कैथोलिक चर्च की स्थापना वर्ष पर आयोजित कार्यक्रम का लिया जायजा

दूसरी ओर डीसी और एसपी ने खूंटपानी स्थिति रोमन कैथोलिक चर्च की स्थापना वर्ष के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सम्मिलित होने की संभावना को देखते हुए विधि-व्यवस्था संधारण हेतु निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में साफ सफाई की व्यवस्था, समुचित पार्किंग की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं पर निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया गया। भीड़ को कंट्रोल करने हेतु वॉलिंटियर रखने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही साथ अप्रिय घटना से बचने हेतु फायर एक्सटिंग्विशर भी रखने का भी निर्देश दिया।

### महिला कॉलेज के बीएड बहुउद्देशीय कक्ष में विभागीय सेमिनार का किया गया आयोजन

# 10 समूह में बंटी बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राएं

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** महिला कॉलेज के बीएड बहुउद्देशीय कक्ष में विभागीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का तुलनात्मक अध्ययन स्कूली शिक्षा के संदर्भ में रखा गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

सेमिनार का शुभारंभ विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक तथा एमएड इंटर्न्स के द्वारा दीप जलाकर किया गया। विभागाध्यक्ष



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि व अन्य। ● फोटोन न्यूज

मो. मोबारक करीम हाशमी ने सभी का स्वागत करते हुए सेमिनार के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। सेमिनार के लिए बीएड प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं को 10 समूह में बांटा गया और प्रत्येक समूह ने विषय पर पीपीटी द्वारा अपना पेपर प्रस्तुत किया। प्राध्यापकों के द्वारा सभी ग्रुप की प्रस्तुति के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया। सेमिनार का आयोजन एवं संगठन कोल्हान विश्वविद्यालय के आए हुए एमएड इंटर्स के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ अर्पित सुमन, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ राजीव लोचन, बबीता कुमारी, प्रो शीला समद, प्रो सीतेंद्र रंजन सिंह, प्रो. मदन मोहन तथा बीएड सेमेस्टर वन की सभी छात्राएं उपस्थित थीं।

साथ ही बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्राओं का स्टूडेंट कैबिनेट का गठन भी किया गया, ताकि विभाग के सभी कार्य को सुचारू रूप से चलाया जाए तथा छात्राओं में नेतृत्व के गुण को विकसित किया जा सके। संपूर्ण सेमेस्टर को गांधी, टैगोर अरविंद तथा विवेकानंद ग्रुप में बांटा गया। सभी ग्रुप का एक-एक क्लास रिप्रेजेंटेटिव, असेंबली, अनुशासन, सेमिनार, डिबेट, बागवानी, सफाई, प्राथमिक उपचार लीडर इत्यादि का चयन लोकतांत्रिक पद्धति से किया गया।

## युवक पर फायरिंग का मामला सुलझा एक गिरफ्तार, पिस्टल व मैगजीन जब्त

**PHOTON NEWS ROURKELA :** बिसरा में इरफान राजा नामक युवक को गोली मारने की घटना को पुलिस ने दो दिन बाद सुलझा लिया है। घायल इरफान के भाई द्वारा दी गई बयान में गली में 2 नकाबपोश युवक बाइक पर आया और उसे गोली मार कर फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने जांच की तो यह कहानी झूठी निकली। गोली चलाने वाले की पहचान इरफान के दोस्त जुनैद आलम के रूप में हुई है। जुनैद और इरफान पेशे से दोनो ड्राइवर था, और एक मालिक के लिए ऑटो और



अस्पताल में इलाजरत युवक। ● फोटोन न्यूज

पिकअप वैन चलाता था। घटना वाले दिन मालिक द्वारा दी गयी आरामगाह में दोनों के बीच झगड़ा हुआ।

पुलिस ने बताया कि झगड़ा के दौरान जुनैद गुस्से में आ गया और उसने इरफान पर गोली चला दी। लेकिन, घटना को दबाने के लिए आरोपी व अन्य लोगों द्वारा एक और साजिश रची गयी। शिकायतकर्ता को भी दबाव में रखा। आखिरकार पुलिस ने जांच की और आरोपी जुनैद को गिरफ्तार कर लिया और गोली चलाने में इस्तेमाल की गई पिस्तौल भी जब्त कर ली।

# पटना में सजा धनतेरस का बाजार

पटना। धनतेरस का त्योहार 10 नवंबर को मनाया जाएगा। धनतेरस के दिन धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन खरीदारी करना काफी शुभ माना जाता है। पटना के बाजार में धनतेरस की खरीदारी को लेकर बाजार सज गया है। धनतेरस से पहले ही लोगों में खरीदारी का उल्लास दिखाई देने लगा है। राजधानी के शोरूम में गाड़ियों की खरीद के लिए ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है। धनतेरस के लिए लोग पहले से ही प्री-बुकिंग करा रहे हैं। बोरिंग रोड स्थित कार लो शोरूम के सेल्स मैनेजर नवीन ने बताया कि सभी गाड़ियों को मिलाकर अबतक 150 के करीब प्री बुकिंग हुई है। धनतेरस के दिन 100 के करीब गाड़ियों की डिलिवरी दी जाएगी। ब्रेजा की डिमांड बहुत ज्यादा है। अर्टिगा और डिजायर की भी अच्छी मांग है। वैगनआर में 55-60,000 तक का डिस्काउंट मिल रहा है। सेविका ज्वेलर्स की स्टाफ शिखा ने बताया कि ज्वेलरी पर तुर्किश डिजाइन की ज्वेलरी की काफी बुकिंग चल रही है। दुबई पैटर्न पर मिरर फिनिश के साथ तुर्किश डिजाइन की ज्वेलरी को तैयार किया जाता है। धनतेरस के बाद शादी का सीजन शुरू हो जाएगा तो लोग इसकी खरीदारी पहले से ही कर रहे हैं। सेविका ज्वेलर्स में इसे 22% मेकिंग चार्ज पर बनाया जा रहा है। वहीं, लोगों में डायमंड की भी काफी डिमांड है। हर एक आइटम के बाद लोग डायमंड की खरीदारी



कर ले रहे हैं। इसकी खरीदारी पर एश्योर्ड गिफ्ट भी दिया जा रहा है। एसके पुरी स्थित कलहानु बजाज के शोरूम मैनेजर करण शाह ने बताया कि नए मॉडल की ज्यादा डिमांड है। पल्सर एन-150 नई लॉन्च हुई है और स्पोर्ट्स लुक के कारण युवा इसकी ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। इसकी काफी बुकिंग हो रही है। इसकी प्री बुकिंग अबतक 25 से ऊपर हो चुकी है। कलर की बात है तो पल्सर N-150 का व्हाइट वेरिएंट काफी पसंद किया जा रहा है। पल्सर-160, पल्सर-220, प्लेटिना बाइक भी लोग खरीद रहे हैं। अबतक 70 के करीब प्री बुकिंग हो चुकी है। हर एक बाइक की खरीदारी पर वीआईपी का ट्रॉली बैग गिफ्ट दिया जा रहा है। आदित्य विजन के सेल्स एग्जीक्यूटिव रवीश कुमार ने बताया कि अभी शोरूम में 50-60 प्री बुकिंग हो चुकी है। वर्ल्ड कप चल रहा है तो टीवी की डिमांड बढ़ी है। 55 इंच के टीवी की खरीदारी लोग ज्यादा कर रहे हैं। वहीं, ठंड के कारण लोग वाशिंग मशीन की अधिक डिमांड कर रहे हैं ताकि कपड़े धोने में आसानी हो। प्रीमियम फ्रिज की ज्यादा बुकिंग हो रही है। यहां क्रेडिट कार्ड पर कैशबैक का ऑफर दिया जा रहा है, जिसमें कस्टमर्स को 20 हजार तक की छूट दिया जा रहा है। 5 हजार की ऊपर की खरीदारी पर एश्योर्ड गिफ्ट भी दिया जाएगा। द एक्सपीरियंस जोन के मैनेजर मनीष कुमार ने बताया कि कैमरे की क्वालिटी को देखते हुए लोग फोन की खरीदारी कर रहे हैं। अब तक 60 फोन से ऊपर की प्री बुकिंग हो चुकी है। रियलमी के फोन की डिमांड ज्यादा है। क्योंकि कम प्राइस में इसमें अच्छे लुक और काफी फीचर्स मिल जाते हैं। 10 हजार से ऊपर की खरीदारी पर स्मार्ट वॉच गिफ्ट किया जा रहा है। वहीं, लियोड्रीम्स मोबाइल प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर मैनेजर चंदन कुमार ने बताया कि विवो V-29 प्रो का 25 से ऊपर प्री बुकिंग हो चुकी है।

## संक्षिप्त डायरी

### वृद्ध दंपती से ठगी, खाते से निकाले 20 हजार रुपए



जमुई । सोनो थाना क्षेत्र के डोकली गांव में वृद्धा पेंशन रुपए निकासी के नाम पर एक वृद्ध दंपती से 20 हजार रुपए उसके खाते से निकालने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़ित ने सोमवार को जमुई एसपी शौर्य सुमन के कार्यालय पहुंचकर आवेदन देते हुए बताया कि उसके खाते से गांव के ही प्रदीप दास द्वारा वृद्धा पेंशन रुपए निकासी के नाम पर 20 हजार रुपए कि निकासी कर लिया गया। इसको लेकर सोनो थाने में आवेदन दिया गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित वृद्ध दंपती की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के डोकली गांव निवासी मक्खन दास और उसकी पत्नी सविया देवी के रूप में की गई है। पीड़ित सविया देवी ने बताया कि उसके गांव के ही राजेंद्र दास का बेटा प्रदीप दास जो गांव में ही साइबर कैफे चलाता है। उसने वृद्ध दंपती को कहा की उसका वृद्धा पेंशन का रुपए आया है, वह उसे निकासी करा देगा। इसको लेकर वृद्ध दंपती उक्त युवक के झांसे में आकर दो बार फिंगर लगा दी। इसके खाते से 10-10 हजार कर दो बार रुपए निकाल लिया। इसके बाद वृद्ध को कहा कि साइबर खराब है। उसे दूसरे दिन पैसा दे दिया जाएगा। वहीं पीड़िता अपने घर चली गई। जब वह 6 महीने बाद रुपए निकलवाने बैंक पहुंची तो उसके खाते की जांच किया गया। उसके खाते से 10-10 हजार रुपए दो बार निकासी हो चुकी थी। हालांकि इसको लेकर पीड़िता ने सोनो थाने में 10 अक्टूबर को आवेदन दिया गया था। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित दंपती सोमवार को एसपी शौर्य सुमन के कार्यालय पहुंची। जहां एसपी को आवेदन देते हुए पूरी मामले की जांच कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं सोनो थानाध्यक्ष चितरंजन कुमार ने बताया कि पूरे मामले कि जांच की जा रही है।

### एसडीएम पद पर चयनित रानी कुमारी का जोरदार अभिनंदन



कटिहार। बीपीएससी की परीक्षा में 57वां रैंक सफलता हासिल कर एसडीएम पद पर चयनित होने के लिए कटिहार की रानी कुमारी का जोरदार अभिनंदन किया गया। इस अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता अवधेश कुमार मंडल ने की। जबकि संचालन संजय सिंह ने किया। इस अभिनंदन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व मंत्री तारिक अनवर, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ० राम प्रकाश महतो, कांग्रेस के कटिहार जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस अभिनंदन समारोह का आयोजन कुरेठा में किया गया था। जहां मौजूद मुख्य अतिथियों और बुद्धिजीवी लोगों द्वारा 67वां बिहार प्रशासनिक सेवा में 57वां रैंक पर चयनित रानी कुमारी का जोरदार अभिनंदन किया गया। मौके पर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर ने कहा कि कटिहार गुलाब चंद्र मंडल की बेटी रानी कुमारी ने कटिहार ही नहीं पूरे बिहार का नाम रोशन किया है। उन्होंने एसडीएम पद पर चयनित होने पर रानी कुमारी को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य होने का कामना की। जबकि उन्होंने अन्य युवतियों से भी रानी कुमारी से सीख लेकर लगातार मेहनत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की बेटी खासकर बिहार की बेटी का दबदबा हर क्षेत्र में है। इसी का एक उदाहरण कटिहार की रानी कुमारी ने कर दिखाया है। राष्ट्रीय महासचिव तारीक अनवर ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि जो जिम्मेदारी रानी कुमारी को मिली है उसका ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगी। कटिहार के साथ-साथ पूरे बिहार का नाम रोशन करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव तारीक अनवर ने रानी कुमारी के पिता गुलाब चंद्र मंडल एवं उनकी माता रीता कुमारी मंडल को भी बधाई दिया। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के अलावा अवधेश कुमार मंडल, संजय कुमार सिंह,अल्तमश दीवान, संजय पासवान,मोहम्मद हसन, मोहम्मद वहाब,जय नंदन मंडल, आफताब आलम, कंचन दास, मोहम्मद सऊद, अब्दुल मतीन, मीनाक्षी श्वेता, विनोद ओझा, एसएन मंडल, खुर्शीद आलम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोगों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा

नवादा । कादिरगंज ओपी क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मिनी गन फैक्ट्री पकड़ा है। पुलिस ने क्षेत्र के खरगु बिगहा और पचोहिया गांव के बीच सकरी नदी किनारे झाड़ी से एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेधन किया है। इसमें भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियार और उसके बनाने वाले कई उपकरण को बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने एक नामजद और कई अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। बरामद सामान में 2 पीस लोहे का बना 315 बोर का बैरल जिसकी लंबाई करीब साढ़े चार इंच, 5 पीस लोहे का बना अर्ध निर्मित देसी कट्टा का बॉडी, एक पीस लोहे का मैगजीन, 10 पीस लोहे का बना 12 बोर का पाइप जिसकी लंबाई 5 इंच, 8 पीस लोहे का 12 बोर का पाइप जिसकी लंबाई 13 इंच, तीन पीस लोहे का बना 315 का पाइप जिसकी लंबाई 5 इंच, दो पीस लोहे का हथौड़ा, तीन पीस रेती, एक टेंशन आरी और 13 ब्लेड, 8 पीस लोहे की छेनी छोटा बड़ा मिलाकर, एक लोहे का ड्रिल मशीन और 13 बीट, एक पीस लोहे की भट्ठी दो पीस लोहे का पक्कड़, एक पीस लोहे को तेज करने वाला सन, 10 लोहे का स्प्रिंग, एक गैस सिलेंडर बड़ा, एक पीस लोहे का 20 केजी का वाट, 6 पीस लोहे का ट्रिगर, दो पीस रिजेक्ट, दो पीस लॉक, एक पीस लॉक का पिन, 15 पीस लोहे का पत्तर छोटा बड़ा बरामद किया गया।

## जरासंध-धनानंद की नहीं चली, तुम्हारी भी नहीं चलेगी



बगहा । चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर संत रामभद्राचार्य ने एकबार फिर बिहार सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार जाति के आधार पर विभाजन कर रही है। लोगों को जातिवाद की आग में सरकार झोंक रही है। विधानसभा का सत्र बुलाकर जातीय गणना का अनुमोदन करा रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को जाति में बांटने का काम किया जा रहा है। कबतक जातिवाद का विषय चलेगा। आगे उन्होंने कहा कि जब यहां जरासंध की नहीं चली, धनानंद की नहीं चली तो सुन लो अब तुम्हारी भी नहीं चलेगी। साथ ही कहा कि भले ही अलग-अलग जात से हो लेकिन अंत में सब हिंदू ही हैं। लोगों से कहा कि याद रखो- चाहे जात अनेक हो, पर हमसब हिंदू एक हो। उन्होंने कहा कि जातियों में बांटने की सरकार की ये नीति कभी सफल नहीं होगी। तीन दिन पहले भी जगदगुरु रामभद्राचार्य ने बिहार सरकार पर हमला बोला था। बगहा के रामनगर में श्रीराम कथावाचन कार्यक्रम के चौथे दिन जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा था कि बिहार में बहुत दिनों तक जंगल राज नहीं चलेगा, गुंडों का राज नहीं चलेगा। उन्होंने शिक्षामंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि रामचरितमानस को बहुत जल्द राष्ट्र ग्रंथ होना है। तब निंदा करोगे तो राष्ट्रद्रोह का मुकदमा होगा। तुम सीधे कृष्ण जन्मभूमि के दर्शन करोगे। सातवें दिन की कथा में स्वामी रामभद्राचार्य जी का आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में गणमान्य लोग पहुंचे। बगहा विधायक राम सिंह, चनपटिया के पूर्व विधायक प्रकाश राय, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, मधुबनी प्रखंड प्रमुख विजया सिंह, राय त्रिपुरारी शर्मा, विजय सिंह चंदेल, अचिन्त कुमार लल्ला, रितु जयसवाल समेत कई लोग शामिल रहें। नौ दिवसीय रामकथा ज्ञान महायज्ञ धीरे-धीरे समापन की ओर बढ़ रहा हैं, जैसे-जैसे दिन गुजर रहा है वैसे-वैसे कथा सुनने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। महायज्ञ के सातवें दिन कथा स्थल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा।

## बेतिया के युवक की यूपी में हत्या, सिर काटकर फेंका

नौकरी के लिए दिए थे 20 हजार रुपए, वीडियो बनाकर आरोपियों ने पहले लौटाए पैसे, फिर मार डाला


बेतिया । युवक की यूपी में पैसों के लेनदेन को लेकर हत्या कर दी गई। तीन नवंबर को उसकी सिर कटी लाश पुलिस ने बरामद की थी। सिर की काफी खोजबीन की गई थी। पर नहीं मिला। मृत युवक सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गांव निवासी बबलू कुंवर के 20 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में हुई है। मृतक नौकरी के नाम पर दिए पैसे को लेने यूपी गया था, क्योंकि काम करने के बाद भी उसे सैलरी नहीं मिल रही थी। आरोपियों ने उसे 20 हजार रुपए दिए। जिसका वीडियो बनाकर सूरज के पिता के मोबाइल पर भेजा। वीडियो में दशार्या कि सूरज को पैसे मिल गए हैं। वो बिना किसी समस्या के घर के लिए




निकल चुका है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। रास्ते में उसकी हत्या कर दी गई। सिर काट कर नदी में फेंक दिया गया। मृतक की पहचान जेब में मिले पहचान पत्र से हुई। लाश यूपी के जालौन जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अकोढी दुबे गांव के पास देवी मंदिर के पीछे मिली। लाश की पहचान होने पर परिजनों को जानकारी दी गई। परिजन यूपी गए और लाश की पहचान की। सोमवार देर शाम शव को गांव लाया गया। मामले को दोनों हत्यारों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मृतक के पिता बबलू कुंअर के अनुसार सूरज यूपी में एक मार्केटिंग कंपनी में काम करने गया था। परिवार की तंग स्थिति को देखते हुए तीन माह पहले बेटा पढ़ाई छोड़कर कमाने के लिए यूपी के जालौन जिला औरैया चला गया। दो माह काम करने के बाद वह घर चला आया। पैसा लेने के लिए 1 नवंबर को घर से यूपी के लिए निकला था। 2 नवंबर को वो पहुंच गया था। उसके दोस्त के माध्यम से रुपए के लेनदेन का वीडियो मेरे मोबाइल पर भेजा गया। उसके बाद से उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। सूरज की हत्या से पहले उसे पैसे दिए गए थे। मृतक के पिता बबलू कुमार ने यूपी के थाना कोतवाली औरैया जनपद औरैया में बेटे की बरामदगी के लिए आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन के आधार पर पश्चिमी चंपारण के नवलपुर थाना क्षेत्र सिमरी नमन बढ़ई टोला गांव निवासी रविन्द्र राम (20) और सिरसिया जनपद थाना क्षेत्र के वृती टोला निवासी कमलेश कुमार (21) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। ये दोनों यूपी में ही रहते थे। पूछताछ के बाद दोनों ने यह स्वीकार किया कि सूरज का 20 हजार रुपए हम लोगों के यहां बकाया था। सूरज बार-बार पैसे मांग रहा था। परेशान होकर पैसा दे दिया। पैसा देने के बाद वीडियो भी बनाया। फिर सूरज की हत्या कर दी। सिर काटकर नदी में फेंक दिया ताकि पहचान नहीं हो। औरैया पुलिस अधीक्षक श्रीमती चारू निगम ने कहा कि हत्यारोपी कमलेश कुमार और रविंद्र राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद किया गया है।

## 3000 दीपों से जगमगा उठा बागमती का तट

दरभंगा । जिला गंगा समिति, दरभंगा द्वारा नदियों का त्योहार गंगा उत्सव का आयोजन दरभंगा शहर के बागमति नदी के तट पर शुभंकरपुर के राजा रामधनी घाट एवं हजारीनाथ घाट पर भव्य दीपोत्सव, गंगा आरती, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया।



भव्य दीपोत्सव में 3000 दीप दोनों घाट पर प्रज्वलित किया गया, दीपों की रौशनी से घाट जगमगा उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नमामि गंगे के जिला परियोजना पदाधिकारी फारूक इमाम ने कहा कि हमारी नदियों का जश्न मनाने और भारत में नदी घाटियों में नदी कायाकल्प के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य के साथ नदियों का त्योहार गंगा उत्सव का आयोजन देश भर में किया जा रहा है। आम जनमानस का नदियों, तालाबों, जल स्त्रोतों से जुड़ाव बढ़ाने के संकल्पना के साथ इस तरह का आयोजन लगातार किया जाता रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में नमामि गंगे गान, झिझिया, आरंभ है प्रचंड एवं नमामि नमामि गान पर भव्य नृत्य का आयोजन रिया कुमारी, वर्षा कुमारी, साक्षी कुमारी, ब्यूटी राज, सूरज कुमार एवं कुणाल कुमार एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। स्थानीय समाज सेवी बालेंदु झा ने अपने संबोधन में नदियों के घाटों को स्वच्छ रखने की अपील सभी उपस्थित लोगों से किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन सुधा नंदन झा ने किया।कार्यक्रम में एनसीसी के 30 से अधिक कैडेट्स का नेतृत्व शंकर राय ने किया। नमामि गंगे कार्यक्रम के स्पियर हेड सदस्य मणिकांत ठाकुर, पूजा कुमारी, उपासना कुमारी, परवेज आलम एवं संजीव कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गर्लफ्रेंड के लिए 20 लाख कर्ज लिया, मां-बेटे ने की खुदकुशी

### एक सप्ताह पहले दिए थे 4 लाख, फोन में मिले प्रेमिका के 9 मिस्ड कॉल

पूर्णिया । मां-बेटे की सुसाइड मिस्ट्री में नया मोड़ आया है। दोनों की सुसाइड की वजह पारिवारिक कलह नहीं, बल्कि धोखा और कर्ज का बढ़ता बोझ था। मां स्निग्धा मित्रा (58), बेटे परिजात मित्रा (26) के घर की तलाशी के दौरान पुलिस को कमरे से मिले मां-बेटे के सुसाइड नोट से यह राज खुले हैं। वहीं बेटे परिजात के मोबाइल से भी कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। परिजात का प्रिया नाम की युवती से अफेयर था। दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया पर ही हुई थी। उसके प्रेम में फंसकर परिजात करीब 20 लाख रुपए के कर्ज में डूब चुका था। कुछ दिन पहले परिजात ने प्रिया को 4 लाख रुपए भेजे थे। सुसाइड से पहले भी प्रिया नाम की लड़की के नंबर से परिजात के फोन पर 9 मिस्ड कॉल थे। प्रिया पिता की किडनी फेल्योर की झूठी कहानी रचकर परिजात से रुपए ऐंठ रही थी। प्रेम जाल में फंसकर परिजात ने अपने जीजा और मां के नाम पर भी रुपए उठाए थे। इसके बाद कर्जदारों के बढ़ते दबाव से परेशान होकर मां-बेटे ने ये खौफनाक कदम उठाया। कमरे की तलाशी के दौरान ऋछ और पुलिस की टीम को दो सुसाइड नोट मिले हैं। इसके साथ ही परिजात और उसकी मां के मोबाइल फोन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। कमरे से सल्फास का डिब्बा भी बरामद हुआ है। मैं परिजात मित्रा धोखेदारी में फंसकर कर्ज में डूबकर



आत्महत्या कर रहा हूं। जिसका जिम्मेदार मेरे परिवार का कोई भी सदस्य नहीं है। मेरे मृत्यु के बाद मेरे कर्जदार का भागीदार कोई भी घर का सदस्य (दीदी-जीजाजी) नहीं है। न वह मेरे कर्ज के बारे में कुछ जानते हैं। आनंद चौधरी से मैंने जो भी कर्ज लिया उसके बारे में दीदी, जीजाजी कुछ नहीं जानते हैं। मैंने जीजाजी के नाम पर रुपए उठाए। मेरे सारे कर्ज का जिम्मेदार मैं खुद हूं। मैंने बहुत प्रयास किया, लेकिन धोखेदारी में फंसकर कर्ज से मुक्त नहीं हो पाया। कर्जदारों की धमकी और चेतावनी से परेशान होकर मैं आत्महत्या के लिए विवश हुआ। मेरी मौत के बाद मेरे दीदी-जीजाजी को किसी भी प्रकार का जिम्मेदार नहीं ठहराया जाए। मैंने बाकी की जानकारी मेरे वॉट्सऐप पर दिया हूं, किसलिए मैं कर्ज में डूबा। मैं पूरे होश-हवास में ये लिख रहा हूं। मां स्निग्धा मित्रा ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि उसकी मौत के लिए घर का कोई भी सदस्य जिम्मेवार नहीं है। धोखेदारी और कर्ज में डूबकर वो ये कदम उठा रही हैं। इस बात का भी जिक्र किया है कि उनकी मौत के बाद कर्ज के रुपए के लिए कर्ज देने वाले उनकी बेटी और दामाद के ऊपर दबाव नहीं बनाएंगे। तलाशी के क्रम में पुलिस ने कमरे से परिजात का मोबाइल जब्त किया। वॉट्सऐप चैट से पता चला कि परिजात, प्रिया नाम की किसी युवती के टच में था। सोशल मीडिया के जरिए ही युवती ने परिजात को अपने प्रेम जाल में फंसाया था। इसके बाद तरह-तरह के बहाने बनाकर प्रिया, परिजात से भारी भरकम रुपए ऐंठा करती थी। परिजात, प्रिया के बिछाए जाल में फंसकर 20 लाख रुपए के कर्ज में डूब चुका था। उसने जीजा और मां के नाम पर भी आनंद चौधरी समेत कई लोगों से कर्ज ले रखा था। करीब एक सप्ताह पहले भी प्रिया नाम के वॉट्सऐप नंबर से परिजात से 4 लाख रुपए लिए गए थे। यह पैसे पिता की किडनी फेल्योर की झूठी कहानी बनाकर प्रिया ने परिजात से लिए थे। दोनों में लंबी बातचीत हुआ करती थी। सुसाइड से पहले भी प्रिया नाम की लड़की के नंबर से 9 मिस्ड कॉल था। ऋछ की टीम ने मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। सदर एसडीओ पुष्कर कुमार ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का लगता है। FSL की टीम की जांच में मोबाइल फोन और दो सुसाइड लेटर मिले हैं। एक मां और दूसरा बेटे का है। परिजात के वॉट्सऐप पर बहुत सारे मैसेज मिले हैं। किडनी ट्रांसप्लांट के नाम पर रुपए ट्रांसफर करवाए गए थे। प्रथम दृष्टया मामला कर्ज में डूबने के बाद सुसाइड का लग रहा है। हालांकि सबकुछ जांच का विषय है। वहीं मां और भाई की सुसाइड की खबर मिलते ही रोती बिलखती बेटी चंद्रानी मित्रा बंगाल के कुच बिहार स्थित घर से खजांची थाना क्षेत्र के शिवपुरी भट्ठा बाजार इलाके में मौजूद अपने मायके पहुंची। दर्दनाक हादसे के बाद से उसका रो-रोकर बुरा हाल है। उसके साथ पति और बच्चे भी पहुंचे हैं। बता दें कि 6 अक्टूबर सोमवार को शहर के जाने-माने पत्रकार स्वर्गीय अशोक मित्रा की पत्नी स्निग्धा मित्रा जो स्टांप वेंडर थी और परिजात मित्रा ने सल्फास की गोली खा ली थी। बेटे ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया था, जबकि बेटे की मौत के करीब 1 घंटे बाद मां की भी मौत हो चुकी थी।

## बालू लदे ओवरलोड 16 ट्रक जब्त

गोपालगंज । नगर थाना क्षेत्र के बंजारी मोड़ के पास जिला प्रशासन की टीम ने बालू माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान भारी मात्रा में बालू लदे 16 ओवरलोड ट्रक को जब्त किया गया।जब्त ट्रकों को फिलहाल नगर थाना की पुलिस अपने कब्जे में रखकर जांच-पड़ताल कर रही है।



ओवरलोडिग के खिलाफ सदर एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में नगर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थिति एनएच 27 पर ओवरलोडिग को लेकर सघन जांच-पड़ताल अभियान चलाया गया। जांच-पड़ताल के क्रम में विभिन्न जगहों से आ रही ओवरलोडेड बालू लदे ट्रकों को जब्त किया गया। ट्रकों की जांच के लिए परिवहन विभाग एवं खनन विभाग के अधिकारी पहुंच कर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। जांच के क्रम में सभी ट्रक पर क्षमता से अधिक बालू लदा पाया गया। जब्त ट्रकों पर लगभग 64 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। सदर एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि जुमार्ना देने के बाद ही ट्रकों को मुक्त किया जाएगा। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से ओवरलोडेड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। बंजारी के पास एनएच 27 पर सड़क किनारे कई ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक खड़े दिखाई पड़ रहे हैं। सदर एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने बताया की समीक्षा बैठक कर कुचायकोट से लौट रहे थे, इसी बीच बालू लदे ओवर लोडेड ट्रक दिखाई दिया जिसके बाद खनन विभाग परिवहन विभाग और पुलिस को सूचित कर जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान में 16 ट्रक को जब्त किया गया है जिन्हें जुमार्ने की राशि वसूल कर छोड़ा जाएगा।

## पटना सहित 19 शहरों में न्यूनतम तापमान गिरा

पटना। बिहार के अधिकतर जिलों में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम के समय अब ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आज पूरे दिन मौसम सभी जिलों में सामान्य बना रहेगा। राज्य में पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रभाव सात से 6 किलोमीटर ऊपर तक बना हुआ है। मौसम विश्लेषण के अनुसार सुबह में राज्य के अधिकांश भागों में धुंध छाए रहने की संभावना है। साथ ही हिमालय की तलहटी वाले क्षेत्रों और राज्य के पश्चिमी भाग के जिलों में सुबह में हल्का से मध्यम कुहासा लाने का पूवार्नुमान है। अगले दो-तीन दिन तक उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-पश्चिम के जिलों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस



की कमी आने की संभावना है। तापमान में गिरावट का सिलसिला तीन दिनों से जारी है। इसके प्रभाव से लोग सुबह-शाम हल्की ठंड के साथ सिहरन महसूस करेंगे। इस बीच बिहार में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.9 डिग्री सेल्सियस सीतामढ़ी के पुपरी और सबसे कम न्यूनतम तापमान गया में 15.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 31.3 और न्यूनतम तापमान 19.9 डिग्री रहा। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार बुधवार से पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, भभुआ, औरंगाबाद, अरवल में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट आ सकती है। पिछले 24 घंटे के दौरान पटना सहित 19 शहरों की न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। गया में इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, जहां राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 15 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा नवादा, पटना, मुजफ्फरपुर, छपरा, वैशाली, भोजपुर, बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर, पूर्णिया, समेत और शहरों के न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिली है।

## बार-बार भूकंप

नेपाल और उत्तर भारत में बार-बार भूकंप के झटकों से चिंता का माहौल है। सोमवार को आया ताजा झटका रिक्टर स्केल पर 5.6 का रहा, जबकि शुक्रवार रात आया झटका 6.4 तीव्रता का था। नेपाल में शुक्रवार 3 नवंबर को आए भूकंप की वजह से 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। भारत ने भी राहत राशि नेपाल भेजी है और वहां बचाव कार्य जोर-शोर से चल रहा है। सोमवार शाम को आए झटके से नेपाल में विशेष रूप से चिंता की लहर है। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र उत्तर प्रदेश में अयोध्या से 233 किलोमीटर उत्तर में था। वास्तव में, नेपाल की जो भौगोलिक स्थिति है, वहां आने वाला कोई भी भूकंप भारत को अवश्य प्रभावित करेगा। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के वैज्ञानिक संजय कुमार प्रजापति के अनुसार, ताजा भूकंप 3 नवंबर को आए भूकंप का अगला झटका है। वैसे अब तक 14 छोटे झटके आ चुके हैं। किसी बड़े भूकंप के समय छोटे-छोटे झटके आते हैं। सोमवार को दिल्ली में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए हैं। आशंकाओं का बाजार गरम है, क्या 3 नवंबर को नेपाल में आया 6.4 तीव्रता भूकंप ही मुख्य था और उसके बाद लग रहे छोटे-छोटे झटके उसका असर हैं? दरअसल, विज्ञान अभी इस स्थिति में नहीं है कि भूकंप पर कोई पुख्ता अनुमान लगा सके। अफसोस, नेपाल के जाजरकोट में ज्यादा जनहानि हुई है और इससे बाकी नेपाल में भी दुख का माहौल है। नेपाल में बचाव के सभी उपाय किए जा रहे हैं और कमजोर इमारतों से लोगों को हटाया भी गया है। नेपाल के लोगों के मन में साल 2015 में आए भूकंप की यादें ताजा हो आई हैं। उस आपदा में करीब 9,000 लोग मारे गए थे। तब कई कस्बे, सदियों पुराने मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल मलबे में तब्दील हो गए थे और दस लाख से अधिक घर नष्ट हो गए थे। नेपाल को उस वक्त लगभग छह अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था। नुकसान इस बार भी बहुत हुआ है और अभी कुल अनुमान लगाया जा रहा है। नेपाल में चूंकि सर्दियों के दिन शुरू हो चुके हैं, इसलिए चिंता ज्यादा है। भारत को नेपाल की हरसंभव मदद करनी चाहिए। ऐसे भूकंपों को न्यूनतम नहीं किया जा सकता, मगर उनसे होने वाले नुकसान को जरूर कम किया जा सकता है। दुनिया भर में प्राकृतिक आपदाएं हर साल औसतन 20 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करती हैं और दो करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो जाते हैं। दक्षिण एशिया के देशों को तो विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि हिमालय से लगा हुआ पूरा इलाका भूकंप संवेदी है। हिमालय से सटे तमाम देशों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अपनी अलग व्यवस्था भी करनी चाहिए। यह व्यवस्था दक्षेस के मंच से भी हो सकती है। आपदा के समय दक्षिण एशिया के देश एक-दूसरे के ज्यादा काम आ सकें, सूचनाएं साझा कर सकें, एक-दूसरे को बचाव सामग्री मुहैया करा सकें, इसके लिए पुख्ता तौर पर साझा आपदा प्रबंधन ढांचा तैयार रखना चाहिए।

## समन्वय की जरूरत

दिल्ली और आसपास के राज्यों पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के हिस्से हर साल हवा की गुणवत्ता में बड़ी गिरावट का सामना करते हैं। यह वो समय होता है जब दक्षिण-पश्चिम मानसून विदा हो चुका होता है और इसी के साथ, ऊपरी वायुमंडल में वो तेज हवाएं भी मद्धिम पड़ चुकी होती हैं जो निर्माण कार्य, ड्राइविंग, बिजली उत्पादन, पुआल जलाने जैसी तरह-तरह की इंसानी गतिविधियों से उपजे प्रदूषकों को अमूमन अपने साथ बहा ले जाती हैं। बीते वर्षों के दौरान, इस संकट को समझने, उसे स्वीकारने और उससे निपटने के लिए कई अध्ययन कराये गये हैं और कार्यपालिका के स्तर पर कार्रवाई शुरू की गयी है। प्रदूषकों के तुलनात्मक योगदान और प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों के बरक्स सुधारात्मक हस्तक्षेप की सीमाओं तथा इसके चलते आर्थिक जीवन में होने वाले व्यवधान को लेकर विज्ञान काफी स्पष्ट है। इसका नतीजा यह है कि वायु प्रदूषण संकट अब बेबसी में बदल चुका है। दिल्ली और उससे लगे राज्यों में वायु प्रदूषण के कारणों से निपटने की जिम्मेदारी जिस वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को दी गयी है, वह अभी विशेषज्ञता से भरा एक निकाय है, लेकिन उसकी शक्तियां वायु गुणवत्ता में गिरावट के आधार पर किए जाने वाले उपायों की श्रेणी (ग्रेड) की सिफारिश करने तक ही सीमित हैं। इसी 31 अक्टूबर को सीएक्यूएम ने बताया कि इस साल जनवरी से लेकर अक्टूबर तक दिल्ली में दैनिक औसत वायु गुणवत्ता बीते छह सालों में सबसे अच्छी थी, लेकिन वह इस तथ्य को गोल कर जाता है कि नवंबर के महीने में गंभीर (450 एक्यूआई से ज्यादा) वायु गुणवत्ता वाले दिनों की संख्या लगभग जस की तस बनी हुई है। वर्ष 2022 में नवंबर के पहले पखवाड़े में एक्यूआई तीन दिन गंभीर श्रेणी में था। यही संख्या 2021, 2020 और 2019 में भी थी। प्रदूषण के स्रोतों पर अंकुश के लिए बेहतर जागरूकता और कार्रवाई के बावजूद, नवंबर (जो हाल के वर्षों में प्रदूषण के लिहाज से सबसे मुश्किल महीना बनकर उभरा है) को काबू में ला पाना बाकी है। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पुआल जलाने की घटनाएं पिछले साल के मुकाबले मोटे तौर आधी हैं, हालांकि आगामी हफ्तों में ऐसी गतिविधि बढ़ने के आसार हैं। पहले जो भी उपाय देखे गये हैं वह वायु प्रदूषण से निपटने के लिए संस्थागत प्रतिक्रिया है, लेकिन अब समय आ गया है कि नवंबर की इन चुनौतियों से पार पाने के लिए समन्वित तरीका अपनाया जाए।

# समय पर पता चलने पर संभव है कैंसर का निदान

ANALYSIS



✍ योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसह्व मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है। भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है।




किसी भी व्यक्ति के लिए कैंसर ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से फैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसह्व मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है। भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि ह्यकैंसरह्व आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रक्त की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्रायः इतना महंगा होता है कि गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता। इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

लेखक, स्वतंत्र पत्रकार हैं।

# प्रभात की पहली किरण सरीखे प्रभाष जी

प्रभाष जी हिंदी के ऐसे श्रेष्ठ पत्रकार थे, जिनका नाम भारतीय भाषा के देश के श्रेष्ठ 10 पत्रकारों में गिना जाता है। बात याद आती है, वर्ष 2007 में उनके रायबरेली आगमन की। हम सबने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान उन्हें समर्पित करने का संकल्प लिया। इस संकल्प को सिद्ध प्रभाष जी ने रायबरेली पधार कर किया था। लखनऊ एयरपोर्ट पर हम लोग उन्हें लेने गए। मालवा के मान माने जाने वाले प्रभाष जी इनसाइक्लोपीडिया तो थे ही। चलती-फिरती पाठशाला भी थे। आमतौर पर हम कार्यों की व्यस्तता के चलते आचार्य द्विवेदी स्मृति दिवस में पधारने वाले अतिथियों को रिसीव करने लखनऊ नहीं जा पाते लेकिन प्रभाष जी के नाम और काम के प्रभाव में उस दिन हम ही उन्हें रिसीव करने एयरपोर्ट गए। एयरपोर्ट पर बाहर निकलते ही उनका आशीर्वाद ग्रहण किया और रायबरेली की यात्रा प्रारंभ हो गई। प्रभाष जी के साथ वह यात्रा हमारे ज्ञान का वर्धन और नाम की नई व्याख्या करने वाली साबित हुई। प्रभाष जी ने सामान्य बातचीत में इतिहास के उस पक्ष को बताना शुरू किया, जिसे हम अपनी अल्पबुद्धि से कभी महसूस नहीं कर सकते थे। अवध के इस अंचल में अधिकांश गांवों के नाम के आगे गंज या खेड़ा लगा होता है। बातों-बातों में ही प्रभाष जी ने साफ किया कि गंज मुसलमान शासकों के बसाए हुए हैं और खेड़ा मराठा शासकों के राज्य विस्तार के प्रतीक हैं।

प्रभाष जोशी जी आज होते तो 85 वें वर्ष में प्रवेश कर रहे होते। 11 बरस हो गए, आज ही के दिन काल के क्रूर हाथों ने विरल-सरल सहज-स्वभाव के प्रभाष जी को हम सबसे छीन लिया। प्रभाष जी हिंदी के ऐसे श्रेष्ठ पत्रकार थे, जिनका नाम भारतीय भाषा के देश के श्रेष्ठ 10 पत्रकारों में गिना जाता है। बात याद आती है, वर्ष 2007 में उनके रायबरेली आगमन की। हम सबने आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी युग प्रेरक सम्मान उन्हें समर्पित करने का संकल्प लिया। इस संकल्प को सिद्ध प्रभाष जी ने रायबरेली पधार कर किया था। लखनऊ एयरपोर्ट पर हम लोग उन्हें लेने गए। मालवा के मान माने जाने वाले प्रभाष जी इनसाइक्लोपीडिया तो थे ही। चलती-फिरती पाठशाला भी थे। आमतौर पर हम कार्यों की व्यस्तता के चलते आचार्य द्विवेदी स्मृति दिवस में पधारने वाले अतिथियों को रिसीव करने लखनऊ नहीं जा पाते लेकिन प्रभाष जी के नाम और काम के प्रभाव में उस दिन हम ही उन्हें रिसीव करने एयरपोर्ट गए। एयरपोर्ट पर बाहर निकलते ही उनका आशीर्वाद ग्रहण किया और रायबरेली की यात्रा प्रारंभ हो गई। प्रभाष जी के साथ वह यात्रा हमारे ज्ञान का वर्धन और नाम की नई व्याख्या करने वाली साबित हुई। प्रभाष जी ने सामान्य बातचीत में इतिहास के उस पक्ष को बताना शुरू किया, जिसे हम अपनी अल्पबुद्धि से कभी महसूस नहीं कर सकते थे। अवध के इस अंचल में अधिकांश गांवों के नाम के आगे गंज या खेड़ा लगा होता है। बातों-बातों में ही प्रभाष जी ने साफ किया कि गंज मुसलमान शासकों के बसाए हुए हैं और खेड़ा मराठा शासकों के राज्य विस्तार के प्रतीक हैं।

इतिहास, साहित्य और पत्रकारिता की बातें करते-करते वह हमारे नाम पर आए। बहुत ही सहज तरीके से उन्होंने कहा कि अगर मालवा में होते तो आपके नाम का उच्चारण गौरव नहीं गऊ-रव होता। अपने नाम की नई व्याख्या सुनकर मन प्रफुल्लित हुआ। अभी तक तो गौरव नाम की व्याख्या गर्व से ही सुनता-पढ़ता आया था। कई विशिष्ट जनों की मंगलकामनाएं भी इस नाम के अनुरूप प्राप्त होती रही हैं। इन शुभकामनाओं से मन ही मन गर्व की अनुभूति भी लेकिन प्रभाष जी से मिली नई व्याख्या ने मन में कुछ नए भाव ही पैदा किए। प्रभाष जी यही थे। हमेशा नया सोचने और करने वाले। प्रभात की पहली किरण से। पत्रकारिता और समाज के सूर्य की तरह न जाने कितने वर्ग, धर्म, जाति, संप्रदाय और गरीबों-शोषितों में उन्होंने रोशनी बिखेरी। रायबरेली की वह यात्रा हम ही नहीं हमारे तमाम मित्रों और आचार्य द्विवेदी के अनुयायियों के लिए आज भी यादगार है। याद आता है, उनका वह विनोदी स्वभाव भी, जिसने हमारे जैसे पता नहीं कितनों को अपना दीवाना बना रखा था। गाजियाबाद के उनके वसुंधरा वाले आवास पर एक बार मिलने जाने का संयोग बना। उस यात्रा में अनुज विनय द्विवेदी भी साथ थे। पहुंचने पर प्रभाष जी ने अपने ही अंदाज में जिस तरह आदरणीय चाचीजी (श्रीमती ऊषा जोशी जी) को आवाज दी थी, वह शब्द आज भी मन में गूंजते रहते हैं-अरे देखो! तुम्हारे मायके वाले आए हैं। चाचीजी कानपुर की हैं और हम मूल रूप से उन्नाव के। कर्मभूमि रायबरेली। इसके पहले वह वर्ष 2005 में अपने गुरु डॉ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण करने भी हम लोगों के अनुरोध पर पधार चुके थे। उन्हें पता था उन्नाव और कानपुर एक है। उनकी वह आवाज और चाचीजी का अतिशय प्रेम आज भी भुलाए भूलता नहीं। कुछ वर्षों के सानिध्य और फिर उनकी याद में दिल्ली में प्रभाष परंपरा न्यास की ओर से होने वाले आयोजनों में सहभागिता के बाद हम लोगों को असल एहसास हुआ कि प्रभाष जी आखिर थे क्या। उनकी सहजता से आम आदमी उनके उस विराट व्यक्तित्व का अंदाजा नहीं कर पाता। सामान्य जन के लिए सोचना, सामान्य जन के लिए करना और सामान्य जन के लिए लड़ना, यही तो प्रभाष जी की खासियत थी। उनके इसी स्वभाव और कर्म ने उन्हें देश का वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता बनाया। उनकी सहजता इतनी थी कि हम डॉ. सुमन की आवक्ष प्रतिमा के अनावरण का अनुरोध उनसे करने गए थे और वह अपने साथ ₹असली अतिथि₹ के रूप में डॉ. नामवर सिंह को लेकर उन्नाव पधारे। आज भी याद है, उन्नाव की उस यात्रा में भी लखनऊ एयरपोर्ट रिसीव करने हम ही गए थे। पीछे की सीट पर देश के तीन धुरंधर-प्रभाष जोशी जी, डॉ. नामवर सिंह जी एवं श्री राम बहादुर राय जी-विराजे थे।

## Social Media Corner

सच के हक में...



शिक्षा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ सामंजस्य की आवश्यकता है। शिक्षण अध्ययन को उद्योग के लिए तैयार स्नातक की तैयारी करनी चाहिए जो रोजगार पैदा करे और प्रौद्योगिकी संचालित दुनिया में प्रतिस्पर्धा कर सके। आप सभी देश दुनिया में जहां भी काम करें, अपनी यूनिवर्सिटी और इस क्षेत्र को हमेशा याद रखें।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



हेमंत सोरेन अपने नाकामियों के लिए ब्यूरोक्रेट्स को जिम्मेवार ठहरा रहे हैं। अरे, हेमंत जी कभी अपने गिरेबां में भी झांकिये! पिछले चार सालों से हेमंत ने झारखंड के ब्यूरोक्रेसी को पंगु बना दिया है। अधिकारियों से खनन घोटाला, जमीन घोटाला, शराब घोटाला और फर्जी केस मुकदमे दर्ज करवा के उन्हें अपने काले साम्राज्य का सहभागी बनाया है। अब जनता पिछले चार साल के कामों का हिसाब मांग रही है, तो हेमंत ब्यूरोक्रेट्स पर अपने नकारेपन का ठीकरा फोड़ रहे हैं। 'यूज एंड थ्रो' पॉलिसी में माहिर हेमंत सोरेन के षड्यंत्रों से ब्यूरोक्रेसी को सतर्क रहने की जरूरत है। अन्यथा कहावत तो सबने सुन रखी होगी 'बैल का बैल गया, नौ हाथ का पगहा भी गया'।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# प्रदूषण से कैंसर के बढ़ते खतरों को रोकने की चुनौती

आमजन में अक्सर यह धारणा रही है कि कैंसर मुख्यतः तंबाकू, खैनी-गुटखा या शराब के सेवन से ही होता है। पर, कैंसर अब इन वजहों तक सीमित नहीं रहा। इस खतरनाक बीमारी ने बड़ा विस्तार ले लिया है। अब प्रदूषण के चलते भी कैंसर काफी संख्या में होने लगा है। वायु प्रदूषण से सिर्फ अस्थमा, हृदय संबंधी रोग, स्किन एलर्जी या आंखों की बीमारियां ही नहीं होती, बल्कि जानलेवा कैंसर भी होने लगा है। इसलिए जरूरी है कि वायु प्रदूषण से फैलने वाले कैंसर के प्रति ज्यादा से ज्यादा देशवासियों को जागरूक किया जाए। इस काम में सरकारों के साथ-साथ आमजन को भी भागीदारी निभानी होगी। धुंध, प्रदूषित काले बादल व प्रदूषण की मोटी चादर इस वक्त कई शहरों में है जिसमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र अव्वल है। दिल्ली के अलावा देश के बाकी महानगरों का भी हाल ज्यादा अच्छा नहीं है, वहां भी लोगों को सांस लेना दूभर हो रहा है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। बहरहाल, कैंसर नए-नए रूप में उभर रहा है जिसमें दूषित वायु प्रदूषण अहम भूमिका में है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो विषाक्त और दमघोंटू प्रदूषण कई तरीके से कैंसर को जन्म दे रहा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि प्रदूषण शरीर में सबसे पहले अंदरूनी कोशिकाओं यानी डीएनए पर प्रहार कर उन्हें डैमेज करता है जो आगे चलकर कैंसर का प्रमुख कारण बनता है। इसके अलावा प्रदूषण से शरीर में इंफ्लेमेशन भी बढ़ता है और इम्यून सिस्टम को भी बिगाड़ता है। प्रदूषण को लेकर जो स्थिति इस वक्त पूरे देश में बनी है, हल्के-फुल्के मरीजों के लिए ये वक्त बहुत ही खतरनाक है। ऐसे मरीजों का वायु प्रदूषण के संपर्क में आने का मतलब है कैंसर, स्ट्रोक, श्वसन, हृदय संबंधी रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं को दावत देना। डब्ल्यूएचओ की पिछले साल की एक रिपोर्ट इसी माह नवंबर में आई थी जिसमें बताया गया था कि वायु प्रदूषण से पूरे संसार में प्रतिवर्ष लगभग सात मिलियन मौतें होती हैं जिसमें भारत को दूसरे स्थान पर रखा था। स्थिति इस वर्ष भी भयंकर है। भारत में पिछले तीन वर्षों में कैंसर से अपनी जान गंवाने वालों की संख्याओं पर नजर डालें तो, सन 2020 में 7,70,230 मौतें थी। जो 2021 में बढ़ कर 7,89,202 हुई। वहीं, 2022 में यानी पिछले साल भारत में कैंसर से मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ, संख्या बढ़ कर 8,08,558 पर पहुंच गई। इस साल का आंकड़ा दो महीने बाद आएगा, निश्चित रूप से वो भी डरावना ही होगा। कैंसर को लेकर जागरूकता की कोई कमी नहीं है। केंद्र सरकार से लेकर सभी राज्य सरकारें भी जन जागरूकता में अग्रणी भूमिका निभाती हैं। लेकिन कैंसर है कि रुकने का नाम ही नहीं ले रहा। चिकित्सकों की मानें तो कार्सिनोजेन यानी कैंसरजनक जो कैंसर फैलाने वाला पदार्थ है जो तंबाकू, धुआं, पर्यावरण, वायरस किसी से भी हो सकता है। मौजूदा कैंसर ज्यादातर दूषित वातावरण से ही होने लगा है। चलिए बताते हैं कि भारत में नेशनल कैंसर जागरूकता का आरंभ कब हुआ। सितंबर 2014 में, राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस की शुरूआत पहली बार भारत में तबके केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा हुई। तब उन्होंने एक समिति का गठन किया और निर्णय लिया कि विभिन्न किस्म के कैंसर की गंभीरता, उनके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी और प्रत्येक वर्ष नवंबर की 7 तारीख को ह्यराष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवसह्व मनाया जाएगा। तभी से इस खास दिवस की शुरूआत हुई। वैसे इस दिवस की प्रासंगिकता अब और बढ़ गई है। क्योंकि प्रदूषण, कैंसर का कारण बन रहा है। वायु प्रदूषण से उत्पन्न कैंसर से पहला बचाव तो यही है, कि धुंध-धुआं वाले स्थानों पर मास्क लगाकर रखें और वहां से हटने के बाद अपने हाथों और मुंह को साबुन से धोएं।

## खजाने पर बढ़ेगा बोझ

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शनिवार को किया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐलान महत्वपूर्ण है कि गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी याद दिलाया कि यह योजना कोविड-19 महामारी से उपजे चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर शुरू की गई थी। उस वक्त सख्त लॉकडाउन के कारण न केवल बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका छिन गई थी बल्कि उनके लिए नया काम ढूंढने या शुरू करने लायक हालात भी नहीं थे। ऐसे में यह संकट खड़ा हो गया था कि करोड़ों लोगों के घर में सुबह शाम चूल्हा कैसे जलेगा और वे अपने परिवार के लिए खाने का बंदोबस्त कैसे करेंगे। जाहिर है, उस स्थिति में दूरगामी नतीजों की चिंता किए बगैर नागरिकों को जीवन रक्षा के साधन मुहैया कराना सरकार के लिए पहली प्राथमिकता हो गई थी। तमाम राजनीतिक दल ही नहीं, इकॉनमिक एक्सपर्ट्स भी तब उस तरह की नीति की वकालत कर रहे थे। हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं कि लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था। इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल भी कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के बीच भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं। बाद में जैसे-जैसे स्थितियां सुधरीं और कामकाज सामान्य रूप लेने लगा, इस योजना को जारी रखने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

THE PHOTON NEWS

07 www.thephotonnews.com
Wednesday, 08 November 2023

# मल्टी-क्लाउड एप्लिकेशन एफ5 ने की 120 कर्मचारियों की छंटनी

**सैन फ्रांसिस्को/नई दिल्ली-**

अमेरिका स्थित मल्टी-क्लाउड एप्लिकेशन सिक्योरिटी और डिलीवरी में वैश्विक अग्रणी कंपनी एफ5 ने कथित तौर पर 120 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। गीकवायर की एक रिपोर्ट के अनुसार, एफ5 छंटनी निवेश और संसाधनों को उन पहलों के साथ संरेखित करती है, जो हमारे कस्टमर्स के लिए हाइब्रिड और मल्टी-क्लाउड एप्लिकेशन सिक्योरिटी और डिलीवरी को आसान बनाने की हमारी रणनीति को तेज करती हैं। नौकरी में कटौती से कंपनी के 2 प्रतिशत से भी कम कार्यबल पर असर पड़ा है, जिसमें लगभग 6,400 लोग कार्यरत हैं। पिछले महीने के अंत में, सिएटल स्थित एफ5 ने अपनी चौथी तिमाही और 30 सितंबर को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्तीय वर्ष 2023 का राजस्व एक साल पहले की अवधि से 4 प्रतिशत बढ़कर 2.8 बिलियन डॉलर हो गया, जो वित्तीय वर्ष 2022 में 2.7 बिलियन डॉलर से अधिक है। वैश्विक सेवाओं का राजस्व एक साल पहले की अवधि से 7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि उत्पाद राजस्व 1 प्रतिशत बढ़ा। एफ5 के अध्यक्ष और सीईओ फ्रेंकोइस लोको-डोनोउ ने कहा, हमारी चौथी तिमाही में, हमने 11 प्रतिशत सॉफ्टवेयर राजस्व वृद्धि, ऑपरेटिंग मार्जिन में सुधार और प्रति शेयर आय में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की।लोको-डोनोउ ने कहा, हम वित्तीय वर्ष 2024 में ऐसे माहौल में प्रवेश कर रहे हैं जो स्थिर होता दिख रहा है। वास्तव में, मांग के नजरिए से, पूरे वित्तीय वर्ष 2023 में सदस्यता नवीनीकरण ने अच्छा प्रदर्शन किया और हमने अपनी चौथी तिमाही में उद्यम ग्राहकों से उत्साहजनक संकेत देखे।वित्तीय वर्ष 2024 के लिए, एफ5 को राजस्व की उम्मीद है जो उसके वित्तीय वर्ष 2023 के राजस्व से कम-एकल-अंकीय प्रतिशत की गिरावट के बराबर है। इस साल मई में, एफ5 ने बेंगलुरु में अपना नया इंजीनियरिंग



केंद्र खोला जो अनुसंधान, विकास और उत्पाद नवाचार को बढ़ावा देने में मदद करेगा। 50,000 वर्ग फुट के विकास केंद्र में 250 कर्मचारियों के बैठने की क्षमता है। लोको-डोनोउ ने कहा, भारत में संपन्न टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम है और डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों के जरिए मजबूत पब्लिक सेक्टर के नेतृत्व वाले इनोवेशन से लाभ मिलता है। भारत में दो दशकों से अधिक समय से संचालित, हैदराबाद में एफ5 का सबसे बड़ा अनुसंधान एवं विकास केंद्र अमेरिका और इजरायल में अपने अन्य वैश्विक इंजीनियरिंग केंद्रों के साथ मिलकर अपने समाधान पोर्टफोलियो को बढ़ाने के उद्देश्य से काम करता है।

# एलन मस्क की टेस्ला जनवरी 2024 तक भारत आ सकती है : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला जल्द ही भारतीय सड़कों पर दौड़ सकती है। केंद्र सरकार देश में जनवरी 2024 तक इसके प्रवेश के लिए संबंधित विभागों से सभी आवश्यक मंजूरी प्रदान करने की प्रक्रिया तेज कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने टेस्ला के निवेश प्रस्ताव सहित देश में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माण के आगामी चरण की समीक्षा के लिए सोमवार को शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की। जून में अमेरिका की यात्रा के दौरान मस्क और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच एक बैठक हुई थी। इसके बाद, केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, भारी उद्योग और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत में टेस्ला की योजनाओं के बारे में चर्चा में लगे हुए हैं। सितंबर में एक रिपोर्ट में कहा गया था कि टेस्ला भारत में बैटरी स्टोरेज के लिए एक फैक्ट्री बनाने की योजना बना रही है और उसने सरकार को इसके लिए एक प्रस्ताव भी भेजा है। इलेक्ट्रिक कार निर्माता ने हाल की बैठकों के दौरान अपने पावरवॉल के साथ देश की बैटरी भंडारण क्षमता का समर्थन करने का प्रस्ताव रखा।मस्क भारत में टेस्ला आपूर्ति प्रणाली बनाने का भी लक्ष्य बना रहे हैं।केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि ईवी प्रमुख इस साल भारत से 1.9 बिलियन डॉलर तक के ऑटोमोबाइल पार्ट्स खरीदने की योजना बना रही है। मंत्री ने कहा कि पिछले साल टेस्ला ने पहले ही भारत से 1



अरब डॉलर के कंपोनेंट खरीदे थे और इस साल उनका लक्ष्य 1.7-1.9 अरब डॉलर का है।

# बी2बी खर्च में बढ़ोतरी के मामले में भारतीय व्यवसाय विश्व में अग्रणी : अमेरिकन एक्सप्रेस सर्वे

**नई दिल्ली।**

अमेरिकन एक्सप्रेस के सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च (सीईबीआर) के सहयोग से हाल में कराए गए एक सर्वे से पता चला है कि भारतीय बिजनेस वैश्विक लीडर्स के रूप में उभर रहे हैं, जिसमें 72 प्रतिशत लोगों को 2023 में बी2बी खर्च में बढ़ोतरी की उम्मीद है, जो वैश्विक औसत 49 प्रतिशत से अधिक है। बी2बी खर्च में इस उछाल के पीछे प्रेरक शक्ति मुख्य रूप से प्रौद्योगिकी निवेश है, उल्लेखनीय 88 प्रतिशत भारतीय व्यवसाय पहली छमाही की तुलना में 2023 की दूसरी छमाही में तकनीकी प्रगति के लिए अधिक धन आवंटित करने की योजना बना रहे हैं। यह कदम भुगतान की गति में सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और अधिक डिजिटल उत्पादों के लिए ग्राहकों की मांगों को पूरा करने के उनके लक्ष्यों के अनुरूप है। बिजनेस ट्रेवल फिर वापसी करने के लिए तैयार हैं, क्योंकि 72 प्रतिशत भारतीय बिजनेस यात्रा, मनोरंजन और खर्चों पर खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। यह नेटवर्किंग, उद्योग अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और संभावित साझेदारियों की खोज पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का संकेत देता है। इसके अलावा, 68 प्रतिशत भारतीय बिजनेस व्यवसाय और पेशेवर सेवाओं में अधिक निवेश करने का इरादा रखते हैं, जिनमें से एक अहम हिस्सा तकनीकी प्रगति का प्रभावी ढंग से लाभ उठाने के लिए आईटी और प्रौद्योगिकी परामर्श सेवाओं पर अधिक खर्च की उम्मीद करता है। मनीष कपूर, उपाध्यक्ष और प्रमुख, ग्लोबल कमर्शियल सर्विसेज (जीसीएस), अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉर्प, भारत ने कहा, यह उल्लेखनीय है कि 84 प्रतिशत भारतीय व्यवसायों ने प्रभावशाली तरीके से अपने आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान को आंशिक रूप से स्वचालित करने के लिए कदम उठाए हैं। 39 प्रतिशत अपनी भुगतान प्रक्रियाओं का पूर्ण स्वचालन प्राप्त कर रहे हैं। जैसे-जैसे व्यावसायिक परिदृश्य तेजी से प्रतिस्पर्धी होता जा रहा है, स्मार्ट और अधिक कुशल भुगतान समाधान अपनाने की आवश्यकता सर्वोपरि हो जाती है।

उदाहरण के लिए, कॉरपोरेट कार्ड, विस्तारित भुगतान शर्तों, बी2बी व्यय पर रिवॉर्ड और निर्बाध भुगतान सुविधा की पेशकश के साथ, अपने खर्च कर सकते हैं, वे अधिक लाभप्रद और कुशल हैं, वे खर्च करने के साथ-साथ प्रभावी ढंग से कमाई भी करते हैं।

# लेनोवो और ईपीओएस ने बिजनेस प्रोफेशनल्स के लिए हाई-क्वालिटी ऑडियो सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए मिलाया हाथ




**नई दिल्ली।**

कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख लेनोवो और ऑडियो सॉल्यूशन और टेक्नोलॉजी कंपनी ईपीओएस ने मंगलवार को बिजनेस प्रोफेशनल्स के लिए हाई-क्वालिटी ऑडियो सॉल्यूशन प्रदान करने के लिए स्ट्रैटेजिक एग्रीमेंट की घोषणा की। पार्टनरशिप के जरिए, ईपीओएस पीसी ऑडियो एक्सेसरीज के लिए लेनोवो का ग्लोबल ऑडियो पार्टनर होगा। ईपीओएस पोर्टफोलियो को लेनोवो के थर्ड-पार्टी ऑफरिंग प्रोग्राम में शामिल किया जाएगा, जिससे कस्टमर्स को एक ही स्रोत से ऑडियो डिवाइस का व्यापक विकल्प मिलेगा।

एसवीपी वर्ल्डवाइड स्मॉल एंड मीडियम बिजनेस सेगमेंट एंड कमर्शियल प्रोडक्ट सेंटर के लेनोवो आईडीजी एरिक यू ने बयान में कहा, ऑडियो टेक्नोलॉजी में लेनोवो और ईपीओएस की विशेषज्ञता के साथ, हम हाई-क्वालिटी ऑडियो सोल्यूशन प्रदान कर सकते हैं जो प्रोफेशनल यूजर्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो कम्युनिकेशन, कोलैबोरेशन और ऑप्टीमल प्रोडक्टिविटी की मांग करते हैं। पार्टनरशिप के तहत, शुरूआती फेज में कॉन्फ्रेंस कॉल की हाइब्रिड वर्ल्ड को बढ़ाने के लिए प्रोफेशनल्स यूजर्स के लिए डिजाइन किए गए चयनित हेडसेट जारी करना शामिल होगा। कंपनी ने कहा कि लेनोवो ईपीओएसको-ब्रांडेड हेडसेट में से दो अब भी उपलब्ध हैं, जो टीम्स और जूम के लिए प्रमाणित हैं, और अन्य यूसी ऐप्लिकेशन के लिए अनुकूलित हैं और ईपीओएस की सिग्नेचर साउंड क्वालिटी और कंफर्ट फीचर देते हैं। ईपीओएस के अध्यक्ष जेप्पे डालबर्ग-लार्सन ने कहा, लेनोवो के साथ इस उद्यम को शुरू करने से हमें इस प्रतिबद्धता को जारी रखने, अपनी ऑफरिंग का विस्तार करने और कम्युनिकेशन और कोलैबोरेशन एक्सपीरियंस के लिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद मिलेगी। मैं हमारी पार्टनरशिप के इस नए चैप्टर को लेकर बहुत उत्सुक हूं।

# 13.7प्रतिशत साइबर हमलों के साथ भारत सर्वाधिक लक्षित देश : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

सभी साइबर हमलों में 13.7 प्रतिशत के साथ भारत सबसे अधिक लक्षित देश है, इसके बाद 9.6 प्रतिशत के साथ अमेरिका, 9.3 प्रतिशत और 4.5 प्रतिशत के साथ इंडोनेशिया और चीन हैं। सोमवार को जारी एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।साइबर सुरक्षा फर्म साइफिरमा के अनुसार, 2022 में भारत सबसे अधिक लक्षित देश था, क्योंकि सरकारी एजेंसियों पर हमले दोगुने से अधिक हो गए। 2022 की दूसरी छमाही में सरकारी एजेंसियों पर 2021 की समान अवधि की तुलना में 95 प्रतिशत अधिक साइबर हमले हुए। भारत में राज्य प्रायोजित साइबर हमलों की संख्या 2021 की तुलना में 2022 में 100 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। रिपोर्ट के अनुसार, हेल्थकेयर हैकर्स द्वारा सबसे अधिक लक्षित क्षेत्र है,

इसके बाद शिक्षा, अनुसंधान, सरकार और सैन्य क्षेत्र हैं। साइफिरमा के सीईओ और संस्थापक कुमार रितेश ने कहा, विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रमुखता और पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा अन्य बड़े देशों की तुलना में भारत का पक्ष लेने के दबाव, कम साइबरसेक परिपक्वता वाली एक युवा और तकनीक-प्रेमी आबादी ने महत्वपूर्ण संपत्तियों, सरकारी एजेंसियों के पीछे आने वाले हैकरों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा, रिपोर्ट से पता चला है कि 2022 में भारत में किसी संगठन पर प्रति सप्ताह औसतन 1,866 बार हमला किया गया। साइबर हमलों के सबसे आम प्रकार फ़िशिंग हमले, मैलवेयर हमले और रैंसमवेयर हमले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में लगभग 78 प्रतिशत भारतीय संगठनों ने रैंसमवेयर हमले का अनुभव किया, जिनमें से 80 प्रतिशत हमलों के परिणामस्वरूप डेटा एन्क्रिप्शन हुआ।




## इंडिगो अगले वर्ष बाली, मदीना के लिए उड़ानें शुरू करेगी: सीईओ

**गुरुग्राम ।** विमानन कंपनी इंडिगो ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 में बाली और मदीना के लिए उड़ानें संचो लित करने योजना बनाई है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने यह बात कही। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि एयरलाइन चालू वित्त वर्ष में 10 करोड़ यात्रियों को सफर कराने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सितंबर तिमाही में कंपनी ने 2.6 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं और उसे 189 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। एल्बर्स ने कहा कि हम अपना अंतरराष्ट्रीय विस्तार जारी रखेंगे। इस समय एयरलाइन 100 अंतरराष्ट्रीय सहित लगभग 500 मार्गों पर संचालन करती है।



## दिवाली से पहले सरकार ने गन्ने की कीमतें बढ़ाई

**हिसार ।** दिवाली से पहले किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए हे रियाणा सरकार ने गन्ने की कीमतों में 14 रुपये का इजाफा किया है। इससे गन्ने के प्रति क्विंटल की कीमत में इजाफा हो गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने चालू पेराई मौसम के लिए गन्ने की कीमत 14 रुपये बढ़ाकर 386 रुपये प्रति क्विंटल करने की घोषणा की। यह अभी 372 रुपये प्रति क्विंटल थी। इसकी घोषणा खट्टर ने सोशल मीडिया पर भी की है। वहीं उम्मीद की जा रही है कि गन्ने की कीमतें बढ़ने से किसानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। खट्टर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मेरे गन्ना उत्पादक किसान भाइयों के लिए, मैं आज हरियाणा में गन्ने की प्रति क्विंटल दर 372 रुपये से बढ़ाकर 386 रुपये करने की घोषणा करता हूं। हमारे किसानों के लिए बहुत खुशी की बात है कि यह देश में गन्ने का सबसे ऊंची दर होगी। पड़ोसी राज्य पंजाब में गन्ने की कीमत 380 रुपये प्रति क्विंटल है। खट्टर ने यह भी घोषणा की कि अगले साल यह दर बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल कर दी जाएगी। 386 रुपये प्रति क्विंटल की नई कीमत चालू पेराई सत्र से लागू होगी। इससे पहले जनवरी में खट्टर ने गन्ने की कीमत में 10 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की थी, जिससे फसल की दर बढ़कर 372 रुपये प्रति क्विंटल हो गई थी।

## पांच राज्यों में चुनावों से पहले बाजार सतर्क

**नई दिल्ली।**

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने मंगलवार को कहा कि बाजार में उच्च स्तर पर कुछ प्रतिरोध देखा गया है। कई राज्यों में चुनावों के चलते सावधानी बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि चीनी निर्यात में उम्मीद से अधिक गिरावट के कारण नकारात्मक वैश्विक संकेत मिले हैं, जो वैश्विक व्यापार में जारी मंदी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब और रूस द्वारा आपूर्ति में कटौती की अवधि बढ़ाए जाने के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आई है, जो भू-राजनीतिक तनाव के बीच भारत के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा, यह अमेरिकी बांड यील्ड में नरमी और पॉजिटिव अर्निंग सीजन के साथ, लॉन्ग टर्म रिटर्न का समर्थन करेगा। प्रोग्रेसिव शेयर्स के निदेशक आदित्य गग्गर ने कहा कि निफ्टी 5.05 अंकों के मामूली नुकसान के साथ 19,406.70 पर बंद हुआ। सेक्टरों में, फार्मा 1.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ शीर्ष प्रदर्शन करने वाला रहा, जबकि मुनाफावसूली के दबाव ने रियल्टी सेगमेंट को नीचे खींच लिया। आईटी और मेटल क्षेत्र में खास स्टॉक पर कार्रवाई देखी गई। मिड और स्मॉलकैप ने बढ़त बनाई और फ्रंटलाइन इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया।



# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

### सेंसेक्स 825 , निफ्टी 264 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मामूली गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आया है। इसके अलावा एशियाई बाजारों में आई गिरावट और वित्तीय व संपत्ति कंपनियों के शेयर में बिकवाली से भी बाजार पर दबाव आया। बाजार के 13 प्रमुख क्षेत्रों में से 9 में गिरावट रही। वित्तीय क्षेत्र में 0.5 फीसदी की गिरावट रही। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में से क्षेत्र 2.05 फीसदी तक बढ़ा है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित, बीएसई सेंसेक्स 16.29 अंक करीब 0.03 फीसदी नीचे आकर 64,942.4 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय ये 65 हजार से ऊपर जाने के बाद 64,638 अंक तक नीचे आया। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी-50 भी 8.75 अंक तकरीबन 0.05 फीसदी नीचे आकर 19,403 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों के शेयर लाभ के साथ ही ऊपर आये जबकि 20 के शेयर नुकसान के साथ ही गिरावट पर बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में से सन फार्मा का शेयर सबसे ज्यादा 1.92 फीसदी




ऊपर आया। इसके अलावा एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी उछले जबकि बजाज फाइनेंस, जेएसडब्ल्यू स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईटीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और भारती एयरटेल के शेयर नीचे आये।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 2.12 फीसदी नीचे आकर 83.37 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर फिसल गया। विदेशी निवेशकों ने गत दिवस 549.37 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इससे पहले आज सुबह बाजार में सुस्ती देखी जा रही है। सेंसेक्स और निफ्टी मिलेजुले कारोबार के साथ खुले हैं। सेंसेक्स हरे निशान में खुला है तो निफ्टी मामूली फिसलकर कारोबार कर रहा था। बैंक निफ्टी में 170 अंकों से ज्यादा की गिरावट देखी जा रही है और ये 43500 के नीचे कारोबार पर है। बीएसई का सेंसेक्स 62.6 अंकों की मामूली तेजी के साथ 65,021 के स्तर पर खुला है। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 8 अंक फिसलकर 19,404 के स्तर पर खुला है।

## एचपीसीएल को जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,827 करोड़ रुपये का मुनाफा

**मुंबई।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 5,826.96 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की समान तिमाही 2,476 करोड़ रुपये के भारी घाटे से उबरने में मददगार है। हालांकि, क्रमिक रूप से, कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण एचपीसीएल का शुद्ध लाभ अप्रैल-जून तिमाही के 6,765.50 रुपये के लाभ से 14 प्रतिशत कम हो गया।एचपीसीएल ने अप्रैल-सितंबर 2023 के दौरान 12,592 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक अर्ध-वार्षिक समेकित शुद्ध लाभ कमाया है (पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 11,033 करोड़ रुपये के समेकित शुद्ध घाटे के मुकाबले)।इस अवधि के दौरान कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ भी अब तक का सबसे अधिक 11,322 करोड़ रुपये था, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान कंपनी का स्टैंडअलोन शुद्ध घाटा 12,369 करोड़ रुपये था। जुलाई-सितंबर 2023 की अवधि के लिए स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 5,118 करोड़ रुपये था, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 2,172 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। जुलाई-सितंबर 2023 की अवधि के लिए औसत जीआरएम (निर्यात शुल्क का सकल) 13.33 डॉलर प्रति बैरल (पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 8.41 डॉलर प्रति बैरल) था। अप्रैल-सितंबर 2023 की अवधि के लिए औसत जीआरएम (निर्यात शुल्क का सकल) 10.49 डॉलर प्रति बैरल (पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 12.62 डॉलर प्रति बैरल) था।एचपीसीएल रिफाइनरियों ने जुलाई-सितंबर 2023 (111.6 प्रतिशत पर परिचालन) के दौरान 5.75 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) के अपने उच्चतम तिमाही क्रूड को संसाधित किया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान संसाधित 4.49 एमएमटी क्रूड से 28 प्रतिशत अधिक है। .

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम
HP

# अमेरिका स्थित अहेड गुरुग्राम में खोल रहा ऑफिस, अगले 12 महीनों में करेगा 1,000 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।**

क्लाउड, डेटा और इंजीनियरिंग सॉल्यूशन के लीडिंग प्रोवाइडर अहेड ने मंगलवार को गुरुग्राम में एक डेडिकेटेड सर्विस डिलीवरी ऑफिस खोलने की घोषणा की और कहा कि वह देश में अगले 12 महीनों में 1,000 से ज्यादा व्यक्तियों को नियुक्त करने की योजना बना रही है।यह अमेरिका के बाहर अहेड के उद्घाटन कार्यालय का प्रतीक है और इसकी वैश्विक विस्तार रणनीति के एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में भारतीय बाजार के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

अहेड इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रवीण ग्रोवर ने एक बयान में कहा, अमेरिका के बाहर हमारे पहले डिलीवरी सेंटर की शुरूआत देश में इनोवेशन और डिजिटल विकास को गति देने के लिए तैयार है। हम अपनी सर्विस डिलीवरी को मजबूत करने के लिए 1,000 से अधिक व्यक्तियों को नियुक्त करने की योजना पर काम करेंगे। कंपनी ने कहा कि नए ऑफिस के जरिए वह न केवल अपने क्लाइंट डिलीवरी क्षमताओं में तेजी ला रहे हैं, बल्कि खुद को लोकल कल्चर में इंटीग्रेटेड भी कर रहे हैं। अहेड के संस्थापक और सीईओ डैनियल एडमनी ने कहा, भारत की डिजिटल ग्रोथ स्टोरी विश्व स्तर पर सबसे रोमांचक




अवसरों में से एक है और हम इसका हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। अपने पहले विदेशी डिलीवरी लोकेशन के जरिए, हमारा लक्ष्य अपने कस्टमर्स के लिए एक स्थायी और सकारात्मक प्रभाव डालना है।

अहेड क्लाउड, डिजिटल इंजीनियरिंग, डेटा और एनालिटिक्स, डेटा सेंटर आधुनिकीकरण, बिजनेस ऑटोमेशन, साइबर सिक्योरिटी और मैनेज सर्विस में एडवांस टेक्नोलॉजी सर्विस और सॉल्यूशन की एक विस्तृत रेंज प्रदान करता है।




## विस्तार ने बोइंग और एयरबस उड़ानों में वाई-फाई सेवा शुरू की

**मुंबई ।** एयरलाइन कंपनी विस्तार ने कहा कि उसने अपने बोइंग 787 और एयरबस ए321 नियो उड़ानों में वाई-फाई इंटरनेट सेववा की शुरुआत कर दी है। कंपनी ने कहा कि यह सेवा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर उसके लॉयल्टी कार्यक्रम और क्लब विस्तार सदस्यों के लिए होगी। कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही विस्तार ऐसी सुविधा देने वाली पहली घरेलू एयरलाइन बन गई है। एयरलाइन ने कहा कि यह सुविधा क्लब विस्तार के सभी सदस्यों के लिए उपलब्ध है। क्लब विस्तार में शामिल होने के लिए किसी प्रकार की फीस नहीं देनी होगी। विस्तार के एक वे रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि इंटरनेट से जुड़े रहना आधुनिक जीवन का एक अनिवार्य पहलू है। हम चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर अपने लॉयल्टी कार्यक्रम और क्लब विस्तार सदस्यों को वाई-फाई की पेशकश करके प्रसन्न हैं।

**मास्टर स्तर पर रोजगार से सीधे-सीधे रिश्ता जोड़ने में जिन कोर्स ने अपनी पहचान बनाई है, उनमें एमआईबी भी एक है. एमआईबी का मतलब है मास्टर ऑफ इंटरनेशनल बिजनेस. करीब 15 साल पहले शुरू किया गया यह कोर्स दिल्ली विश्वविद्यालय में खासा लोकप्रिय हो रहा है.**

# विश्व बाजार में नेतृत्व का हुनर सिखाए एमआईबी



मास्टर स्तर पर जिन छात्रों को रोजगार की जरूरत होती है वे इस कोर्स में दाखिले का दरवाजा खटखटाते हैं. यह कोर्स छात्रों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में कॉरपोरेट जगत से रिश्ते बनाने का हुनर सिखाता है. इसके जरिए छात्रों में न सिर्फ ग्लोबल बिजनेस की गति को पहचानने की क्षमता ही नहीं बल्कि उसकी समझ, विश्लेषण और कम्युनिकेशन स्किल भी पैदा किया जाता है. इसके लिए लेक्चर, ट्यूटोरियल, केस स्टडीज, सेमिनार, बिजनेस गेम्स और अन्य आधुनिक तरीकों का सहारा लिया जाता है. इसके बाद कैट के स्कोर के आधार पर छात्रों को दाखिले की प्रक्रिया में शामिल होने का मौका मिलेगा.

## कोर्स प्रोफाइल

दो साल के इस कोर्स में चार सेमेस्टरों में छात्रों को बिजनेस मार्केटिंग स्किल, वैश्विक बिजनेस के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलू के साथ ही अन्य बातों के बारे में बताया जाता है. विश्व बाजार में चल रही प्रतिस्पर्धा, उससे निपटने की रणनीति, मानव संसाधन के बेहतर उपयोग, उसके लिए नवीनतम ज्ञान और तकनीक के इस्तेमाल की जानकारी दी जाती है.

एक कुशल प्रबंधक के लिए क्या-क्या जरूरी हैं, बिजनेस लीडर बनने के लिए किन-किन गुणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, इसकी जानकारी दी जाती है. सिर्फ थ्योरी स्तर पर ही नहीं, इसके लिए उसे केस स्टडीज, सेमिनार, पेपर प्रजेन्टेशन और कार्यशाला का भी काम करना होता है. समूह के बीच काम करने और कंपनी के सामने बाजार की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के तत्वों के बारे में भी बताया जाता है. निर्णय लेने की क्षमता की परख की जाती है. उसके लिए आवश्यक हुनर से भी लैस किया जाता है. यही नहीं, कोर्स के अंदर बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिले, इसके लिए छात्र-शिक्षक का अनुपात 13.1 रखा गया है. केस स्टडीज के तहत प्रतिभागी को एक मैनेजर के रूप में काम करना होता है. वह अपने आइडिया और समस्याएं तथा समकालीन मामलों को भी सामने रखता है.

## क्या कहते हैं छात्र

एमआईबी के पूर्व छात्र रूपेश गांगुली इसे रोजगार के लिहाज से मैनेजमेंट प्रोग्राम सरीखा मानते हैं. गांगुली ने बताया कि रामजस कॉलेज से बीएससी करने के बाद जेएनयू एमएससी इनफॉम्रेटिक्स साइंस में दाखिला लिया. वहां से कोर्स करने के बाद रोजगार को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी की और प्रवेश परीक्षा में सफल हुआ. यह कोर्स सभी विषय के छात्रों को अवसर दिलाने में कामयाब है. यह सभी वर्ग और पृष्ठभूमि के छात्रों को आगे आने और दाखिला पाने का मौका देता है. यह अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम वाले छात्रों के सपने को भी साकार करता है. इसकी फीस भी मैनेजमेंट प्रोग्राम से काफी कम है. फीस के लिए बैंक लोन भी मुहैया कराते हैं. प्लेसमेंट छात्रों के लिए अक्टूबर के मध्य में बड़ी-बड़ी कंपनियों के साथ एक प्लेसमेंट का कार्य भी आयोजित किया जाता है. इनमें विभिन्न निजी कंपनियां आती हैं. प्लेसमेंट के लिए अल्यूमनाई की विशेष भागीदारी होती है.

# दंत चिकित्सा कमाई का सदाबहार क्षेत्र

**सुंदर और स्वस्थ दिखने की प्रतिस्पर्धा में लोग आज सुंदर चेहरे के साथ-साथ चमकदार दांत भी चाहते हैं. मेडिकल क्षेत्र में रुचि लेने वाले युवाओं के लिए आज यह बेहतरीन करियर विकल्प है.**



हमारे देश में अधिकतर लोग दांतों की बीमारियों से त्रस्त हैं. लोगों को अपने दांतों और मसूढ़ों को स्वस्थ रखने के लिए जिस अनुपात में चिकित्सकों की जरूरत है, वे हैं नहीं! आज भी दंत चिकित्सक बड़े शहरों और नगरों में ही मुख्य तौर पर उपलब्ध हैं. ऐसे में, यदि डेंटिस्ट बनकर अपना करियर संवारा जाए तो यह बेहतर विकल्प हो सकता है.

**योग्यता** – डेंटिस्ट बनने के लिए फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी विषय के साथ कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है. इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित नीट यानी नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है. टेस्ट में ऑब्जेक्टिव टाइप के 180 प्रश्न होते हैं. ये प्रश्न बायोलॉजी, जूलोजी, फिजिक्स और केमेस्ट्री से होते हैं.

इस परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवार को डेंटल कॉलेज में चार वर्षीय ऑल बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) में दाखिले का मौका मिलता है. यह कोर्स और प्रवेश परीक्षा डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त है. इसके अलावा, राज्य स्तर पर भी परीक्षाओं के माध्यम से बीडीएस में प्रवेश पाया जा सकता है. डिग्री हासिल करने के बाद पांचवें साल में एक साल की इंटर्नशिप होती है. यह कोर्स का अनिवार्य हिस्सा है.

**स्पेशलाइजेशन** – बीडीएस कोर्स करने के बाद स्पेशलाइजेशन और गहन चिकित्सा का ज्ञान हासिल करने के लिए एमडीएस में भी प्रवेश जरूरी है. मास्टर ऑफ डेंटल सर्जरी में भी दाखिला प्रवेश परीक्षा के जरिए मिलता है. एमडीएस में स्पेशलाइजेशन विभिन्न तरह के हैं. इनमें इंडोडांटिक्स, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी, ओरल सर्जरी, ऑर्थोडोनटिक्स, पेडोडोंटिक्स, पेरिडोंटिक्स एवं प्रोस्थोडोंटिक्स जैसे क्षेत्र शामिल हैं. इनमें से किसी एक क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल करनी होती है. दंत चिकित्सा में विशेषज्ञ बनने के लिए इससे जुड़े प्रैक्टिस प्रोग्राम और देश-दुनिया में हो रहे नए प्रयोग, अनुसंधान और इलाजों की भी जानकारी रखनी होती है. डिग्री हासिल करने के बाद कई तरह के सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी किया जा सकता है, जिससे दंत चिकित्सा के बारे में जानकारी अपडेट की जा सके.

**फीस** – सरकारी डेंटल कॉलेजों में बीडीएस कोर्स करने की फीस करीब एक लाख रुपये है लेकिन परेशानी की बात यह है कि देश में डेंटल कॉलेजों की संख्या काफी कम है. निजी कॉलेजों में चार साल की फीस 10 लाख रुपये से ऊपर है. एमडीएस कोर्स की फीस भी सरकारी में काफी कम है लेकिन निजी कॉलेजों में विभिन्न स्पेशलाइज्ड विभाग की अलग-अलग है. यह 25 लाख रुपये से ऊपर जाती है. गरीब वर्ग के जो छात्र मेरिट में आते हैं, उनके लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्कॉलरशिप की व्यवस्था है.

**अवसर** – वर्तमान में देश में डेंटल सर्जन की सार्वजनिक और निजी, दोनों क्षेत्रों में काफी मांग है. आज पूरे देश में निजी अस्पतालों का जाल बिछ चुका है. इनमें बेहतर पैकेज और सुविधा के साथ दंत चिकित्सकों को नियुक्त किया जा रहा है. इसी तरह, निजी नर्सिंग होम और सरकार के बड़े डिस्पेंसरी में भी दंत चिकित्सक नियुक्त किये जा रहे हैं. सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों के अलावा रेलवे और रक्षा क्षेत्रों द्वारा संचालित अस्पतालों में डेंटिस्ट की नियुक्तियां करती हैं. टूथ पेस्ट बनाने और मसूढ़ों की देखरेख करने वाली कंपनियां अपने यहां ऐसे लोगों को बतौर विशेषज्ञ नियुक्त कर रही हैं. इसके अलावा, स्वरोजगार के तौर पर निजी क्लीनिक भी खोल सकते हैं. दंत चिकित्सा में उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद अध्यापन कार्य से भी जुड़ सकते हैं. दंत चिकित्सा को लेकर यहां रिसर्च भी कर सकते हैं.


**कॉलेज** – मेडिकल कॉलेज मौलाना आजाद डेंटल कॉलेज, नई दिल्ली फैकल्टी ऑफ डेंटिस्टी, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली ईएसआई सी डेंटल कॉलेज, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, दिल्ली आर्मी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस, सकिंदराबाद गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज, अहमदाबाद डेंटल कॉलेज, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय डॉ आर. अहमद डेंटल कॉलेज, कोलकाता

**वेतनमान** – दांतों के डॉक्टर का शुरुआती वेतनमान सरकारी अस्पताल में 50 हजार रुपये से ज्यादा है. जैसे-जैसे अनुभव में इजाफा होता जाता है, वेतन में बढ़ोतरी होती जाती है. सीनियर डॉक्टर के रूप में वेतनमान डेढ़ लाख से ऊपर है. इसी तरह, निजी कॉलेजों में कमाई क्लीनिक चलने पर है. यह लाख रुपये से दस लाख रुपये तक हो सकती है. इसमें खासी मेहनत और पहचान की जरूरत पड़ती है.



# बनें सेना में कानूनविद

**यदि आप लॉ जानते हैं तो सेना में भी करियर बनाया जा सकता है. भारतीय सेना में जज एडवोकेट जनरल (जेएजी) डिपार्टमेंट में भी काफी संख्या में भर्तियां होती हैं. यहां लॉ से ग्रेजुएट करने के बाद नौकरी मिलती है.**



## क्या है जेएजी

जज एडवोकेट जनरल डिपार्टमेंट को जेएजी नाम से जाना जाता है. इसमें योग्य आर्मी ऑफिसर लिये जाते हैं जो सेना के कानूनों के जानकार होते हैं और सेना को सभी तरह की कानूनी सहायता करते हैं.

**योग्यता** – भारतीय सेना हर साल लॉ ग्रेजुएट की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करती है. सेना से संबंधित डिपार्टमेंट ऑफ लीगल एडवोकेट जनरल द्वारा शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए 21 से 27 वर्ष के बीच की उम्र वाले अभ्यर्थी ही पात्र हैं. इसमें विवाहित/अविवाहित दोनों तरह के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं और इन पदों पर पुरुष और महिला, दोनों की भर्ती होती है. अभ्यर्थी के पास एलएलबी में कम से कम 55 फीसद अंक होना चाहिए और यह ग्रेजुएशन के बाद तीन वर्षीय या बारहवीं के बाद पांच वर्षीय डिग्री हो. इसके अलावा, अभ्यर्थी बार काउंसिल ऑफ इंडिया से भी रजिस्टर्ड होने चाहिए. इसके अलावा हाइट, वेट, टैटू आदि पर भी ध्यान दिया जाता है.

## ध्यान रखें

जो भी अभ्यर्थी इस फील्ड में आने की चाहत रखते हैं, वे खुद को फिजिकली फिट रखें. वे पंद्रह मिनट में 2.4 किलोमीटर दौड़ सकते हों. साथ ही उन्हें पुशअप, सिटअप्स, चिनअप्स और रस्सीकूद आदि आती हो.

## चयन प्रक्रिया

इसमें चयन प्रक्रिया काफी लंबी होती है और यह पांच दिनों की होती है. इसके लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होती. पहले दिन साइकोलॉजिकल एप्टीटयूड टेस्ट होता है. इन पांच दिनों में अभ्यर्थी का मेरिट का प्रदर्शन, प्रैक्टिकल और प्रॉब्लम को हल करने की क्षमता, मेडिकल टेस्ट आदि प्रक्रियायें पूरी होती हैं. हर दिन की समाप्ति पर कुछ लोगों के समूह को अगले राउंड के लिए चुना जाता है और बाकी को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाता है. इस प्रक्रिया में तीन चरण अपनाए जाते हैं- स्क्रीनिंग, रिकमेंडेशन और मेडिकल टेस्ट. अभ्यर्थी को कई टेस्ट से गुजरना पड़ता है. इसके बाद उनकी स्क्रीनिंग होती है और फिर अगले चरण के लिए शार्ट लिस्ट किया जाता है. इंटरव्यू की कई प्रक्रियाओं और फिजिकल टेस्ट भी आयोजित किया जाता है. इसमें सफल होने वाले अभ्यर्थी की मेडिकल जांच की जाती है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होता है.

**प्रशिक्षण** – चयनित अभ्यर्थियों को चेन्नई स्थित ऑफीसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त करना होता है, जो 49 हफ्तों का होता है. इसे सफलतापूर्वक करने के बाद अभ्यर्थियों को कमीशन मिलता है और उनकी नियुक्ति बतौर लेफ्टिनेंट होती है. प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थी न तो शादी कर सकते हैं और न ही अपने माता-पिता के साथ रह सकते हैं. प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मद्रास विश्वविद्यालय की ओर से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डिफेंस मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटजिक स्टडीज की डिग्री प्रदान की जाती है.

**नियुक्ति** – ऑफिसर्स के शॉर्ट सर्विस कमीशन में आने पर रेग्युलर आर्मी में नौकरी 14 वर्ष की होती है. पहले उन्हें दस साल तक नौकरी पर रखा जाता है. इसके पूरा होने पर चार साल और बढ़ाये जाते हैं.

**आवेदन** – योग्य अभ्यर्थी आर्मी द्वारा घोषित नोटिफिकेशन में दिए गए फार्मेट को सादे कागज पर लिख कर आवेदन कर सकता है. आवेदन डार्योक्टोरेट जनरल ऑफ रिक्रूटिंग को दिल्ली स्थित आर्मी हेडक्वार्टर्स के पते पर भेजे जाने होते हैं.

# पैरा-मैडीकल कोर्सेज में संवारें कॅरिअर

**यदि आपकी बारहवीं परीक्षा की श्रेणी या अंक बहुत अच्छे नहीं हैं तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है। इसकी वजह यह है कि पैरा-मैडीकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए सी.पी.एम.टी. जैसी कठिन प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होती। डॉक्टर जब मरीज को देख लेता है उसके बाद (कुछ मामलों में डाक्टर से पहले भी) सारा काम पैरा-मैडीकल के लोग ही संभालते हैं।**



मरीज के खून, पेशाब, बलगम, वीर्य, टिश्यू आदि की जांच करनी हो, उसका एक्स-रे, ई.सी.जी., ई.ई.जी., एम.आर.आई., अल्ट्रा साऊंड, सी.टी. स्कैन, टी.एम.टी.,पी.एफ.टी., मैमोग्राफी आदि इंजैक्शन व दवा देनी हो तथा इसके अलावा भी अनेक ऐसे काम हैं जिसे पैरा-मैडीकल स्टाफ ही करता है। आप्रेशन करते समय एक डाक्टर को असिस्ट करने के लिए पैरा-मैडीकल स्टाफ होता है। मैडीकल फील्ड का लगभग सारा टैक्निकल स्टाफ पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही आता है। इसके तहत प्रमुख कोर्स व संबंधित कार्य इस प्रकार हैं- मैडीकल लैब टैक्नोलॉजी , एक्स-रे टैक्नोलॉजी एंड रेडियोलॉजी/रेडियोग्राफी, ऑप्टोमीट्री या ऑप्थाल्मिक टैक्नोलॉजी, प्रॉस्थैटिक एवं ऑथोटिक इंजीनियरिंग, फिजियोथैरिपी एंड ऑक्युपेशनल थैरेपी, डैंटिस्ट असिस्टैंट, स्पीच थैरेपी एंड ऑडियोलॉजी, क्लीनिकल चाइल्ड डिवैल्पमैंट, रिहैबिलिटेशन, मैडीकल ट्रांसक्रिप्शन, कम्युनिटी हैल्थ वर्कर्स कोर्स (मेल/फीमेल/मल्टीपर्पज़) ऑप्रेशनल थैरेपिस्ट असिस्टैंट/ ऑप्रेशन थिएटर असिस्टैंट व टैक्नीशियन कोर्स, कॉर्डियोलॉजी टैक्नीशियन कोर्स, सी.टी. स्कैन टैक्नीशियन कोर्स।

इनके साथ ही फॉर्मेसी, नर्सिंग एवं मिडवाइफरी तथा साइकोलॉजी की गणना भी पैरा-मैडीकल के अंतर्गत ही की जाती है। उपरोक्त सभी कोर्सों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, बी.एससी., एम.एससी., बैचलर या मास्टर डिग्री विभिन्न मान्यता प्राप्त संस्थानों में प्रदान की जाती है।

## मंत्री छगन भुजबल को फिर जान से मारने की धमकी, सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ी

मुंबई। ओबीसी नेता और महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल ने मराठा समुदाय को कुनबी सर्टिफिकेट देने के फैसले का सार्वजनिक तौर पर विरोध किया है. उनकी भूमिका के कारण मराठा समाज आक्रामक हो गया है. बताया गया है कि अज्ञात लोगों ने भुजबल को फोन कर फिर जान से मारने की धमकी दी है. इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने छगन भुजबल के सरकारी आवास पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी है. मराठा आंदोलनकारी मनोज जारांगे पाटिल ने मराठा समुदाय को तुरंत कुनबी प्रमाणपत्र देने की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की थी. राज्य भर के मराठा समाज के लोगों ने उनके आंदोलन का जोरदार समर्थन दिया। जारांगे के आह्वान के बाद राज्य में भूख हड़तालों का सिलसिला शुरू हो गया। कुछ जगहों पर आंदोलन को झटका भी लगा. इस बीच राज्य सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने जारांगे से मुलाकात की और जल्द से जल्द आरक्षण देने का आश्वासन दिया. राज्य सरकार के आश्वासन के बाद जारांगे पाटिल ने अपनी भूख हड़ताल वापस ले ली. हालांकि सरकार के मंत्री छगन भुजबल ने शिंदे सरकार के इस फैसले का विरोध किया. मराठा समुदाय को अलग से आरक्षण दिया जाए, यह कई वर्षों से हमारा रुख रहा है। लेकिन भुजबल ने कुनबी सर्टिफिकेट देने के फैसले का सीधा विरोध करते हुए कहा कि इससे हमारे आरक्षण पर कोई असर नहीं पड़ना चाहिए. ओबीसी समाज को इस फैसले का पूरी ताकत से विरोध करना चाहिए. छगन भुजबल ने कहा, अन्यथा, एक बार जब ओबीसी समुदाय अपना आरक्षण खो देता है, तो इसे दोबारा हासिल नहीं किया जा सकता है। इस बीच छगन भुजबल ने आरोप लगाया है कि मराठा समुदाय के कुछ लोग उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं. इसी वजह से भुजबल के सरकारी आवास के बाहर पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है.

## मणिपुर में गोलीबारी में 2 पुलिसकर्मियों समेत 5 घायल

इम्फाल। मणिपुर में मंगलवार को ताजा हिंसा भड़क उठी, जब कांगचुप पहाड़ी पर भारी गोलीबारी में पांच लोग घायल हो गए। घायलों में दो पुलिस कर्मी और तीन ग्रामीण स्वयंसेवक शामिल हैं, और उन्हें इलाज के लिए इंफाल अस्पताल ले जाया गया। इंफाल पश्चिम जिले की सीमा पर स्थित कांगचुप गांव में सुबह गोलीबारी शुरू हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, सुबह करीब 9.10 बजे इलाके में गोलियों की आवाज सुनी गई। घटनाक्रम इंफाल पश्चिम जिले से दो किशोर लड़कों के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के बाद पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में तनाव फैलने के एक दिन बाद आया है। उनके परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने कहा कि 16 और 19 साल की उम्र के लड़के 5 नवंबर को सुबह दोपहिया वाहन पर सेकमाई की ओर गए थे, और समय पर घर नहीं लौटे। जब उनसे संपर्क किया गया तो उनके मोबाइल फोन से भी कोई जवाब नहीं मिला। बाद में उनके परिवारों ने स्थानीय पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई और राजभवन में मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके और मणिपुर रॉयल पैलेस में मणिपुर के राजा, राज्यसभा सांसद लीशेम्बा सनाजाओबा से भी मुलाकात की। परिवारों को उनके लापता होने में सशस्त्र कुकी बदमाशों का हाथ होने का संदेह है और उन्होंने मणिपुर सरकार से लापता लड़कों को ढूंढने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इस बीच, सेकमाई इलाके के सीसीटीवी फुटेज में दो लड़के अपनी मोटरसाइकिल पर कांगलाटोम्बी की ओर जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। सेनापति ऑयल पंप के पास मोबाइल फोन सिग्नल ट्रेस किए जाने के बावजूद, इस रिपोर्ट को लिखे जाने तक वे गायब हैं। कांगपोकपी जिला पुलिस, असम राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) लड़कों के लापता होने से जुड़े होने के संदेह वाले क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रहे हैं। 3 मई को मणिपुर में भड़के जातीय संघर्ष में 180 से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई सौ घायल हो गए। झड़पें पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के बाद शुरू हुईं, जहां निवासियों ने अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के लिए मैतेई समुदाय के अनुरोध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ करने की तैयारी शुरू : प्रस्ताव नगर निगम से पास

अलीगढ़ । यूपी के अलीगढ़ जिले का नाम बदलने का प्रस्ताव नगर निगम से पास हो गया है। अब फैसले पर प्रशासन की मुहर का इंतजार है। अलीगढ़ के मेयर प्रशांत सिंघल ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई बैठक में अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ करने का प्रस्ताव पेश किया गया था। सभी पार्षदों ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अब यह प्रस्ताव प्रशासन को भेजा जाएगा। मुझे उम्मीद है कि प्रशासन इस पर संज्ञान लेकर अलीगढ़ का नाम बदलकर हरिगढ़ करने की हमारी मांग को पूरा करेगा। यह मांग लंबे समय से उठा रही है। तालानगरी का नाम बदलने का ये प्रस्ताव बीजेपी पार्षद संजय पंडित के सुझाव पर पास किया गया है। अलीगढ़ नगर निगम की बैठक में काफी हंगामा भी हुआ। हंगामे के बीच बीजेपी पार्षद ने जिले का नया नाम हरिगढ़ रखने का प्रस्ताव दिया। ये पहला मौका नहीं है जब अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने की मांग की गई. इससे पहले भी बीजेपी नेता इस तरह की मांग करते आए हैं। बात दें कि अलीगढ़ उत्तर प्रदेश का एक अहम व्यापारिक केंद्र है और अपने ताला उद्योग के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। अलीगढ़ के ताले दुनिया भर में निर्यात किये जाते हैं। इसके अलावा अलीगढ़ अपने पीतल के हार्डवेयर और मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध है। अलीगढ़ देश का एक प्रमुख शैक्षिक केंद्र भी है। यहां 100 से अधिक स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान हैं। जिसमें अलीगढ़ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी भी शामिल है।

## दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण कम करने कृत्रिम बारिश करने की तैयारी

नई दिल्ली । दिल्ली–एनसीआर में लगातार हवा में प्रदूषण बढ़ रहा है, इसकारण राजधानी की आबोहवा खराब हो गई है, और लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है। इसी बीच कानपुर आईआईटी से एक राहत भरी खबर है। दरअसल आईआईटी कानपुर की ओर से दूषित हवा से प्रदूषण और धूल के कणों को साफ करने के लिए क्लाउड सीडिंग के माध्यम से कृत्रिम बारिश के उपयोग का प्रस्ताव दिया गया है। अगर ऐसा हुआ तब दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराकर प्रदूषण कम करने का प्रयास होगा है। दरअसल कानपुर आईआईटी बीते पांच सालों से कृत्रिम बारिश के लिए आवश्यक परिस्थितियां बनाने के लिए काम कर रहा है। पिछले साल जुलाई में इसका सफल परीक्षण किया गया था, रिपोर्ट कहती है कि शोधकर्ताओं द्वारा क्लाउड सीडिंग के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) सहित अन्य सरकारी विभागों से जरूरी अनुमति ले ली है। कानपुर आईआईटी के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ मनिंदर अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार ने उनसे संपर्क किया है, और दिल्ली एनसीआर रीजन में प्रदूषण लेवल को लेकर सीआईआई (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री) के साथ मिलकर पिछले दो महीने से इसकी प्लानिंग कर रहे हैं। सीआईआई इसे लेकर बहुत सक्रिय है। इतना ही नहीं दिल्ली और केंद्र सरकार के साथ को–ऑर्डिनेट कर रही है।

**कृत्रिम बारिश से कम होगा प्रदूषण!**

इस सवाल पर प्रोफेसर मनिंदर कहते हैं कि इस कृत्रिम बारिश से वातावरण के डस्ट पार्टिकल बह जाते हैं। ये स्थायी नहीं होता अस्थायी होता है। हमें प्रदूषण के जो सोर्स हैं उन पर एक्शन लेना होगा। प्रोफेसर ने बताया कि दिल्ली–एनसीआर का क्षेत्र बहुत बड़ा है, किस क्षेत्र में बादल होगा और किस स्थिति में होगा उसके आधार पर ही तय हो पाएगा कि किस क्षेत्र में बारिश कराई जा सकती है, चूंकि इस प्रक्रिया में एयरक्राफ्ट, उसका ईंधन, मेंटिनेंस सहित कई अन्य चीजों पर खर्च होता है, तब इसकी लागत भी काफी आती है।

## ज्ञानवापी परिसर सर्वे में मिली खंडित मूर्तियां, चिह्न, आकृतियां, कोषागार के डबल लॉकर में रखा गया

वाराणसी । वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में चल रहे एएसआई सर्वे की रिपोर्ट को 17 नवंबर तक पेश करना है। वहीं वाराणसी जिला अदालत द्वारा एएसआई (एएसआई ) सर्वे के दौरान मिले साक्ष्य को सुरक्षित रखने की कार्यवाही को पूर्ण किया गया है। जिला अदालत की ओर से आदेश के अनुसार सभी साक्ष्यों की गणना करते हुए उन्हें क्रमबद्ध तरीके से जिला प्रशासन को सौंप दिया गया। इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा वाराणसी के कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कोषागार के डबल लॉकर में साक्ष्य को सुरक्षित रख दिया गया है। इस मामले में अधिवक्ता सुभाष चंदन चतुर्वेदी ने बताया कि सभी कानूनी कार्यवाही और दलीलें साक्ष्य व सबूत के आधार पर ही पूर्ण की जाती हैं। इसलिए आवश्यक है कि सर्वे के दौरान मिले सभी साक्ष्य और सबूत को सुरक्षित स्थान पर रख दिया जाए।

# धारा 135 के तहत शराब घोटाले में हो सकती है केजरीवाल की गिरफ्तारी

### –ईडी ने जारी किया था समन, पत्र से जवाब देकर 2 नवंबर को नहीं हुए उपस्थित



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हो सकती है। उन्होंने ईडी द्वारा जारी समन का पत्र लिखकर जवाब दिया, साथ ही उसे गैर कानूनी भी ठहराया था। अब यदि धारा 135 के तहत क्रिमिनल केस बनता है तो उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। क्योंकि सिविल मामले में तो पीएम या सीएम या संसद के सदस्यों को गिफ्तारी से छूट है, लेकिन क्रिमिनल मामलों में नहीं है। बता दें कि ईडी ने केजरीवाल को शराब घोटाले में समन जारी किया है। उन्हें ये समन कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जारी हुआ है। वहीं आप नेता आतिशी ने उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई थी। ऐसे में यह जानना भी जरुरी है कि किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के नियम क्या हैं? दिल्ली के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केजरीवाल को अब प्रवर्तन निदेशालय ने समन जारी किया है। केजरीवाल को 2 नवंबर को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने पत्र लिखकर जवाब दिया और ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए। इससे पहले सीबीआई ने अप्रैल में उनसे 9 घंटे तक पूछताछ की थी।

इधर आम आदमी पार्टी ने आंशका जताई है कि ईडी कभी भी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने यह दावा किया था। आतिशी ने मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा कि बीजेपी का मकसद आम आदमी पार्टी को खत्म करना है। दसअसल कोड ऑफ सिविल प्रोसिजर की धारा 135 के तहत प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य, मुख्यमंत्री, विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को गिरफ्तारी से छूट मिली है। ये छूट सिर्फ सिविल मामलों में है, क्रिमिनल मामलों में नहीं है।

इस धारा के तहत संसद या विधानसभा या विधान परिषद के किसी सदस्य को गिरफ्तार करना है तो सदन के अध्यक्ष या सभापति से मंजूरी लेना जरूरी है। साथ ही सत्र से 40 दिन पहले, उस दौरान और उसके 40 दिन बाद तक ना तो किसी सदस्य को गिरफ्तार किया जा सकता है और ना ही हिरासत में लिया जा सकता है। इतना ही नहीं, संसद परिसर या विधानसभा परिसर या विधान परिषद के परिसर के अंदर से भी किसी सदस्य को गिरफ्तार या हिरासत में नहीं ले सकते, क्योंकि अध्यक्ष या सभापति का आदेश चलता है।

## मिलीजुली होगी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा, दिसंबर में शुरु होने के संकेत

नई दिल्ली । दिसंबर में कांग्रेस एक बार फिर भारत जोड़ो यात्रा शुरु करने जा रही है। हालांकि यह यात्रा हाईब्रिड अर्थात मिलीजुली होगी। संभवत- यह यात्रा इसी साल दिसंबर में शुरु हो सकती है, जोकि अगले साल फरवरी तक चलेगी। इस तरह से कांग्रेस पार्टी भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी कर रही है। इस बार यात्रा पहले की तरह पैदल नहीं की जाएगी, बल्कि इसे हाईब्रिड करने की तैयारी की जा रही है। इससे पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से यात्रा शुरु की थी, जिसका समापन 30 जनवरी 2023 को कश्मीर में हुआ था। बता दें कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के खत्म होने के बाद अपने अनुभव साझा किए थे, जिसमें उन्होंने बताया था कि उनके घुटनों में दर्द रहता है, जिसकी वजह से चलने में बहुत दिक्कत होती है। लेकिन जनता से मिले प्यार से वो अपने दर्द भूल गए और उन्होंने यात्रा पूरी कर ली थी। इसीलिए कांग्रेस ने यात्रा का दूसरा चरण हाईब्रिड चुना ताकि राहुल गांधी और अन्य नेताओं को दिक्कत न हो। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर को भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। जिसमें राहुल गांधी, पार्टी के कई नेताओं के साथ 4,000 किलोमीटर से अधिक लंबी यात्रा की थी। उनकी यह यात्रा दक्षिण में कन्याकुमारी से शुरू हुई थी जोकि 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर के लालचौक पर तिरंगा फहराकर खत्म हुई। यह यात्रा तमिलनाडु से केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब होते हुए कश्मीर पहुंची थी। इस यात्रा से राहुल गांधी अपने समर्थकों के साथ–साथ विरोधियों का भी ध्यान आकर्षित करने में कामयाब रहे थे। इस मार्च में कमल हासन, पूजा भट्ट, रिया सेन, स्वरा भास्कर, रश्मि देसाई, आकांक्षा पुरी और अमोल पालेकर जैसी फिल्म और टीवी हस्तियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी देखी गई थी।

# कांगेस- सपा पर संजय निषाद ने साधा निशाना, बताया एक-दूसरे के खून के प्यासे



**लखनऊ (एजेंसी)।** मंत्री संजय निषाद ने कांग्रेस-सपा को आड़े हाथों लेते हुए बयान जारी किया है। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन में सभी पार्टियां एक दूसरे के खून की प्यासी हैं। गौरतलब है कि देश में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी हो रहे हैं। इन चुनावों को लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों के बीच सेमीफाइनल के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को हराने के लिए बने विपक्षी दलों के गठबंधन में मप्र विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को सीट नहीं दिए जाने और सपा के प्रत्याशियों के सामने कांग्रेस के अपने प्रत्याशी उतारने के कारण दरार पड़ती नजर आ रही है। इसे लेकर अब राजनीति शुरू हो गई है। इसी क्रम में एनडीए गठबंधन में शामिल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने इंडिया गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी है।

गौरतलब है कि इन दिनों समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान बीजेपी के साथ ही कांग्रेस को निशाना बनाया है और कांग्रेस पार्टी को धोखेबाज तक बता दिया है। ऐसे में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद का कहना है कि विपक्षी पार्टियों ने यह साबित कर दिया है कि भारत में पीएम नरेंद्र मोदी के सामने लड़ने वाला अभी कोई उम्मीदवार ही नहीं है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने बैठकें शुरू की थी, मैंने उसी समय कह दिया था कि बहुते जोगी मठ उजाड़ हैं। यह सभी लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हैं।

डॉ संजय निषाद ने कहा कि उनकी नीति षड्यंत्रकारी और रवैया उपेक्षात्मक रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की षड्यंत्रकारी और उपेक्षात्मक रवैये के कारण उसका खामियाजा समाजवादी पार्टी को भुगतना पड़ रहा है। समाजवादी पार्टी पहले भी कांग्रेस के साथ गठबंधन कर उसका नुकसान सह चुकी है। वह चाहे तो एक बार फिर से कांग्रेस के हाथों धोखा खा सकती है। ये बिना दूल्हे की बारात है और यही कारण है कि 45 पार्टियों ने भाजपा के पीएम मोदी के साथ जाने का फैसला किया है।

## आतंकी पन्नू की धमकी पर अलर्ट, पंजाब में एयरपोर्ट पर विजिटर एंट्री बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में नागरिक उड्डयन के लिए नियामक प्राधिकरण, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने दिल्ली और पंजाब में हवाईअड्डा संचालकों से आगंतुकों को हवाईअड्डा प्रवेश पास जारी करना बंद करने को कहा है, यह कदम सिख्स फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नून के बाद उठाया गया कदम है। एसजेएफ) ने रविवार को एयर इंडिया की उड़ानों के यात्रियों को धमकी देते हुए एक वीडियो जारी किया। पन्नून ने 19 नवंबर को आईसीसी विश्व कप फाइनल के दिन एयर इंडिया की उड़ान को उड़ाने की धमकी दी।

बीसीएएस आदेश में कहा गया है कि आईजीआई (इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय) हवाई अड्डे (दिल्ली में) के टर्मिनल भवन में आगंतुकों के प्रवेश के लिए टीएईपी (अस्थायी हवाईअड्डा प्रवेश पास) जारी करना और आगंतुकों के प्रवेश टिकटों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि बीसीएएस का आदेश लागू कर दिया गया है। हमने आदेश लागू कर दिया है और परिचालन कार्य में शामिल लोगों को छोड़कर सभी एईपी 30 नवंबर तक निलंबित रहेंगे।

बीसीएएस ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हवाईअड्डों, हवाई पट्टियों, हवाई क्षेत्रों, वायु सेना स्टेशनों, हेलीपैड, फ्लाइंग स्कूलों और विमानन जैसे नागरिक उड्डयन प्रतिष्ठानों पर खतरे के बारे में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा लगातार साझा किए गए खतरे के संदेशों के बाद एहतियाती उपाय के रूप में यह कदम उठाया जा रहा है। नियामक प्राधिकरण ने कहा कि हवाई अड्डे पर सुरक्षा एजेंसी को अनिवार्य रूप से सेकेंडरी लैडर पॉइंट चेक (एसएलपीसी) रखना होगा।

## सांप के जहर मामले में एल्विश यादव को नोटिस, जल्द होगी पूछताछ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नोएडा पुलिस ने मंगलवार को यूट्यूबर एल्विश यादव को सांप के जहर के मामले में उनके सामने पेश होने का नोटिस दिया। जल्द ही उनसे पूछताछ होने की संभावना है। सलमान खान द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 2' जीतने के बाद प्रसिद्धि पाने वाले यादव पर दिल्ली-एनसीआर में एक पार्टी में मनोरंजन के उद्देश्य से सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में पांच अन्य लोगों के साथ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस इस मामले में राहुल, टीटूनाथ, जयकरण, नारायण और रविनाथ नाम के अन्य पांच लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

भाजपा सांसद मेनका गांधी की पार्टी पीपल फॉर एनिमल्स द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, उन्होंने एक 'स्टिंग ऑपरेशन' किया, जहां उन्होंने यादव से संपर्क किया और उनसे एक रेव पार्टी आयोजित करने और कोबरा जहर प्राप्त करने के लिए कहा। एल्विश ने हमें एक राहुल का नाम दिया जिससे हमने संपर्क किया। उन्होंने कहा कि हम जहां चाहें वहां जहर का प्रबंध कर सकते हैं। इसके बाद वह वेनम को लेकर सेक्टर 51 बैंक्वेट हॉल में आया। इसके बाद नोएडा पुलिस डीएफओ के साथ कार्यक्रम स्थल पर आई और आयोजकों को गिरफ्तार कर लिया।

इस बीच, यादव आरोपों का खंडन करते हुए कहते रहे हैं कि वे निराधार और फर्जी हैं। जबकि YouTuber जांच में सहयोग करने के लिए सहमत हो गया है, उसने भाजपा सांसद के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने की भी धमकी दी है।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस व बीजेपी में कांटे की टक्कर, मिजोरम में त्रिकोणीय मुकाबला

### –राज्यों में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनाव 7 नवंबर को शुरु हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में पहले चरण का मतदान 20 सीटों पर 25 महिलाओं सहित 223 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेगा। इस बीच मिजोरम में 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक ही चरण में आज मतदान हो रहे है। जहां छत्तीसगढ़ में सत्तारुढ़ कांग्रेस व बीजेपी में कांटे की टक्कर होने वाली है, वहीं मिजोरम में त्रिकोणीय मुकाबला होने की बात कही जा रही है। बता दें ?कि छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होगा, जबकि राजस्थान और तेलंगाना में क्रमशः 25 और 30 नवंबर को एक चरण में मतदान होगा। सभी राज्यों में वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। इन विधानसभा चुनावों को केंद्र में भाजपा, नवगठित विपक्षी भारतीय गुट और क्षेत्रीय दलों के लिए एक अग्निपरीक्षा के रूप में देखा जाता है, और उनके परिणाम आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों की रणनीतियों को प्रभावित करने के लिए निश्चित हैं। छत्तीसगढ़ में मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के बीच है।

यहां पर कांग्रेस राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल की उम्मीद कर रही है, लेकिन हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ महादेव बुक ऐप से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोपों ने सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। भाजपा इस विवाद को भुनाने और कांग्रेस की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही है। हालाँकि, मिज़ोरम, मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ), ज़ोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) और कांग्रेस के साथ प्राथमिक दावेदारों के रूप में अधिक विविध राजनीतिक परिदृश्य देखता है। भाजपा मिजोरम में भी 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, जबकि आम आदमी पार्टी ने चार सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता डॉ. रमन सिंह और कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख और सांसद दीपक बैज शामिल हैं। मिजोरम में, एमएनएफ नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा, जेडपीएम के संस्थापक लालदुहोमा और राज्य कांग्रेस प्रमुख लालसावता प्रमुख हैं।

बता दें कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के मतदाताओं से कई वादे किए हैं, जिनमें जातिगत जनगणना कराना, किसानों को ऋण माफी प्रदान करना, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी की पेशकश करना और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए मुफ्त शिक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। दूसरी ओर, भाजपा ने कथित भ्रष्टाचार और धान की बढ़ती कीमतों को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधा है। यहां शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। छत्तीसगढ़ में 60,000 से अधिक जवानों को तैनात किया गया है और नक्सल प्रभावित बस्तर संभाग में 600 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

# बिहार में जातिवार जनगणना का चौंकाने वाला आंकड़ा, सवर्णों में सबसे ज्यादा गरीबों की संख्या ताकतवा भूमिहार

### –पिछड़ों में सबसे ज्यादा गरीब नाई

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में जातिवार जनगणना के आधार पर आर्थिक सर्वे की रिपोर्ट भी पेश की गई है। विधानसभा में पेश की गई रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले आंकड़े भी सामने आए हैं। जिसमें प्रभुत्व वाली जातियों की भी बड़ी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजार रही है। रिपोर्ट के मुताबिक सवर्णों में सबसे ज्यादा गरीबों की संख्या भूमिहार बिरादरी में है, जहां 27.58 फीसदी लोग गरीब हैं। वहीं पिछड़ों की बात करें तब 35 फीसदी की संख्या के साथ यादव बिरादरी में गरीबों का बड़ा आंकड़ा है। कुशवाहा समाज में 34 फीसदी लोग गरीब हैं। इतना ही नहीं कुर्मियों में 29 फीसदी गरीबी रेखा से नीचे हैं। पिछड़ों में सबसे ज्यादा गरीब नाई हैं, जिनकी 38 फीसदी आबादी 6000 रुपये से कम में जीवनयापन कर रही है। अत्यंत पिछड़ा वर्ग में 33.58 फीसदी गरीब परिवार हैं। अनुसूचित जाति में 42.93 फीसदी गरीब परिवार हैं और अनुसूचित जनजाति में 42.70 फीसदी परिवार गरीबी के दलदल में फंसे हैं। इसके अलावा राज्य में सबसे ज्यादा गरीब मुसहर समुदाय से हैं। इस बिरादरी के 54 फीसदी लोग गरीबी में जीवन गुजर रहे हैं। अब अत्यंत पिछड़ा वर्ग में सबसे ज्यादा 38 फीसदी नाई गरीब हैं। दूसरे नंबर पर नोनिया हैं, जिनमें 35 फीसदी लोग गरीब हैं। इसके अलावा कहार, धानुक और मल्लाह समुदायों की भी 34 फीसदी आबादी गरीब है। 33 फीसदी कुम्हार, 29.87 फीसदी तेली और 33 फीसदी के करीब कानू भी गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजार रहे हैं। दरअसल बिहार सरकार के सर्वे में कुल 63 फीसदी आबादी पिछड़ों और अत्यंत पिछड़ों की है। सर्वे रिपोर्ट में जनरल से लेकर एससी तक सभी जातियों में बड़ी संख्या में गरीब पाए जाने से यह सवाल भी खड़ा हो रहा है कि अब आरक्षण किस आधार पर देने की चर्चा होगी। अब तक सरकार यह कहती रही है कि पिछड़ों को उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षण मिले क्योंकि उनमें गरीबों की संख्या अधिक है।

### सवर्णों में कौन सबसे खुशहाल, भूमिहारों के आंकड़े ने चौंकाया

सवर्णों में सबसे अच्छी स्थिति कायस्थों की है, जिनकी महज 13.83 फीसदी आबादी ही गरीब है। 25 फीसदी ब्राह्मण परिवार गरीब हैं, जबकि राजपूतों में भी यह औसत 24.89 प्रतिशत यानी करीब 25 का ही है। इसके अलावा मुस्लिम सामान्य वर्ग में शामिल शेख



25 फीसदी गरीब हैं, पठानों में यह आंकड़ा 22 फीसदी हैं। इसके अलावा सैयद 17 फीसदी ही गरीब हैं। सबसे ज्यादा गरीब भूमिहार जाति से हैं। यहां 27 फीसदी लोग गरीब हैं। दरअसल यह आंकड़ा चौंकाने वाला है क्योंकि बिहार में भूमिहारों को ताकतवर जाति में शुमार किया जाता है।

THE PHOTON NEWS
10
www.thephotonnews.com
Wednesday, 08 November 2023

## हिरोशिमा पर गिराए परमाणु बम से 24 गुना ज्यादा खतरनाक बम बना रहा अमेरिका

वाशिंगटन। दुनिया के कई हिस्सों में अपने वर्चस्व को लगातार मिल रही चुनौती को देखते हुए अमेरिका ने एक बार फिर से परमाणु हथियारों को तेजी से विकसित करने का काम शुरू किया है। ऐसे मानचित्र जारी किए गए हैं, जिसमें दिखाया गया है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की मंजूरी मिलने के बाद विकसित किए जा रहे एक नए तरह के परमाणु बम को अगर रूस की राजधानी मॉस्को पर गिराया जाएगा। तो उससे कितना विनाश हो सकता है। इस मानचित्र के मुताबिक रूसी राजधानी मॉस्को पर अमेरिका के नए सुपर-परमाणु ग्रेविटी बम का विनाशकारी असर हो सकता है रिपोर्ट के मुताबिक इस नए बम को बी61-13 नाम दिया गया है जो हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम की तुलना में 24 गुना अधिक शक्तिशाली है। पेंटागन ने इस हफ्ते घोषणा की थी कि वह एक नया परमाणु 'ग्रेविटी बम' विकसित कर रहा है, जो हिरोशिमा में विस्फोटित परमाणु बम से 24 गुना अधिक शक्तिशाली है। बी61-13 'ग्रेविटी बम' बी61 फैमिली का 13वां संस्करण है, जो गाइडेड होने के बजाय अपने लक्ष्य पर गिरता है। ग्रेविटी बम बिना गाइडेड बम होते हैं लेकिन इस नए बम में एक टेल किट होगी, जो निशाने पर गिरने में मदद करेगी और अधिक सटीकता सुनिश्चित करेगी। न्यूकमैप का उपयोग करते हुए एक सिमुलेशन का अनुमान है कि मॉस्को के ऊपर 360 किलोटन की क्षमता वाले बी61-13 बम के विस्फोट से लाखों लोग हताहत होंगे, लगभग दस लाख घायल होंगे और शहर को मीलों तक भीषण नुकसान होगा।

## केन्या और सोमालिया में भारी बारिश से आई बाढ़ से 30 लोगों की मौत

लंदन। केन्या और सोमालिया में भारी बारिश के बाद आई अचानक बाढ़ से कम से कम 40 लोगों की मौत हुई और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। सहायता करने वाली एजेंसियों ने इसकी जानकारी दी। सोमालिया में भयावह बाढ़ के कारण करीब 14 लोगों की मौत होने और घरों, सड़कों और पुलों के तबाह होने के बाद सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है। आपातकालीन और बचाव कर्मी दक्षिणी सोमालिया के जुबालैंड राज्य के ल्यूक जिले में बाढ़ में फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश में जुटे हैं। बाढ़ में फंसे लोगों की अनुमानित संख्या 2,400 बताई जा रही है। पड़ोसी देश केन्या में, 'केन्या रेड क्रॉस' ने कहा कि शुक्रवार से शुरू हुई भारी बारिश के बाद से मरने वालों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है, तटीय शहर मोम्बासा और पूर्वोत्तर काउंटी मंडेरा तथा वजीर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने जुबा और शबेले नदियों के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ की चेतावनी दी और सभी लोगों को वहां से निकलने का आदेश दिया। एजेंसी के प्रबंध निदेशक हसन इस्से ने बताया, सोमालिया आपदा प्रबंधन एजेंसी संकट से निपटने के लिए सुचारू रूप से काम कर रही है और लोगों को बाहर निकालने में मदद करने के लिए उसने डोलो के वास्ते एक विमान को रवाना करने, किसमायो से लूक तक दो नाव और बारधीरे तक एक नाव भेजने की योजना बनाई है। सोमालिया में लगातार चार वर्षों तक पड़े सूखे के बाद इस साल हुई भारी बारिश ने देश को अकाल के कगार पर ला खड़ा किया है। पड़ोसी देश केन्या में केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि भारी बारिश से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। रेड क्रॉस के मुताबिक, केन्या का बंदरगाह शहर मोम्बासा, उत्तरपूर्वी शहर मंदेरा और वजीर भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले शहर हैं। केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि रविवार को अचानक आई बाढ़ ने 241 एकड़ कृषि भूमि को नष्ट कर दिया और 1067 जानवरों की मौत हो गई।

## इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों पर हमला कर उनके सर कलम किए

मैदुगुड़ी। नाइजीरिया के उत्तरपूर्व में इस्लामी विद्रोहियों ने 11 किसानों की हत्या कर कई अन्य किसानों को अगवा किया हैं। विश्लेषकों ने इसतरह के हमलों की हालिया घटनाओं के मद्देनजर कहा कि ये घटनाएं पहले से ही बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इलाके के निवासी डौडा इब्राहिम के मुताबिक, विद्रोहियों ने येरे जिले में अपने खेतों पर काम कर रहे किसानों पर हमला कर उनके सर कलम कर दिए। फिर वे गोलबारी कर दूसरों को घायल करते हुए भाग गए। डौडा ने कहा, मारे गए किसानों में से करीब छह लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। बोरनो पुलिस के प्रवक्ता ने हमले की पुष्टि की लेकिन यह कहते हुए ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया कि हालात का जायजा लेने के लिए पुलिस प्रमुख राज्य के इलाके में मौजूद हैं। संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम के मुताबिक, इस तरह के हमलों ने संकटग्रस्त क्षेत्र में भुखमरी के खतरे को और बढ़ाया है। इस संकटग्रस्त क्षेत्र में 44 लाख लोग पहले से भुखमरी का सामना कर रहे हैं। बोरनो राज्य में किसानों पर इसतरह के हमले अक्सर होते हैं, जहां इस्लामी चरमपंथी विद्रोहियों ने पश्चिमी शिक्षा के खिलाफ लड़ने और क्षेत्र में इस्लामी शरिया कानून स्थापित करने के लिए 2009 में विद्रोह शुरू किया था। नाइजीरिया में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, बोको हराम समूह और इस्लामिक स्टेट समर्थित एक अलग गुट की हिंसा के कारण कम से कम 35,000 लोग मारे गए हैं और 20 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।

## फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट अहद तमीमी गिरफ्तार

तेल अवीव। इजराइल-हमास जंग के बीच इजराइली सेना ने 22 साल की फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट अहद तमीमी को गिरफ्तार कर लिया है। तमीमी को हिंसा और आतंक भडक़ाने के लिए वेस्ट बैंक से अरेस्ट किया गया है। तमीमी ने 16 साल की उम्र में इजराइली सैनिक को तमाचा मारा था। तब से अहद वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के लिए हीरो बन गई। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक तमीमी ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर इजराइल के खिलाफ लिखा था- यहूदियों हम तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। हेब्रोन से लेकर जेनिन तक हम तुम्हारा कत्लेआम करेंगे। तुम कहोगे कि हिटलर ने तुम्हारे साथ जो किया वो तो सिर्फ मजाक था। तमीमी ने आगे लिखा- हम तुम्हारा खून पी जाएंगे। तुम्हारी खोपड़ी को खा जाएंगे।

## अगले चार साल तक विश्व बैंक करेगा अंतरराष्ट्रीय निधि की निगरानी

### -जलवायु परिवर्तन से प्रभावित गरीब देशों के वित्त पोषण पर हुई बैठक

अबू धाबी। अगले चार साल तक विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय निधि की निगरानी करेगा। यह निर्णय जलवायु परिवर्तन से प्रभावित गरीब देशों के वित्त पोषण पर हुई बैठक में लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अबू धाबी में खत्म हुई और बैठक में भाग लेने वाले लोगों ने इस बात पर सहमति जतायी है। हालांकि इस दौरान वैश्विक तापमान में वृद्धि से सबसे अधिक प्रभावित गरीब देशों की मदद करने के लिए स्थापित अंतरराष्ट्रीय निधि पर अंतिम बैठक में तनावपूर्ण बातचीत हुई। बैठक में अमेरिका और कई विकासशील देशों ने समझौते के मसौदे पर निराशा जतायी है जिसे इस महीने दुबई में होने वाली सीओपी-28 जलवायु शिखर वार्ता में हस्ताक्षर के लिए वैश्विक नेताओं के पास भेजा जाएगा। जानकारी के अनुसार अबू धाबी में बातचीत में शामिल हुए अमेरिका के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने एक बयान में कहा कि उन्हें भले ही समझौता होने की खुशी है, लेकिन इस बात का खेद है कि कोष में दान स्वैच्छिक रूप से देने के लिए वार्ताकारों के बीच बनी सहमति अंतिम समझौते में दिखायी नहीं दी। बैठक के दौरान समझौते में निधि के इस्तेमाल के लिए बुनियादी लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है जिसमें 2024 में इसकी शुरुआत और इसे कैसे लागू किया जाएगा और कौन इसकी निगरानी करेगा जैसी बातें शामिल हैं। बैठक में बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली के जलवायु वित्त पोषण पर विशेष दूत अविनाश परसौद ने कहा कि यह समझौता चुनौतीपूर्ण लेकिन महत्वपूर्ण परिणाम था। परसौद ने बैठकों में लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों की तरफ से बातचीत की। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते पर पहुंचने में विफलता का सीओपी पर लंबा प्रभाव पड़ेगा। मिस्र के प्रमुख वार्ताकार मोहम्मद नासिर ने कहा कि यह कुछ उम्मीदों पर खरा उतरने में नाकाम है।






वेटिकन में एक कार्यक्रम के दौरान बच्चों से बात करते हुए पोप फ्रांसिस।

## यूक्रेन को मिलेगी ईयू सदस्यता? किन शर्तों पर तैयार हो सकता है यूरोपीय संघ

यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा की मंगलवार को बाद में बैठक होगी जिसमें यूक्रेन की सदस्यता वार्ता को औपचारिक रूप से खोलने की सिफारिश करने के बारे में निर्णय को अंतिम रूप दिया जाएगा, जिसमें कीव के लिए सकारात्मक परिणाम की उम्मीद होगी लेकिन कुछ शर्तें भी जुड़ी होंगी। ब्लूमबर्ग द्वारा देखे गए मामले और दस्तावेजों से परिचित लोगों के अनुसार, यूरोपीय आयोग संभवतः सिफारिश करेगा कि सदस्य राज्य अल्पसंख्यकों पर सुधार और कानून, भ्रष्टाचार विरोधी के साथ-साथ डी-ऑलिगार्काइजेशन और लॉबिंग पर औपचारिक बातचीत शुरू करें। यह कदम तब आया है जब रूस के यूक्रेन पर आक्रमण और मॉस्को के यूरोप को अस्थिर करने के प्रयासों के बाद यूरोपीय संघ अपनी विस्तार नीति में तेजी लाना चाहता है। प्रक्रिया निजी होने के कारण पहचान उजागर न करने की शर्त पर लोगों ने कहा, राय के अंतिम शब्दों को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है। जब पिछले जून में यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा दिया गया था, तो यूरोपीय संघ ने सात कदम तय किए थे जिन्हें कीव को परिग्रहण प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने के लिए लागू करने की आवश्यकता थी। लोगों ने कहा कि यूक्रेन ने उनमें से चार मील के पत्थर पूरे कर लिए हैं। आयोग की राय, जो 8 नवंबर को जारी की जाएगी, को सदस्य राज्यों द्वारा अनुमोदित करने की आवश्यकता होगी जब यूरोपीय संघ के नेता दिसंबर में शिखर सम्मेलन के लिए मिलेंगे। चार शर्तों की पूर्ति की सूचना पहले यूक्रेन के रेडियो स्वोबोडा ने दी थी। लोगों ने कहा कि क्या यूरोपीय संघ के नेताओं ने औपचारिक रूप से बातचीत शुरू करने का फैसला किया है, ब्लॉक की कार्यकारी शाखा कीव के समानांतर यूरोपीय कानून और यूक्रेन के बीच संरेखण के स्तर की रोड-मैपिंग और स्क्रीनिंग करके परिग्रहण प्रक्रिया की तैयारी पर तकनीकी काम शुरू कर देगी।

## किंग चार्ल्स चुनाव से पहले अपराध, जलवायु पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक की योजनाएँ करेंगे निर्धारित



**लंदन (एजेंसी)।** किंग चार्ल्स मंगलवार को अपराध, जलवायु, आवास और अन्य कानूनों पर सरकार की योजनाएं पेश करेंगे, जो अगले साल चुनाव से पहले ब्रिटिश प्रधान मंत्री ऋषि सुनक का पहला और आखिरी तथाकथित किंग्स भाषण हो सकता है। सुनक उस कार्यक्रम का उपयोग करेंगे, जब सम्राट नए संसदीय सत्र के लिए सरकार की प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए भाषण देंगे, ताकि उनकी टीम को उम्मीद है कि इस साल की शुरुआत में उनके द्वारा बताई गई वोट-जीतने वाली नीतियां होंगी।

अपने सत्तारूढ़ कंजरवेटिव और विपक्षी लेबर पार्टी के बीच एक विभाजन रेखा बनाने की कोशिश करते हुए, जो चुनावों में बहुत आगे है, सनक से उम्मीद की जाती है कि वह 2050 तक ब्रिटेन के शुद्ध शून्य लक्ष्य तक पहुंचने के लिए जलवायु उपायों को कम करने पर जोर देंगे। अपराध पर नकेल कसने के लिए अपने एजेंडे को भी आगे बढ़ाएंगे, ब्रिटेन के सबसे गंभीर अपराधियों के लिए अब तक शायद ही कभी इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द के उपयोग को बढ़ाने और अपराधियों को अदालत में अपने पीड़ितों का सामना करने के लिए मजबूर करने की योजना पेश करेंगे। सुनक ने भाषण से पहले एक बयान में कहा कि मैं चाहता हूं कि देश भर में हर किसी को गर्व और मन की शांति मिले जो यह जानने से मिलती है कि आपका समुदाय सुरक्षित है।

हमें हमेशा और अधिक करने का प्रयास करना चाहिए, देश के लिए सही दीर्घकालिक निर्णय लेना चाहिए और सबसे बुरे अपराधियों को लंबे समय तक बंद रखना चाहिए। सबसे घृणित मामलों में, इन दुष्ट अपराधियों को फिर कभी हमारी सड़कों पर स्वतंत्र नहीं होना चाहिए। उनके कार्यालय ने कहा कि आपराधिक न्याय विधेयक कानून में स्पष्ट कर देगा कि सजा सुनाए जाने पर अपराधियों को अदालत में पेश करने के लिए उचित बल का इस्तेमाल किया जा सकता है ताकि वे अपने पीड़ितों की बात सुन सकें।

## इजराइल को धमकी देने वाले ईरान को घेरने फारस की खाड़ी में उतरा अमेरिकी बाहुबली

### -परमाणु हथियारों से लैस फ्लोरिडा पनडुब्बी हुआ तैनात

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** इजरायल और हमास में जारी जंग के बीच अमेरिका ने फारस की खाड़ी में परमाणु हथियारों से लैस फ्लोरिडा पनडुब्बी को तैनात कर दिया है। अमेरिका के इस फैसले को ईरान के लिए चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है, जो लगातार यह कह रहा है कि इजरायल ने गाजा पट्टी पर हमले नहीं रोके, तब हम युद्ध में उतरने को तैयार हैं। इसके बाद अमेरिका के कदम को ईरान की घेरेबंदी के तौर पर देखा जा रहा है। इसके अलावा यह अमेरिका की ओर संकेत है कि यदि ईरान जारी जंग में अपने कदम आगे बढ़ाए, तब फिर अमेरिका भी चुप नहीं बैठेगा। इस मिसाइल की तैनाती की पुष्टि खुद अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अधिकारियों ने की है।

इस अमेरिकी सबमरीन में एक साथ 154 मिसाइलों को तैनात किया जा सकता है। इसके अलावा नेवी के 66 सील कमांडो भी इसमें तैनात रहते हैं। इस साल यह दूसरा मौका है, जब अमेरिका ने अपनी मारक पनडुब्बी को फारस की खाड़ी में तैनात किया है। अप्रैल में अमेरिका नौसेना ने इस पनडुब्बी की एक तस्वीर शेयर की थी, जिसे भूमध्य सागर में तैनात किया गया था। अमेरिका के इस कदम ने फारस की खाड़ी में तनाव जरूर पैदा कर दिया है। ईरान के साथ लंबे समय से अमेरिका के रिश्ते खराब हैं। इसकारण इजरायल और हमास युद्ध में दोनों अलग-अलग पालों में दिख रहे हैं। एक ओर ईरान को इजरायल पर हमला करने वाले हमास और हिजबुल्लाह के समर्थक के तौर पर देखा जाता है, तब वहीं अमेरिका हमेशा से इजरायल समर्थक रहा है। हमास के हमले के तुरंत बाद अमेरिका ने कहा था कि इजरायल को अपनी रक्षा का हक है। हालांकि जब इजरायली हमलों में बड़ी संख्या में फिलिस्तीनी नागरिक भी मारे जाने लगे तब पूरी दुनिया में युद्ध विराम की मांग उठी। इस पर भी अमेरिका ने इजरायल से यह नहीं कहा है कि वह युद्ध रोके, लेकिन यह जरूर कहा कि हमास के आतंकियों के अपराध की सजा फिलिस्तीन के नागरिकों को नहीं दी जा सकती।

## नाइजीरिया में कनाडा हाईकमीशन पर हमला, दो की मौत

अबूजा। नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में एक जोरदार धमाका हुआ है। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हैं। जानकारी के मुताबिक एफसीटी फायर सर्विस के अनुसार अबूजा में कनाडाई उच्चायोग में विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई और अन्य दो को अस्पताल भेजा गया। एफसीटी फायर सर्विस के मर्सी डगलस ने बताया, जनरेटर बिल्डिंग के अंदर मौजूद एक टैंकर में विस्फोट हो गया... जनरेटर का प्रबंधन करने वाली कंपनी के लिए काम करने वाले दो लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, विस्फोट से इमारत के बाहर दो लोग घायल हो गए। वे अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। डगलस ने कहा, अबुजा में अग्निशमन सेवा ने आग पर काबू पा लिया और दोपहर एक बजे तक वे स्टेशन पर वापस आ गए।

## युद्ध में उतरने से पहले ही रूस के जंगी जहाज को यूक्रेन ने किया क्षतिग्रस्त

### -रूस के रक्षा मंत्रालय ने किया कंफर्म, यूक्रेन ने 15 क्रूज मिसाइलों से किया हमला

**गाजा (एजेंसी)।** कीव (ईएमएस)। रूस के एक युद्धपोत को जंग में उतरने से पहले ही यूक्रेन ने क्षतिग्रस्त कर ?दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूक्रेन के वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने दावा किया है कि उसने युद्धपोत को बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बात को रूस के रक्षा मंत्रालय की तरफ से भी कंफर्म किया गया है। इजरायल और हमास के बीच जारी भीषण जंग के साथ ही यूक्रेन का यह बड़ा दावा सामने आया है। कि उसने रूस के एक क्रूज मिसाइल कैरियर को इस्तेमाल में आने से पहले ही बड़ा नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन की सेना के अफसरों के मुताबिक यूक्रेन ने एक ऐसे रूसी मिसाइल कैरियर पर हमला किया, जो ब्लैक सी के रूसी बेड़े में शामिल भी नहीं हुआ था। यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने कहा कि यूक्रेन ने क्रीमिया के रूसी कब्जे वाले प्रायद्वीप में जालिव शिपयार्ड को निशाना बनाया। यूक्रेन ने इस बात का संकेत दिया कि हमले के लिए फ्रांस की तरफ से दी घई स्कैल्प मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। इन मिसाइलों को स्टॉर्म शैडो मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है।

ओलेशचुक ने बताया कि रूस ने अपने सबसे आधुनिक युद्धपोतों में से एक को जालिव में रखा था। यह युद्धपोत कैलिब्र क्रूज मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। हालांकि, उन्होंने जहाज का नाम नहीं बताया। उधर रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी अपने एक जहाज के क्षतिग्रस्त होने की बात को स्वीकार किया है। रूस की तरफ से कहा गया है कि यूक्रेन ने शिपयार्ड पर 15 क्रूज मिसाइलों की बौछार की थी। मंत्रालय ने दावा किया कि रूस ने 13 मिसाइलों को मार गिराया है। हालां?कि रूस के स्वीकार करने के बाद यूक्रेन के मंत्रिस्तरीय सलाहकार एंटोन गेराशचेंको ने एक वी?डियो फुटेज भी पोस्ट किया है, जिसमें शिपयार्ड में एक बड़ी आग दिखाई गई है।

यूक्रेन की वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशचुक ने कहा कि उनका ऑपरेशन सफल रहा। उन्होंने बताया कि छोटी मिसाइल ले जाने में सक्षम जहाज आस्कोल्ड पर कम से कम तीन हमले हुए। यूक्रेनी नौसैनिक कप्तान एंड्री रायजेंको ने दावा किया कि क्षतिग्रस्त जहाज संभवतः कार्वेट आस्कोल्ड था। बताया जा रहा है ?कि जहाज अब भी तैर रहा है, लेकिन उसका ऊपरी हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। रूसी बेड़े की गतिविधियों पर नजर रखने वाली वेबसाइट ब्लैक सी फ्लीट ने बताया कि आस्कॉल्ड एक छोटा मिसाइल वाहक है, जो आठ कलिब्र क्रूज मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है।

## रेडियो इंडिया के प्रबंध ने जस्टिन ट्रूडो को लिखा पत्र, सिख फॉर जस्टिस को आंतकी संगठन घोषित करे

### -गुरपतवंत पन्नू जैसे लोगों पर एक्शन लिया जाए

**सरे (एजेंसी)।** प्रसिद्ध मीडिया संगठन रेडियो इंडिया (सरे) के प्रबंध निदेशक मनिंदर सिंह गिल ने कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को पत्र लिखकर किसी विशेष पार्टी के बजाय पूरे पंजाबी सिख समुदाय के हितों पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया हस्ती के रूप में, यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे कनाडा में भारतीय-कनाडाई समुदाय के सामने आने वाली सुरक्षा चिंताओं को सक्षम सरकार के ध्यान में लाएं।

गिल ने कहा, कनाडा में भारतीय-कनाडाई समुदाय के खिलाफ नफरत और धमकी की हरकतें खतरनाक स्तर पर पहुंच गई हैं। कनाडा में दिनदहाड़े इंडो-कनाडाई समुदाय पर शारीरिक हमले आम हो रहे हैं। सरे में भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर उन्हें खुद भी शारीरिक हमले और जान से मारने की धमकियों का सामना करना पड़ा है, लेकिन देश में कानून के तहत उन्हें अभी तक कोई न्याय नहीं मिला है, जबकि ये हमले 19 मार्च 2023 को पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुए थे।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी खतरे अब खुला आतंकवाद बन चुके हैं, क्योंकि सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के गुरपतवंत पन्नू ने भारतीय समुदाय को एयर इंडिया पर हमला करने की खुलेआम धमकी दी है। पन्नू ने सिख समुदाय को खुलेआम चेतावनी दी है कि वे एयर इंडिया से यात्रा न करें क्योंकि उनकी जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि ये आतंकी धमकियां एयर इंडिया आतंकी हमले के 329 कनाडाई पीड़ितों को परेशान करती हैं, जिनके परिवार के सदस्य इस घटना में मारे गए थे। गिल ने कहा कि पन्नू की हालिया धमकियां उन परिवारों के घावों पर नमक छिड़कने के समान हैं जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला है।

गिल ने कहा, झूठी सूचना फैलाकर किसी विमान की सुरक्षा को खतरे में डालना कनाडाई आपराधिक संहिता की धारा 77 के तहत आजीवन कारावास की सजा वाला अपराध है। कनाडा की आपराधिक संहिता की धारा 319(2) के तहत लोगों के एक समूह के खिलाफ जानबूझकर नफरत भड़काना एक गंभीर अपराध है। उन्होंने कहा कि भारतीय समुदाय इस बात से व्यथित है कि गुरपतवंत पन्नू जैसे लोग कनाडा में कानूनी छूट का आनंद क्यों ले रहे हैं, जहां उन्हें अपने घृणित और आतंकवादी बयानों के लिए कोई परिणाम नहीं भुगतना पड़ रहा है।

अंत में, गिल ने कहा, कनाडा के कानून के शासन में, जहां सिख फॉर जस्टिस को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, सरकार पर नफरत फैलाने वाले भाषण और आतंकवादी धमकियां देकर एयर इंडिया के यात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया जाना चाहिए। पन्नू पर मुकदमा चलाना चाहिए।

## रूस ने किया था बैकऑफ, अब नाटो ने शीत युद्ध की सुरक्षा संधि को किया निलंबित

**(एजेंसी)।** नाटो ने मंगलवार को रूस के सौदे से बाहर निकलने के जवाब में शीत युद्ध-युग की एक प्रमुख सुरक्षा संधि को औपचारिक रूप से निलंबित करने की घोषणा की। गठबंधन ने कहा कि संधि पर हस्ताक्षर करने वाले उसके सदस्य अब समझौते में अपनी भागीदारी रोक रहे हैं। नाटो के 31 सहयोगियों में से अधिकांश ने यूरोप में पारंपरिक सशस्त्र बलों की संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य शीत युद्ध के प्रतिद्वंद्वियों को आपसी सीमाओं पर या उसके निकट सेना इकट्ठा करने से रोकना था। इस पर नवंबर 1990 में हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन दो साल बाद तक इसे पूरी तरह से अनुमोदित नहीं किया गया था।

नाटो ने कहा कि ऐसी स्थिति जिसमें मित्र राष्ट्र पार्टियाँ संधि का पालन करती हैं, जबकि रूस नहीं करता, अस्थिर होगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को पहले घोषणा की थी कि मॉस्को ने अपनी वापसी को अंतिम रूप दे दिया है। जवाब में नाटो ने कहा, जिन सहयोगियों ने हस्ताक्षर किए थे। वे अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने अधिकारों के अनुसार, जब तक आवश्यक हो, सीएफई संधि के संचालन को निलंबित करने का इरादा रखते हैं। यह सभी नाटो सहयोगियों द्वारा पूरी तरह से समर्थित निर्णय है। नाटो ने रेखांकित किया कि उसके सदस्य सैन्य जोखिम को कम करने और गलत धारणाओं और संघर्षों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



## ग्लोबल रेटिंग एजेंसी ने भारत का विकास दर अनुमान बढ़ाया, चीन का घटाया

### -कई विकसित देश वर्तमान में आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** चीन-अमरीका सहित कई विकसित देश वर्तमान में आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। वहीं क्रेडिट रेटिंग एजेंसियां भारत के विकास दर अनुमान को बढ़ा रही है। ग्लोबल रेटिंग फिच ने भारत के आर्थिक वृद्धि के अनुमान को 5.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। वहीं चीन की जीडीपी ग्रोथ 5.3 प्रतिशत से घटाकर 4.6 प्रतिशत कर दिया है। इससे साफ होता हैं कि कैसे विदेशी कंपनियां भू-राजनीतिक तनाव और अन्य जगहों पर उच्च ब्याज दरों के कारण देश से पैसा खींच रही हैं। देश के विदेशी मुद्रा प्रशासन ने कहा कि भुगतान संतुलन में चीन की प्रत्यक्ष निवेश देनदारियों में तीसरी तिमाही में 11.8 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। यह उपाय चीन में विदेशी स्वामित्व वाली संस्थाओं से जुड़े मौद्रिक प्रवाह को रिकॉर्ड करता है। अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि भुगतान संतुलन के उपाय द्वारा एफडीआई में गिरावट विदेशी कंपनियों द्वारा चीन में किए गए मुनाफे को देश में फिर से निवेश करने की कम इच्छा को दर्शाती है। ऐसा पश्चिम के साथ तनावपूर्ण संबंधों और विदेशों में नकदी रखने के बढ़ते आकर्षण के कारण है। उन्नत अर्थव्यवस्थाएँ ब्याज दरें बढ़ा रही हैं, जबकि चीन अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए उनमें कटौती कर रहा है। पेंथियन मैक्रोइकॉनॉमिक्स के मुख्य चीन अर्थशास्त्री डंकन रिगले ने कहा कि संभवतः यह विदेशी कंपनियों को चीन से कमाई वापस लाने को दर्शाता है, जबकि पहले उन्होंने इसे पुनर्निवेशित किया था। अंतर्राष्ट्रीय कंपनियाँ, विशेष रूप से अमेरिकी कंपनियाँ, चीन के विकल्पों का उपयोग करने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं को फिर से कॉन्फ़िगर कर रही हैं। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी चीन के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्रवाह का अन्य मुख्य उपाय, इस वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में 920 बिलियन युआन (125.8 बिलियन) तक पहुंच गया, जो 2022 की इसी अवधि की तुलना में 8.4 प्रतिशत कम है। चीन में निर्यात-उन्मुख और औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली विदेशी कंपनियों ने इस साल अपने मुनाफे में गिरावट देखी है, क्योंकि चीन के निर्यात के मूल्य में गिरावट आई है और संपत्ति में गिरावट के कारण औद्योगिक वस्तुओं की मांग प्रभावित हुई है। चीन के सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार, चीन में विदेशी निवेश वाली औद्योगिक कंपनियों का मुनाफा पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली तीन तिमाहियों में 10.5 प्रतिशत गिर गया।

# विश्वकप में आज नीदरलैंड को हराने के इरादे से उतरेगी इंग्लैंड

**पुणे (एजेंसी)।** एकदिवसीय विश्वकप में बुधवार को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी गत विजेता इंग्लैंड का मुकाबला डच टीम नीदरलैंड से होगा। इस मैच में जीत के लिए इंग्लैंड टीम पूरी ताकत लगा देगी जिससे कि एक बार फिर जीत की लय हासिल की जा सके। इंग्लैंड टीम विश्वकप में एक ही मैच जीतने के कारण अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। इससे उसके लिए चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भी क्वालीफाई करना भी कठिन हो गया है।

इंग्लैंड की टीम का पलड़ा भारी तो है पर ये मैच उसके लिए आसान नहीं है क्योंकि उसके बल्लेबाज और गेंदबाज फार्म में नहीं हैं। वहीं नीदरलैंड ने विश्वकप में उम्मीद से बेहतर खेल दिखाया है। ऐसे में वह भी इंग्लैंड को कड़ी टक्कर देगी। उसने विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका को भी उलटफेर का शिकार बनाकर सबको हैरान की दिया था।

इस मैच में इंग्लैंड की टीम लगातार हार के दौर से बाहर निकलने के लिए उतरेगी। नहीं नीदरलैंड भी दक्षिण अफ्रीका की तरह इंग्लैंड को हराकर सबको हैरान करना चाहेगी।

इंग्लैंड की टीम का मनोबल इस विश्वकप में गिरा हुआ है। ऐसे में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज बेहतर प्रदर्शन कर अपना मनोबल बढ़ाना चाहेंगे। यहां की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल है जिससे यहां पर बड़ा स्कोर बनने की संभावना है। ऐसे में गेंदबाजों के लिए बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना कठिन होगा। स्पिनर हालांकि इस पिच पर सहायता हासिल कर सकते हैं।

वहीं मौसम विभाग के अनुसार यहां बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश भी हो सकती है।




### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड:** जोस बटलर (कप्तान), जॉनी बेयरेस्टो, डेविड मलान, जो रूट, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रूक, मोईन अली, डेविड विली, मार्क वुड, आदिल रशीद, क्रिस वोक्स

**नीदरलैंड:** स्कॉट एडवर्ड्स (कप्तान), मैक्स ओ'डोड, वेस्ले बर्रेसी, कॉलिन एकरमैन, बास डी लीडे, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट, साकिब जुल्फिक्कार, लोगान वान बीक, रुलोफ वानडेर मर्व, आर्यन दत्त, पॉल वान मीकेरन।

# अफगानिस्तान टीम ने रचा इतिहास, वर्ल्ड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए किया क्वॉलिफाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 में अफगानिस्तान टीम मुंबई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला खेल रही है। वहीं अभी तक टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जहां उसने अपने पिछले तीन मैचों में जीत हासिल की है। इसके साथ ही अफगानिस्तान टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई किया है। अफगान टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का हिस्सा होगी।

बता दें कि, सोमवार को बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दिल्ली में खेले गए मुकाबले में श्रीलंकाई टीम की 3 विकेट से हार के बाद अफगानिस्तान टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन पाकिस्तान में किया जाएगा। अफगान टीम ने इस वर्ल्ड कप में 7 मैच खेले हैं और 4 में जीत हासिल की है। अफगानिस्तान ने कई बड़ी टीमों को मात दिया, जिसमें इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स शामिल है।

बता दें कि, अफगानिस्तान की टीम पॉइंट्स टेबल में छठे स्थान पर है। उसे वर्ल्ड कप 2023 के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने बचे हुए सभी मैच जीतने होंगे। फिलहाल उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के बाद साउथ अफ्रीका से भिड़ना है।

# विश्वकप में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकार्ड बना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल डेडिंस के बांग्लादेश के खिलाफ मैच में छक्का लगाते ही 2023 विश्वकप में सबसे अधिक 464 छक्के लग गये हैं। इससे पहले सबसे अधिक छक्कों का रिकार्ड 2015 विश्वकप में बना था। तब 463 छक्के लगे थे। वहीं इस विश्वकप के 37 मैचों में ही अब तक इतने छव?के लग गये हैं। वहीं आज हुए 38 वें मैच में एक छक्का लगाते ही नया रिकार्ड बन गया। .इस विश्कप से पहले दो विश्वकप ही ऐसे रहे हैं जिसमें अब तक 400 से अधिक छक्के लगे हैं। साल 2015 के विश्वकप में प्रशंसकों को 463 छक्के देखने को मिले थे। इन दो वर्ल्डकप के अलावा 2007 और 2019 के इस टूर्नामेंट में छक्कों की संख्या 350 से अधिक थी। वहीं साल 2007 के वर्ल्डकप में 373 और 2019 के विश्वकप में 357 छव?के ही लगे थे।

सबसे पहले हुए 1975 और 1979 विश्वकप में सबसे कम 28 छक्के लगे थे जबकि 1983 में इनकी तादाद बढ़कर 1983 पहुंच गयी थी। 1987 में 126 छक्के और 1992 में 93 छव?के लगे जबकि 1996 में 148 छव?के लगे। वहीं 1999 विश्वकप में 153 छक्के और 2003 में 266 छक्के लगे। 2007 में इनकी संख्या बढ़ 373 तक पहुंच गयी। साल 2011 में 258 छक्के

वहीं 2015 में 463 छव?के लगे। 2019 में इनकी संख्या घटकर 357 छक्के तक पहुंच गयी। इस विश्वकप में सबसे अधिक छक्के भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने लगाये हैं। रोहित ने अब तक 8 मैचों में अब तक 22 छक्के लगाये हैं। वहीं सात मैचों में 20 छक्कों के साथ ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर दूसरे और 18-18 छक्कों के साथ पाकिस्तान के फखर जमां )और दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक इस सूची में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं।

# वंदे भारत एक्सप्रेस में ट्रॉफी लेकर निकलेंगे लीजेंड्स लीग क्रिकेटर: अश्विनी वैष्णव

### -भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी करके गर्व का अनुभव कर रहे-रवि शास्त्री

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने वंदे भारत एक्सप्रेस के साथ एक साझा राष्ट्रीय अभियान की घोषणा की है। आठ नवंबर बुधवार से शुरु हो रहे इस अभियान में लीजेंड्स लीग में भाग लेने वाले क्रिकेटर अब वंदे भारत एक्सप्रेस में ट्रॉफी के साथ यात्रा करेंगें। इस अभियान के दौरान ये ट्रॉफी वंदे भारत एक्सप्रेस से कई राज्यों की यात्रा करेगी। ट्रॉफी पूरे देश में 17 विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में यात्रा करेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इसको लेकर उत्साहित हैं उन्होंने कहा, हम लीजेंड्स लीग क्रिकेट और वंदे भारत में दिग्गज खिलाड़ियों का स्वागत करते हैं। देश भर में खेलों को बढ़ावा देने की इस अविश्वसनीय यात्रा के लिए हम तैयार हैं।




वहीं लीजेंड्स लीग क्रिकेट के कमिश्नर रवि शास्त्री ने कहा, हमें भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी करने और खेलों को बढ़ावा देने में योगदान देने पर गर्व का अनुभव हो रहा है। लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेल हर दिन बड़ा होता जा रहा है। मैं कहूंगा कि इस सीज़न में लीजेंड्स लीग क्रिकेट धमाल मचाने वाले हैं। यह अभियान 8 नवंबर को नई दिल्ली से शुरू हो रहा है और 16-रूट की इस यात्रा में से यह पहली यात्रा होगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सीईओ रमन रहेजा ने कहा, जैसा कि हमने भारतीय रेलवे के साथ इस अनूठे सहयोग को हरी झंडी दिखाई है, लीजेंड्स लीग क्रिकेट प्रशंसकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह देश के हर कोने में खेल की संस्कृति को बढ़ावा देने की एक नई पहल है। गेल, श्रीसंत और वॉटसन जैसे शीर्ष दिग्गज एलएलसी ट्रॉफी के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस में देश भर के दौरे पर निकलेंगे। इस अभियान में गौतम गंभीर, सुरेश रैना, इरफान पठान, क्रिस गेल, केविन पीटरसन, एस श्रीसंत, पार्थिव पटेल, शेन वॉटसन, प्रवीण कुमार, झूलन गोस्वामी जैसे क्रिकेट के दिग्गजों को शामिल किया गया है।

# श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड बहाल, बोर्ड अध्यक्ष शम्मी ने दी थी अदालत में चुनौती

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किए गए देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने मंगलवार को बहाल कर दिया है। अदालत ने बोर्ड अध्यक्ष शम्मी सिल्वा की खेल मंत्री रणसिंघे द्वारा क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त किए जाने के कदम को अदालत में चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी, जिसे अदालत ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका कोर्ट ऑफ अपील ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त करने के खेल मंत्री के फैसले को रद्द करते हुए सुनवाई पूरी होने तक निष्कासित अधिकारियों को बहाल कर दिया। उल्लेखनीय है कि विश्व कप में भारत से शर्मनाक हार के बाद सोमवार को श्रीलंका के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने देश के क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था।

गौर हो कि खेल मंत्रालय ने बोर्ड को बर्खास्त करते हुए एक विज्ञप्ति में कहा था कि समिति की नियुक्ति रणसिंघे द्वारा 1973 के खेल कानून संख्या 25 की शक्तियों के तहत की गई है। समिति में तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीश भी हैं, जिनमें से दो महिलाएं हैं और पूर्व एसएलसी अध्यक्ष उपाली धर्मदासा भी हैं। इससे रणतुंगा की वापसी हुई जिन्होंने 2008 में श्रीलंकाई क्रिकेट के मामलों के शीर्ष पर इसी तरह की अंतरिम समिति का नेतृत्व भी किया था। रणसिंघे द्वारा नियुक्त राष्ट्रीय खेल परिषद के प्रमुख रणतुंगा सिल्वा प्रशासन पर सवाल उठाते रहे हैं। सिल्वा को मई में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एसएलसी प्रमुख के रूप में चुना गया था जो 2025 तक चलना था।

# न्यूजीलैंड-श्रीलंका मैच में बारिश हुई तो पाक के पास रहेगा सेमीफाइनल में पहुंचने का अवसर

नई दिल्ली । विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमें दावेदारी में बनी हुई हैं। न्यूजीलैंड की टीम पर अंक तालिका में पाक से आगे है। पाक टीम अब तक खेले 8 में से 4 ही मुकाबले जीत पायी है। ऐसे में पाक टीम 8 अंकों के साथ ही अंक तालिका में 5वें नंबर पर है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड की टीम के भी 8 मैच में 8 अंक हैं पर नेट रनरेट के कारण कीवी टीम अंक तालिका में चौथे नंबर पर है। ऐसे में दोनो ही टीमों के लिए अपने-अपने अंतिम मैच अहम रहेंगे। न्यूजीलैंड को अपना अंतिम मैच 9 नवंबर को बेंगलुरु में श्रीलंका से खेलना है। वहीं पाक टीम 11 नवंबर को इंग्लैंड से खेलेगी। वहीं कहा जा रहा है कि 9 नवंबर को बेंगलुरु में बारिश की काफी संभावना है। ऐसे में अगर मैच रद्द होता है, तो श्रीलंका और न्यूजीलैंड दोनो ही टीमों को एक-एक अंक मिलेंगे। इस कारण कीवी टीम के कुल अंक 9 हो जाएंगे। वहीं पाक की टीम यदि इंग्लैंड को हरा देती है, तो उसके 10 अंक हो जाएंगे और वह कीवी टीम से आगे निकल जाएगी। वहीं अफगानिस्तान के भी 7 मैच में 8 अंक हैं पर उसके बचे 2 मुकाबले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से होने हैं। ऐसे में उसकी जीत की संभावनाएं कम हैं। ऐसे में पाक टीम के लिए सेमीफाइनल की राह बन जाएगी।

# रोहित ने दी टीम को अतिआत्मविश्वास से बचने की सलाह



कोलकाता । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आने वाले मुकाबलों के लिए टीम को अतिआत्मविश्वास से बचना होगा। रोहित के अनुसार अभी तक टीम को जबरदस्त सफलता मिली है और उसने दक्षिण अफ्रीका जैसे टीम को भी 243 रन के बड़े अंतर से हराया है। रोहित ने कहा कि खिलाड़ियों को अतिआत्मविश्वास से बचना होगा कयोंकि आने वाले मुकाबले और कठिन होंगे। रोहित शर्मा ने विश्वकप मे आठवीं जीत दर्ज करने पर कहा कि टीम को अभी कुछ और मैच खेलने हैं और उसे अतिआत्मविश्वास से बचना होगा। उन्होंने कहा कि हम अभी ड्रेसिंग रूम में इस बारे में ही बात कर रहे थे। हमें अतिआत्मविश्वास से बचते हुए अपनी पूरी क्षमता के साथ खेलना होगा। रोहित ने कहा कि टीम ने पिछले 3 मैचों में बेहद ही शानदार खेल दिखाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 मैचों के प्रदर्शन को देखें तो हम स्थिति के अनुरूप ढलने के मामले में शानदार रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ हम दबाव में थे, पिछले मैच में भी हमने पहले ओवर में एक विकेट खो दिए थे, लेकिन अच्छा स्कोर बनाया और तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। रोहित ने इस मुकाबले में वनडे में 49वां शतक लगाने वाले विराट कोहली के साथ शानदार साझेदारी करने वाले श्रेयस अय्यर की तारीफ की। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 134 रन जोड़े।

# श्रेयस सबसे बेहतर तरीके से स्पिन खेलते हैं : कैफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि श्रेयस अय्यर स्पिन को काफी अच्छे तरीके से खेलते हैं। श्रेयस ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्वकप मुकाबले में शानदार अर्धशतक लगाया था। अय्यर ने इस मुकाबले में 77 रनों की पारी खेली थी। अय्यर की इस शानदार पारी को देखकर कैफ बेहद उत्साहित हैं। उनका कहना है कि श्रेयस से बेहतर स्पिन कोई अन्य भारतीय खिलाड़ी नहीं खेल सकता है. कैफ ने कहा, श्रेयस स्पिन को बहुत अच्छे तरीके से खेलते हैं। मैंने आईपीएल में उनके साथ काम किया है। मेरा मानना है कि टीम का कोई भी खिलाड़ी उनसे बेहतर स्पिन नहीं खेल सकता है क्योंकि वह एक ओर दो रन लेते रहते हैं। साथ ही छक्के भी मारते हैं। कितनी भी अच्छी गेंदबाजी हो उनपर प्रभाव नहीं पड़ता। अय्यर अपनी तरफ से रन निकालते रहते हैं। अय्यर ने विश्व कप की अपनी पहली 6 पारियों में केवल एक अर्धशतक बनाने के बाद, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ वापसी की। इन दोनों ही टीमों के खिलाफ उन्होंने अर्धशतक लगाये। अय्यर ने श्रीलंका के खिलाफ 56 गेंदों में 82 रन और साउथ अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में 77 रनों की पारी खेली।



# गांगुली भी बचे थे टाइमआउट से, स्मिथ ने नहीं की थी अपील

नई दिल्ली । एकदिवसीय विश्वकप में श्रीलंकाई बल्लेबाज एंजेलो मैथ्यूज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइमआउट होने वाले पहले बल्लेबाज हैं। बंग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में वह शकिब अल हसन की अपील के कारण आउट हुए। इससे पहले एकबार भारतीय टीम के बल्लेबाज सौरव गांगुली भी टाइमआउट होते पर दक्षिण अफ्रीका के कप्तान ग्रीम स्मिथ ने उनके आउट होने की अपील नहीं की जबकि स्मिथ को पता था कि वह तय समय से देरी से आये हैं। यह साल 2007 का मामला है। उस समय भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में टेस्ट मैच खेल रही थी। तब भारत ने तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में के रूप में दो विकेट शुरुआत में ही खो दिये। इसके बाद बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को उतरना था पर किसी कारण वह वह उतर नहीं पाये। इसके बाद बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण को आना था पर वह नहा रहे थे। ऐसे में गांगुली को अचानक ही उतरना पड़ा। वह जल्दी से ड्रेसिंग रूम में पहुंचे और तैयार होकर मैदान पर आए पर उन्हें उतरने में तीन मिनट से ज्यादा का समय लग गया। इस कड़ी में करीब 6 मिनट से ज्यादा का समय लग गया था। तब स्मिथ ने खेल भावना का ध्यान रखते हुए गांगुली को आउट देने की अपील नहीं की।



# विश्व कप में भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से प्रेरित हो रही अफगानिस्तान की टीम : कप्तान शाहिदी

**मुंबई (एजेंसी)।** कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने कहा कि अफगानिस्तान की टीम विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के समर्थन से काफी हद तक प्रेरित हुई है और मानसिकता में बदलाव से उनकी टीम पिछले चरण की तुलना में इस टूर्नामेंट में ज्यादा जीत हासिल करने में सफल रही है। अफगानिस्तान लगातार तीन मैच जीतकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने का लक्ष्य बनाए है जिससे टीम लीग चरण के अंतिम दो मैच जीतने की कोशिश करेगी।

आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी शाहिदी ने मैच पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम जैसा यहां खेल दिखा रहे हैं, स्वदेश में सभी इसे पसंद कर रहे हैं। देशवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं और हमारी उपलब्धियों से बहुत खुश हैं।' उन्होंने कहा, 'भारतीय लोगों ने हमारा पूरे टूर्नामेंट में समर्थन किया है। वे प्रत्येक मैच में स्टेडियम में आ रहे हैं और हमारा समर्थन कर रहे हैं। इससे हमें प्रेरणा मिल रही है।'

शाहिदी ने कहा कि मैदान के बाहर भी भारतीय प्रशंसक पूरा समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'साथ ही मैदान के बाहर जब वे हमें पहचानते हैं कि हम अफगानिस्तान टीम के खिलाड़ी हैं तो वे हमें बहुत सम्मान और प्यार देते हैं।' उन्होंने कहा, 'इनमें से एक व्यक्ति जो एक टैक्सी ड्राइवर था, मुझे बिना पैसे ही मेरे गंतव्य तक ले गया। भारत में लोग हमें इसी तरह प्यार दे रहे हैं। हम इसके आभारी हैं।'



शाहिदी ने यह भी कहा कि अच्छे प्रदर्शन के लिए टीम की मानसिकता में बदलाव भी जरूरी था। उन्होंने कहा, 'विश्व कप में हमारा पिछला प्रदर्शन इतना अच्छा नहीं था, हमने सिर्फ एक ही मैच जीता था। लेकिन इस विश्व कप में, हमें विश्वास था कि हम बेहतर कर सकते हैं।' अफगानिस्तान के कप्तान ने कहा, 'पहले अन्य टीमों और हमारे बीच जो अंतर था, मुझे लगता है कि अब हम उनके बराबर हैं जो शीर्ष स्तर की हैं। हम शायद अब भी सीख रहे हैं, लेकिन प्रतिभा की बात करें तो हम अच्छी टीम हैं।'

उन्होंने कहा, 'हमारी टीम में काफी प्रतिभा है और हमने जो कड़ी मेहनत की है, उसे देखते हुए हमें विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं, हम यह हासिल कर सकते हैं।' शाहिदी ने कहा, 'भरोसा, कड़ी मेहनत और प्रतिभा ये तीन चीजें हैं जो हमारी टीम में है। शुरूआत से हमें विश्वास था लेकिन इसके लिए हमें जीत हासिल करनी होगी। जब हम इंग्लैंड के खिलाफ जीते तो यह भरोसा और बढ़ गया और इसके बाद पाकिस्तान को हराकर इसमें और इजाफा हुआ।' उन्होंने कहा, 'हम बस आगे बढ़ रहे हैं, हम प्रत्येक मैच में बतौर टीम सुधार करने की सर्वश्रेष्ठ कोशिश कर रहे हैं।'

# एफआईएच ने पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए घोषित किया पूल

लुसाने । अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पूल की घोषणा कर दी है। 13 से 24 जनवरी के बीच रांची में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय महिला हॉकी टीम का मुकाबला जर्मनी, न्यूजीलैंड, जापान, चिली, संयुक्त राज्य अमेरिका, इटली और चेक गणराज्य से होगा। आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शीर्ष 3 में रहने वाली टीमें ही पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए प्रवेश हासिल करेंगी। अब तक मेजबान फ्रांस के अलावा, पांच पुरुष और महिला टीमों ने ही कॉन्टिनेंटल चैंपियंस के रूप में पेरिस ओलंपिक ओलंपिक 2024 के लिए सीधे प्रवेश हासिल किया है। 16 पुरुष-महिला टीमों ने एक साथ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 में अपना स्थान पक्का कर लिया है, इसलिए, इन क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के लिए पूल अब सामने आ गए हैं। प्रति जेंडर 16 टीमों को दो समूहों में बांटा गया है। जिसमें आठ टीमें प्रत्येक स्थान पर यात्रा करेंगी। पुरुषों के क्वालीफायर के लिए मस्कट, ओमान और वालेंसिया, स्पेन, और महिलाओं के लिए रांची, भारत और वालेंसिया, स्पेन वेन्यू होगा। मस्कट, ओमान में प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ पुरुष टीमें ग्रेट ब्रिटेन, जर्मनी, न्यूजीलैंड, मलेशिया, पाकिस्तान, कनाडा, चिली और चीन हैं। वालेंसिया, स्पेन में प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ पुरुष टीमें बेल्जियम, स्पेन, कोरिया, आयरलैंड, जापान, ऑस्ट्रिया, मिस्र और यूक्रेन हैं। वेलेंसिया, स्पेन में प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ महिला टीमें बेल्जियम, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण कोरिया, आयरलैंड, कनाडा, मलेशिया और यूक्रेन हैं।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी पर पहली बार पंजाब का कब्जा, अर्शदीप सिंह ने पलटी बाजी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में पंजाब ने बडौदा को हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की है। मंदीप सिंह की अगुवाई में पंजाब ने बड़ौदा को 20 रनों से मात दी। इससे पहले पंजाब चार बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची थी, लेकिन कभी टाइटल अपने नाम नहीं किया था। इस बार ये कसर भी पंजाब ने पूरी कर दी।

इस मैच में दोनों टीमों ने 200 रनों का आंकड़ा पार किया और कुल 426 रन बने। वहीं पंजाब की जीत के हीरो अनमोलप्रीत सिंह और अर्शदीप सिंह रहे। अनमोलप्रीत ने पहली पारी में शतक जड़कर 113 रन बनाए। वहीं अर्शदीप ने अपने 4 ओवर में मात्र 23 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। अर्शदीप ने 19वें ओवर में मैच को पलट दिया। हालांकि, अनमोलप्रीत को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

पंजाब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अनमोलप्रीत सिंह के शतक की बदौलत 224 का लक्ष्य दिया। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने वाली बड़ौदा ने 18 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 191 रन बोर्ड पर लगा दिए थे। उस समय ऐसा लग रहा था कि बड़ौदा की टीम इस मैच को आसानी से जीत जाएगी। क्रुणाल पांड्या 45 तो विष्णु सोलंकी 7 गेंदों में 25 रन बनाकर खेल रहे थे। इस दौरान विष्णु ने 3 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 24 रन बटोरे थे।




# चोटिल होने के कारण शाकिब विश्वकप से बाहर हुए

नई दिल्ली । बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान शाकिब अल हसन चोटिल होने के कारण एकदिवसीय विश्व कप के बचे हुए मैचों से बाहर हो गये हैं। शाकिब को श्रीलंका के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। मैच के बाद हुई जांच में तर्जनी में फैक्चर निकला है। इससे वह पुणे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बांग्लादेश के इस टूर्नामेंट के अंतिम मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं राष्ट्रीय टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, शाकिब को उनकी पारी की शुरुआत में बाईं तर्जनी पर चोट लगी थी, लेकिन उन्होंने सहायक टेपिंग और दर्द निवारक दवाओं के साथ बल्लेबाजी करना जारी रखा। वहीं जांच में उनके फैक्चर का पता चला है। इस चोट से उबरने के लिए उन्हें तीन से चार सप्ताह का समय लगेगा।

THE PHOTON NEWS

12 www.thephotonnews.com

Wednesday, 08 November 2023



# टाइगर 3 में होगा ऋतिक रोशन का कैमियो

सलमान खान की आगामी फिल्म टाइगर 3 की रिलीज डेट नजदीक है। मेकर्स इस फिल्म को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज करेंगे। बता दें कि मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी टाइगर 3 यश राज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म है। इस फिल्म में ऋतिक रोशन के फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिलने वाला है। बताया जा रहा है कि टाइगर 3 में सलमान खान, कटरीना कैफ और इमरान हाशमी के अलावा ऋतिक रोशन भी नजर आने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी टाइगर 3 में ऋतिक रोशन भी नजर आने वाले हैं। कहा जा रहा है कि यशराज फिल्म्स की पांचवी स्पाई यूनिवर्स फिल्म में टाइगर, पठान और कबीर एक साथ नजर आएंगे। बता दें कि टाइगर और जोया के की वापसी वाली इस किस्त की एडवांस बुकिंग रिलीज से एक सप्ताह पहले 5 नवंबर, 2023 को शुरू होगी। ये फिल्में होंगी स्पाई यूनिवर्स में शामिल बताया जा रहा है कि टाइगर 3 के बाद, स्पाई यूनिवर्स में अयान मुखर्जी निर्देशित एक्शन फिल्म वॉर 2 देखने को मिलेगी। इस फिल्म में ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी नजर आएंगे। वॉर 2 के बाद आलिया भट्ट अपनी स्पाई फिल्म के साथ इस यूनिवर्स का हिस्सा बनेंगी, जिसमें वह शारवरी वाघ के साथ नजर आएंगी।





# बिग बॉस -17 से बाहर आते ही मनस्वी ममगई का फूटा गुस्सा

बिग बॉस 17 से मनस्वी ममगई बेघर हो गई हैं। एक हफ्ते पहले ही मनस्वी ने शो में बतौर वाइल्ड कार्ड एंट्री की थी हालांकि ना तो वे घर में मौजूद कंटेस्टेंट को रास आईं और ना ही बाहर ऑडियंस को। हाल ही में खास बातचीत के दौरान, मनस्वी ने इस शो में अपने सफर के बारे में खुलकर बातचीत की।

**क्या मेकर्स ने गलत फैसला लिया?**

हां। मुझे लगता है कि इस हफ्ते एलिमिनेशन नहीं होना चाहिए था, या फिर अरुण (अरुण श्रीकांत) को जाना चाहिए था जो सोफे पर ही सोते हैं और वही खाना खाते हैं। उनकी फैन फॉलोइंग बने रहे, इसीलिए शो में रखा। मेरे लिए ये डिसीजन निराशाजनक था। मैं ये सोचकर गई थी कि देरी से एंट्री करना शायद फायदेमंद साबित होगा लेकिन ये तो नुकसानदायक हो गया।

**आपको अपने आपको प्रुफ करने का मौका नहीं मिला?**

जी हां, मुझे खुद को प्रूफ करने का मौका ही नहीं मिला। मुझे मुद्दे उठाने का वक्त ही नहीं मिला, सलमान सर ने भी ये बात कहीं थ। उन्हें लगा कि मैं अच्छा खेल रही थी, स्ट्रांग प्लेयर थी लेकिन मेरी क्वालिटी फीकी पड़ गई।

**शो का अनुभव कैसा रहा?**

इंटरेस्टिंग था, मैं चाहती थी कि थोड़ा और इस शो का अनुभव लूं। शुरुआत के 3-4 दिन सेटल होने में, समझने में लगते हैं। लेकिन मौका ही नहीं मिला, यही हकीकत है।

**अनुराग गद्दार है**

अनुराग (डोभाल) बहुत ही बड़ा गद्दार है, वो आस्तीन का सांप है। घर का भेदी लंका ढाए - ये वाक्य उन पर पूरी तरह से जंचता है। शुरुआत में उन्होंने मुझे महसूस करवाया कि वो मेरे भाई हैं, मेरे समर्थक हैं, हमेशा मेरे लिए खड़े रहेंगे और सबसे पहले मुझे नॉमिनेट करने वाले भी वही थे। मुझे लगता हैं कि वे मुझे लेकर इनसिक्योर थे, उन्हें डर था कि कहीं वोट्स बंट ना जाए क्योंकि हम दोनों एक ही राज्य से आते हैं। मुझे लगता हैं कि उन्होंने बहुत ही गंदी हरकत की है। इस साल के वो सबसे बुरे कंटेस्टेंट होंगे।

**कौन अच्छा खेल रहा है और कौन ड्रामा कर रहा है?**

विक्की जैन, मुनव्वर फारुकी और अभिषेक कुमार - ये तीनों जैसा भी खेल रहे हैं, कम से कम कुछ कर तो रहे हैं। मेरे हिसाब से ये तीनों ही अच्छा खेल रहे हैं। वही खानजादी और मन्नारा फेक कंटेस्टेंट हैं। ये दोनों काफी ड्रामा कर रही हैं।

# करण जौहर से मतभेद हुआ तो बुरा वक्त देखा सलमान ने दिया सहारा

कल हो ना हो, सलाम ए इश्क, चांदनी चौक टू चाइना और बाटला हाउस जैसी फिल्म बनाने वाले फिल्ममेकर निखिल आडवाणी एक वक्त पर करण जौहर के बहुत अच्छे दोस्त थे। दोनों ने साथ मिलकर कई फिल्में बनाईं। हालांकि कल हो ना हो के बाद दोनों के बीच मतभेद हो गए। इसके बाद निखिल को फिल्में मिलनी बंद हो गईं। तीन साल बाद सलमान ने उन्हें फिल्म 'सलाम ए इश्क' डायरेक्ट करने का मौका दिया जिससे निखिल की गाड़ी फिर पटरी पर आ सकी। निखिल ने फिर अक्षय कुमार के साथ काम करना शुरू किया। अक्षय ने निखिल को लाइफ में एक खास मंत्र दिया जो वे आज तक नहीं भूल पाते हैं। निखिल ने कहा कि एक वक्त पर इंडस्ट्री के लोग उनका फोन नहीं उठाते थे, आज एक बार में जवाब देते हैं।

**करण जौहर और निखिल के बीच विवाद क्यों हुआ?**

निखिल आडवाणी और करण जौहर स्कूल फ्रेंड थे। निखिल ने करण की कई फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया। 2003 में करण ने निखिल को पहली बार फुल फ्लेज्ड फिल्म डायरेक्ट करने का मौका दिया। ये फिल्म थी शाहरुख खान, सैफ अली खान और प्रीति जिंटा स्टारर कल हो ना हो। रिलीज होने के बाद फिल्म बहुत बड़ी हिट साबित हुई। फिल्म को दो नेशनल अवॉर्ड और कई फिल्म फेयर अवॉर्ड मिले थे। ये उस साल की सबसे ज्यादा पैसे कमाने वाली फिल्म थी। हालांकि इसके बाद करण जौहर और निखिल के बीच किसी बात को लेकर इगो क्लैश हो गया। निखिल की धर्मा प्रोडक्शन से राहें जुदा हो गईं। इसकी वजह से तीन साल तक निखिल के पास काम नहीं था।

**मुश्किल वक्त में सलमान ने मेरे ऊपर हाथ रखा**

निखिल ने कहा, 'कल हो ना बनाने के बाद मेरे और करण जौहर के बीच विवाद हो गया है। मुझे फिल्में मिलनी बंद हो गई थीं। उस वक्त सलमान खान ने मेरे ऊपर अपना हाथ रखा। उन्होंने मुझे सलाम ए इश्क डायरेक्ट करने का मौका दिया। कुछ-कुछ होता है के टाइम पर हम लोगों ने साथ काम किया था। हम दोनों एक दूसरे से काफी हद तक परिचित थे। सलमान खान की वजह से सलाम ए इश्क में अनिल कपूर, प्रियंका चोपड़ा और गोविंदा जैसे बड़े स्टार ने काम किया था। सलमान ने अगर किसी फिल्म के लिए हां बोल दी, तो फिल्म की स्टारकास्ट अपने आप काम करने को तैयार हो जाती है।

**जब फिल्म की धज्जियां उड़ती हैं तो बुरा लगता है**

निखिल ने आगे कहा, 'प्रोड्यूसर-डायरेक्टर जो यह कहते हैं कि उन्हें बॉक्स ऑफिस नंबर्स से फर्क नहीं पड़ता तो वे झूठ बोलते हैं। फिल्म रिलीज के दिन जब आप सुबह रिव्यूज पढ़ते हैं, लोग जब आपकी फिल्म की धज्जियां उड़ाते हैं तो बहुत बुरा लगता है। इसलिए उस वक्त आपके पास अच्छे लोग होने चाहिए, ताकि उस स्थिति में वे आपका सपोर्ट सिस्टम बनकर रहें।'

**करण और निखिल के बीच अब रिश्ते सुधरे**

निखिल आडवाणी ने कहा कि उनके और करण जौहर के बीच जो मतभेद थे वो अब खत्म हो गए हैं। निखिल ने कहा, 'हम दोनों अब आगे बढ़ चुके हैं। हम दोनों एक दूसरे के काम का सम्मान करते हैं। करण जब भी मेरा फोन उठाते हैं तो मैं इसकी जानकारी ट्विटर पर जरूर देता हूं। उन्होंने धर्मा प्रोडक्शन को ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनके पिता यश जौहर जहां भी होंगे अपने बेटे पर जरूर गर्व कर रहे होंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि करण भी हमारे प्रोडक्शन हाउस के बारे में अच्छा सोचते होंगे।'



# हाउसफुल-5 की स्टार कास्ट को लेकर साजिद नाडियाडवाला ने दिया बयान



साजिद नाडियाडवाला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हाउसफुल-5 को लेकर चर्चाओं में हैं। यह भारत की पहली ऐसी फ्रेंचाइजी फिल्म है जिसका 5वाँ भाग बनाया जा रहा है। और सबसे बड़ी बात यह है कि इसका मुख्य नायक हर भाग में वही रहा है अक्षय कुमार। इस फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर मीडिया में कई प्रकार के समाचार आते रहे हैं, जिन पर अब साजिद ने आधिकारिक रोक लगाने का प्रयास किया है। फिल्म को बनाने जा रही कंपनी नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज से शनिवार को एक पोस्ट साझा किया, जिसमें मीडिया हाउसों से हाउसफुल 5 के कलाकारों के संबंध में कोई भी घोषणा करने से बचने का अनुरोध किया गया। नोट में लिखा है, 卐हाउसफुल 5 में स्टार कास्ट के बारे में कई अटकलें चल रही हैं, हम मीडिया हाउस से अनुरोध करते हैं कि कृपया इस स्तर पर कोई भी समय से पहले घोषणा करने से बचें। हम जल्द ही आधिकारिक तौर पर स्टार कास्ट की घोषणा करेंगे। बता दें कि जून में निर्माताओं ने हाउसफुल 5 की घोषणा की थी। हाउसफुल फ्रेंचाइजी के प्रमुख अभिनेता अक्षय कुमार के साथ प्रोडक्शन हाउस ने इंस्टाग्राम पर आगामी फिल्म का एक पोस्टर जारी किया था। पोस्टर पर लिखा था, साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5, जिसका निर्देशन तरुण मनसुखानी ने कर रहे हैं। भारत की सबसे बड़ी कॉमेडी फ्रेंचाइजी वापस आ गई है। वहीं, अक्षय कुमार ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा था, पांच गुना पागलपन के लिए तैयार हो जाइए। आप सभी के लिए साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 5 लेकर आ रहे हैं। निर्देशक तरूण मनसुखानी। दिवाली 2024 पर सिनेमाघरों में मिलते हैं। बता दें कि तरुण मनसुखानी को प्रियंका चोपड़ा, अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम अभिनीत फिल्म दोस्ताना के निर्देशन के लिए जाना जाता है।

# आर्या ने मेरे अंदर एक कलाकार की प्यास को फिर से जगा दिया है

सुष्मिता सेन ने खुलासा किया है कि वेब सीरीज आर्या उनका बेस्ट काम नहीं है। उनके पास दर्शकों को पेश करने के लिए और भी बहुत कुछ है। सुष्मिता सेन एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्हें अपने शो आर्या के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपने एक्टिंग स्किल्स को दिखाने का शानदार मौका मिला है। टीम के दो शानदार सीजन रहे हैं और अब वे अपने तीसरे सीजन के साथ वापस आ गई हैं, जो 3 नवंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ। एक्ट्रेस ने अपने तीसरे सीजन के साथ आने वाले शो के बारे में बात की, इसका उनकी फिल्मोग्राफी पर क्या प्रभाव पड़ा है और भी बहुत कुछ। उन्होंने कहा, सब कुछ। मेरे पास राम माधवानी जैसा इंस्टिट्यूट था, जो मुझे एक फिल्म के 40 दिन से अधिक नहीं बल्कि तीन सीजन के 60-60-60 दिन और आने वाले समय के बारे में सिखाते थे। एक कलाकार के तौर पर मैं बड़ी हुई हूं। लेकिन अगर आप कहें कि यह मेरा बेस्ट काम है, तो मैं कहूंगी नहीं। अभी बहुत कुछ आना बाकी है। इसने मेरे अंदर एक कलाकार की प्यास को फिर से जगा दिया है। मुझे ऐसे महान अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला, जिनके साथ आप उचित तैयारी के बिना काम नहीं कर सकते। मेरे पास कई हिट गाने, हिट फिल्में थीं, लेकिन मेरे जीवन में कभी आर्या नहीं थी। इसने मेरी फिल्मोग्राफी में बहुत कुछ जोड़ा है। शो के तीसरे सीजन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही वजह है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं। हमने बहुत ईमानदारी से एक कहानी कही है। हम तीसरे सीजन के लिए बहुत उत्साहित हैं। हमें पहले दो सीजन के लिए बहुत प्यार मिला है। यही कारण है कि हम सीजन 3 लेकर आए हैं।


# दोबारा शाहिद संग स्क्रीन साझा करेंगी कुब्रा

जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के जन्मदिन के मौके पर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा की थी, जिसमें शाहिद कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। दशहरे के मौके पर निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म के टाइटल देवा का खुलासा किया। इस दौरान फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा किया गया। शाहिद कपूर स्टारर यह फिल्म अगले साल रिलीज होगी। अब फिल्म को लेकर एक और खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री कुब्रा सैत इस फिल्म में नजर आ सकती हैं। सेक्रेड गेम्स से पहचान पाने वाली अभिनेत्री कुब्रा सैत एक बार फिर शाहिद कपूर के साथ इस फिल्म में स्क्रीन साझा करते हुए नजर आ सकती हैं। दोनों साथ में शाहिद की पहली वेब सीरीज फर्जी में दिखाई दिए थे। सूत्रों के अनुसार, कुब्रा सैत इस सीरिज के साथ एक बार फिर शाहिद कपूर के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। कुब्रा से जुड़े एक करीबी सूत्र ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि कुब्रा सैत फिल्म देवा में दिखाई देंगी। फिल्म में शाहिद कपूर एक पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएंगे। कुब्रा सैत के किरदार को लेकर फिलहाल कोई खुलासा नहीं हुआ है। बता दें कि पूजा हेगड़े इस थ्रिलर फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी, लेकिन बाकी कलाकारों को लेकर कोई भी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी गई है। दशहरा के के मौके पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए शाहिद कपूर ने देवा की रिलीज डेट को लेकर भी अहम जानकारी दी थी। शाहिद के मुताबिक उनकी फिल्म देवा अगले वर्ष दशहरा 2024 के दिन सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# भूल भुलैया 2 के सीक्वल के लिए बज्मी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं कार्तिक

बॉलीवुड फिल्म निर्माता अनीस बज्मी ने नो एंट्री से लेकर भूल भुलैया 2 तक उन्होंने कई फिल्में दी हैं। कार्तिक आर्यन और अनीस बज्मी ने भूल भुलैया 2 में एक साथ काम किया था। फोटो के जरिए कार्तिक ने अनीस के साथ फिर से काम करने की ओर इशारा किया। अनीस बज्मी के साथ प्यारी तस्वीर साझा करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा, मेरे ब्लॉकबस्टर निर्देशक अनीस बज्मी सर को जन्मदिन की शुभकामनाएं। अपने सेट पर वापस आने और आपसे एक्शन सुनने और जादू पैदा करने का इंतजार नहीं कर सकता। दिल छू लेने वाली तस्वीर में कार्तिक बज्मी को पीछे से गले लगाते हुए कैद हुए। दोनों के चेहरे पर मुस्कुराहट थी। अभिनेता ने डेनिम जैकेट पहनी हुई थी, वहीं फिल्म निर्माता ने साधारण काला, रिब्ड स्वेटर पहना हुआ था। सोशल मीडिया पर फैंस ने भी अपना उत्साह व्यक्त किया। फैंस का कहना है कि कार्तिक आर्यन के कैप्शन ने संकेत दिया है कि वह भूल भुलैया 2 के बहुप्रतीक्षित सीक्वल के लिए बज्मी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। एक यूजर ने लिखा, वह भूल भुलैया 3 के लिए इंतजार नहीं कर सकते। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, एक और ब्लॉकबस्टर फिल्म आने वाली है। भूल भुलैया 2 हॉरर कॉमेडी है, जिसमें कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए थे। इससे पहले अनीस बज्मी भूल भुलैया 3 के बारे में कुछ जानकारियां दी थीं। फिल्म निर्माता ने दावा किया कि तीसरा भाग अभी भी लेखन प्रक्रिया में है और इसलिए इसे किया जाएगा। इसे पूरा करने के लिए कुछ और समय लगेगा।



# शादी के लिए सही जीवन साथी खोजने की कोई उम्र नहीं होती



मृणाल ठाकुर की शादी की खबरें सामने आ रही हैं। उम्मीद है कि वो जल्द ही एक तेलुगु एक्टर के साथ शादी के बंधन में बंध सकती हैं। ये खबर लाइमलाइट में तब आई जब एक अवॉर्ड सेरेमनी से जुड़ा एक वीडियो सामने आया है कि जिसमें प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने मृणाल की जल्दी शादी की कामना की है। हालांकि उन्होंने उस तेलुगु एक्टर के नाम का खुलासा नहीं किया है। हाल ही में मृणाल को एक अवॉर्ड सेरेमनी में फिल्म सीता रामम के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था। इस सेरेमनी के दौरान फिल्म प्रोड्यूसर अल्लू अरविंद ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा- मुझे उम्मीद है कि आपको जल्द ही एक पति मिल जाएगा और आप हैदराबाद शिफ्ट हो जाएंगी। एक बार इंटरव्यू में मृणाल ने कहा था कि वो शादी पर भरोसा करती हैं। उन्होंने आगे कहा था- इसकी वजह ये है कि मेरे आस-पास लगभग सभी लोगों की शादियां सफल रही हैं। बस हमें यह महसूस करने की जरूरत है कि हमें उस व्यक्ति से शादी करें, जो हमारे लिए बना हो। अब वह व्यक्ति आपको 18 से 20, 30 से 40, 50 से 60 की उम्र में मिल सकता है। मृणाल ने आगे कहा था कि शादी के लिए सही जीवन साथी खोजने की कोई उम्र नहीं होती। जब आपको सही पार्टनर मिल जाए, तभी आपको शादी कर लेनी चाहिए। 3 नवंबर को रिलीज हुई फिल्म आंख मिचौली में मृणाल लीड रोल में दिखाई दी हैं।